e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com

रांची संस्करण

हिन्दी दैनिक

प्रभात मंत्र

वर्ष 10, अंक 258

गुरुवार

21.09.2023

RNI No. - JHAHIN/2014/59110

prabhatmantra.com

पृष्ठ 12 । मूल्य 4 रुपये

पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2021-23

सुविचार

गुस्से में कभी गलत मत बोलो, मूड तो ठीक हो ही जाता है, पर बोली हुई बातें वापस नही आती !

ताजा खबरों के लिए देखें

रांची का तापमान

अधिकतम 27°

न्युनतम 23°

क्विक न्यूज

प्रधानमंत्री ने नुआखाई जुहार पर दी शुभकामनाएं

नई दिल्ली : प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को नुआखाई जुहार पर शुभकामनाएं दी। उन्होंने इसे देश के मेहनती किसानों के प्रति आभार व्यक्त करने का अवसर बताया। प्रधानमंत्री ने एक्स पर पोस्ट में लिखा कि नुआखाई पर बधाई, यह हमारे किसानों की कड़ी मेहनत की सराहना करने का अवसर है। मैं सभी की खुशी और कल्याण के लिए प्रार्थना करता हूं। नुआखाई जुहार।

असम में लगाये गये एक करोड़ से अधिक वृक्ष

गुवाहाटी : असम में एक करोड़ से अधिक वृक्ष लगाए गए। आज मुख्यमंत्री डॉक्टर हिमंत बिस्व सरमा ने सोशल मीडिया के जरिए कहा कि अमृत वृक्ष आंदोलन असम सरकार द्वारा राज्य में हरित आवरण बढ़ाने और वृक्ष अर्थव्यवस्था को विकसित करने के उद्देश्य से किया गया। यह उल्लेखनीय पहलों में से एक है। इस कार्यक्रम के तहत अब तक राज्य भर में 1 करोड़ से अधिक पौधे लगाए गए हैं। मैं (मुख्यमंत्री) असम के लोगों को उनके सहयोग और सक्रिय भागीदारी के लिए तहे दिल से धन्यवाद् और आभार व्यक्त करना चाहता हूं।

मनीष सिसोदिया कोर्ट में हुए पेश

नई दिल्ली : दिल्ली आबकारी घोटाला के सीबीआई से जुड़े मामले में दिल्ली के पूर्व उप-मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया बुधवार को राऊज एवेन्यू कोर्ट में पेश हुए। कोर्ट ने सीबीआई को चार्जशीट से जुड़े दस्तावेज आरोपितों को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। मामले की अगली सुनवाई 19 अक्टूबर को होगी। कोर्ट ने 22 अगस्त को मनीष सिसोदिया को विधायक निधि से विकास कार्यों के लिए पैसा जारी की इजाजत दे दी थी। 25 अप्रैल को सीबीआई ने इस मामले में दिल्ली में पूरक चार्जशीट दाखिल किया था। सीबीआई ने इस मामले में मनीष सिसोदिया को भी आरोपित बनाया था। पूरक चार्जशीट में मनीष सिसोदिया के अलावा बुची बाबू, अर्जुन पांडेय और अमनदीप ढल को आरोपित बनाया गया। बुची बाबू तेलंगाना के मुख्यमंत्री केसी राव की बेटी के. कविता के सीए रह चुके हैं। सिसोदिया को सीबीआई ने 26 फरवरी को गिरफ्तार किया था।

ईडी ने अवैध खनन मामले में बच्चू यादव के दोनों भांजों को भेजा समन

रांची : प्रवर्तन निदेशालय ने अवैध खनन मामले में साहिबगंज के गोरा संजय और काला संजय को एक नया समन जारी किया है। ईडी ने उन्हें साहिबगंज के अवैध खनन मामले में 27 सितम्बर को ईडी के रांची जोनल स्थित क्षेत्रीय कार्यालय में उपस्थित होने को कहा है।इससे पहले भी ईडी ने दोनों को पूछताछ के लिए बुलाया था लेकिन दोनों उपस्थित नहीं हुए। गोरा संजय और काला संजय बच्चू यादव के भांजे हैं। ईडी को जानकारी मिली है कि बच्चू यादव की अवैध खनन से अर्जित संपत्ति का निवेश उसके दोनों रिश्तेदारों ने किया है। ईडी ने बैंक खातों के ट्रांजेक्शन से जुड़े साक्ष्य और निवेश की जानकारी जुटाई है। इसी आधार पर दोनों को ईडी ने समन किया है।

मणिपुर में भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद बरामद

इंफाल : अशांत मणिपुर में अवैध आग्नेयास्त्रों के खिलाफ पुलिस का अभियान लगातार जारी है। मणिपुर पुलिस ने आज बताया है कि अभियान के तहत पुलिस ने मंगलवार को राज्य के कई हिस्सों में छापेमारी की। अभियान के दौरान सुरक्षा बलों ने मणिपुर के बिष्णुपुर, चुराचांदपुर और थौबल जिलों के विभिन्न इलाकों में छापेमारी के दौरान भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद सहित भारी मात्रा में विस्फोटक सामग्री बरामद की। मणिपुर पुलिस के अनुसार, अभियान के दौरान थौबल जिले से दो बंदूकें, 15 गोलियां और तीन शक्तिशाली बम बरामद किए गए। इन हथियारों और विस्फोटकों को बाद में जब्त कर लिया गया।

महिला आरक्षण बिल लोकसभा से पास

बिल के पक्ष में 454 वोट, जबकि विरोध में 2 वोट पड़े

एजेंसी

नई दिल्ली : महिला आरक्षण बिल (नारी शक्ति वंदन अधिनियम बिल) को लोकसभा से मंजूरी मिल गई. बिल पर पर्ची से वोटिंग हुई. बिल के पक्ष में 454 वोट जबकि विरोध में दो वोट पड़े. वोटिंग के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी मौजूद रहे.अब बिल को राज्यसभा में पेश किया जाएगा.संसद के विशेष सत्र में महिला आरक्षण बिल पर चर्चा में बुधवार को करीब 60 सांसदों ने भाग लिया. इस दौरान ज्यादातर विपक्षी पार्टियों ने संसद और विधानसभा में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने वाले इस बिल का समर्थन किया, साथ ही इसे जल्द लागू करने और ओबीसी कोटा शामिल करने की मांग की. वहीं सरकार ने इसे बड़ा कदम बताते हुए कहा कि जनगणना और परिसीमन जरूरी है. बिल पर चर्चा के दौरान विपक्ष के दावों का केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह, स्मृति ईरानी, अर्जुन मेघवाल समेत अन्य नेताओं ने जवाब दिया. वहीं विपक्ष की तरफ से कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी ने चर्चा की शुरुआत की. इसके बाद एनसीपी की सांसद सुप्रिया सुले, समाजवादी पार्टी की सांसद डिंपल यादव, डीएमके सांसद कनिमोझी और टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा समेत कई महिला विपक्षी सांसदों ने सरकार पर निशाना साधा.राहुल गांधी ने भी इस बिल पर अपनी बात रखी, उन्होंने इसका समर्थन किया. साथ ही मोदी सरकार पर निशाना भी साधा.

महिलाओं को एक तिहाई आरक्षण से संबंधित कानून बहुत जल्द आकार लेगा : अमित शाह

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को लोकसभा में कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव के तुरंत बाद जनगणना और परिसीमन की कार्रवाई पूरी की जाएगी. लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं को एक तिहाई आरक्षण से संबंधित कानून बहुत जल्द आकार लेगा.कहा कि समाज में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने और उनका सम्मान बढ़ाने के लिए हम ये बिल लेकर आए हैं. उन्होंने कहा कि मैं कुछ बातों का जवाब देना चाहूंगा. मैं किसी भी दल के खिलाफ बोलना नहीं चाहता. लेकिन ये ऐसा मौका है, जब ये संदेश देने की जरूत है कि महिलाओं के आरक्षण के लिए पूरा देश एकमत है. उन्होंने कहा कि ये संविधान संशोधन पांचवीं बार पेश हुआ है, इससे पहले 4 बार पेश हुआ था. लेकिन तब ऐसा क्या हुआ कि ये पास नहीं हो पाया. देवगौड़ा जी से लेकर मनमोहन सिंह जी ने प्रयास किया, लेकिन ये पास नहीं हुआ, आखिर ऐसी कौन सी वजह थी. क्या मंशा अधूरी थी या कुछ लोगों ने इसे पास नहीं होने दिया ? श्री शाह ने कहा कि आज दुनियाभर में विमान उड़ाने वाले पायलटों में महिलाओं की संख्या 5 फीसदी है, लेकिन भारत में 15 फीसदी है, ये पिछले 10 साल में हुआ है. उन्होंने कहा कि हम जो बिल लेकर आए हैं, कई महिला सांसदों ने कहा कि महिला को रिजर्वेशन देकर नीचा नहीं दिखाना चाहिए, क्योंकि महिला भी उतनी ही सशक्त है, जितने पुरुष. उन्होंने कहा कि महिला पुरुषों से ज्यादा सशक्त हैं, लेकिन समाज में ऐसी व्यवस्था बनी हुई है,

राजीव गांधी का सपना था महिला आरक्षण विधेयक : सोनिया गांधी

कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी ने बुधवार को संसद के विशेष सत्र के तीसरे दिन लोकसभा में महिला आरक्षण विधेयक पर चर्चा शुरू की। सोनिया गांधी ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम 2023 विधेयक को अपना समर्थन देते हुए इसे तत्काल लागू करने की मांग की। उन्होंने कहा कि विधेयक को लागू करने में देरी करना देश की महिलाओं के साथ घोर अन्याय है। कहा कि महिला आरक्षण विधेयक राजीव गांधी का सपना था।कहा कि स्थानीय निकायों में स्त्रियों की भागीदारी तय करने वाला संविधान संशोधन विधेयक पहली बार उनके जीवनसाथी राजीव गांधी ही लाए थे। यह उनकी जिंदगी का बहुत ही मार्मिक क्षण है।आज देशभर के स्थानीय निकायों के जरिए हमारे पास 15 लाख चुनी हुई महिला जनप्रतिनिधि हैं। जब यह कानून पूर्णरूप से लागू हो जाएगा तो राजीव गांधी का सपना भी पूरा हो जाएगा। सोनिया ने कहा कि पिछले 13 वर्षों से भारतीय स्त्रियां अपनी राजनीतिक जिम्मेदारी का इंतजार कर रही हैं। उन्होंने कहा कि भारत की स्त्री के हृदय में महासागर जैसा धीरज है। स्त्री की मेहनत, स्त्री की गरिमा और स्त्री के त्याग की पहचान करके ही हम लोग मनुष्यता की परीक्षा में पास हो सकते हैं। आजादी की लड़ाई और नए भारत के निर्माण में हर मोर्चे पर वह पुरुष के साथ कंधे से कंधा मिलाकर लड़ती रही हैं। स्त्री के धैर्य का अंदाजा लगाना नामुमकिन है।सोनिया ने कहा कि भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की मांग है कि ये बिल फौरन अमल में लाया जाए और इसके साथ ही जातिगत जनगणना करवाकर एससी,एसटी और ओबीसी वर्ग की महिलाओं के लिए आरक्षण की व्यवस्था की जाए।

मुख्यमंत्री ने भवन निर्माण की राशि गबन करने वाले सहायक अभियंता के खिलाफ दी अभियोजन की स्वीकृति

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची : मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान बरही के भवन निर्माण कार्य के क्रियान्वयन में सरकारी पद का दुरूपयोग,अपराधिक षडयंत्र धोखाधड़ी एवं प्रक्रियाओं का उल्लंघन करते हुए सरकारी राशि के गबन करने के अभियुक्त सुनील कुमार, तत्कालीन सहायक अभियंता, ग्रामीण विशेष प्रमंडल के विरुद्ध अभियोजन स्वीकृत्यादेश दिया है। वादी डुमरीडीह कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, हजारीबाग के बयान के आधार पर उपरोक्त वर्णित अभियुक्त के विरुद्ध हजारीबाग जिलान्तर्गत बरही थाना कांड संख्या-379/2013 धारा 406 के अंतर्गत दर्ज किया गया है एवं अनुसंधान के क्रम में धारा-34 का समावेश किया गया है।

17 लाख से अधिक राशि के गबन का आरोप: मामले में वादी द्वारा इस प्रमण्डल के औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान बरही के भवन निर्माण कार्य मद में विभागीय तौर पर अग्रिम राशि देकर कार्य कराया जा रहा था। अभियुक्त के द्वारा वर्णित कार्य के विरूद्ध एक करोड़ 27 लाख रूपया मात्र अग्रिम राशि ली गई थी। एक करोड़ 27 लाख रूपया अग्रिम के विरुद्ध एक करोड़ नौ लाख 84 हजार 837 सौ रूपया समायोजन किये जाने के पश्चात् शेष असमायोजित राशि 17,17,167 रूपये अभियुक्त के नाम पर अभी तक लंबित पाया गया जो सरकारी राशि के गबन का मामला बनता है।

भू-माफियाओं से सांठगांठ में दो दारोगा निलंबित

प्रभात मंत्र संवाददाता

रामगढ़ : भू-माफियाओं के साथ सांठगांठ मामले में एसपी ने दो दारोगा को निलंबित कर दिया है। इनमें बासल थाना प्रभारी विकास आर्यन और रामगढ़ थाना के सब इंस्पेक्टर श्याम नंदन सिंह हैं। दोनों 18 सितंबर को मरार मौजा के खाता नंबर एक प्लॉट नंबर 1423 की सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा करने के लिए गए हुए थे। इसकी पुष्टि एसडीओ और सीडीपीओ की जांच रिपोर्ट से हो गई है। एसपी पीयूष पांडे ने जांच रिपोर्ट आने के बाद कार्रवाई की है। सरकारी जमीन पर अवैध कब्जे की सूचना पर डीसी चंदन कुमार ने सख्त रवैया अपनाया था। उन्होंने तत्काल इस मामले में जांच करने का आदेश एसडीओ को दिया। साथ ही एसपी से भी जांच रिपोर्ट मांगी। उनके कड़े तेवर देखकर अधिकारी आनन-फानन में सरकारी जमीन पर अवैध निर्माण हो रहे स्थल की जांच की और इसकी जांच रिपोर्ट भी सौंप दी। 24 घंटे के अंदर ही यह स्पष्ट हो गया कि जीम लैंड पर अवैध कब्जा किया जा रहा था। अब इसकी जांच हो रही है कि उस सरकारी जमीन पर किस नाम से जमाबंदी कायम है। यदि वह जमाबंदी भी फर्जी निकला तो उसे भी रद्द करने का आदेश जल्द निकल जाएगा।

सांसद या विधायक वोटिंग के लिए रिश्वत लें, तो क्या तब भी नहीं चलेगा मुकदमा ?

एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट ने संविधान पीठ को सौंपा मामला

नई दिल्ली : सांसदों और विधायकों के विशेषाधिकार से जुड़े एक अहम सवाल को सुप्रीम कोर्ट ने 7 जजों की संविधान पीठ को बुधवार को सौंप दिया. कोर्ट यह तय करेगा कि अगर सांसद या विधायक सदन में मतदान और भाषण के लिए रिश्वत लेते हैं तो क्या तब भी उस पर मुकदमा नहीं चलेगा ? साल 1998 का नरसिम्हा राव फैसला सांसदों को मुकदमे से छूट देता है. इसी फैसले पर दोबारा विचार होगा. चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अगुवाई वाली पांच सदस्यीय संविधान पीठ ने कहा कि वह मामले पर नए सिरे से सुनवाई के लिए सात सदस्यीय बेंच गठित करेगी.साल 2019 में तत्कालीन सीजेआई रंजन गोगोई की अगुवाई वाली पीठ ने इस अहम प्रश्न को पांच सदस्यीय पीठ के पास भेजते हुए कहा था कि इसके व्यापक प्रभाव हैं. यह सार्वजनिक महत्व का सवाल है. तीन सदस्यीय पीठ ने तब कहा था कि वह झारखंड में जामा निर्वाचन क्षेत्र से झारखंड मुक्ति मोर्चा की विधायक सीता सोरेन की अपील पर सनसनीखेज झामुमो रिश्वत मामले में अपने फैसले पर पुनर्विचार करेगी.सुप्रीम कोर्ट की पांच सदस्यीय पीठ ने पीवी नरसिम्हा राव बनाम सीबीआई मामले में 1998 में दिए अपने फैसले में कहा था कि सांसदों को सदन के भीतर कोई भी भाषण और वोट देने के लिए आपराधिक मुकदमा

महिला आरक्षण बिल लैंगिक न्याय के लिए हमारे दौर की सबसे परिवर्तनकारी क्रांति : राष्ट्रपति

एजेंसी

नई दिल्ली : राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सरकार द्वारा लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने वाला विधेयक पेश किए जाने के बाद कहा कि यह लैंगिक न्याय के लिए ''हमारे दौर की सबसे परिवर्तनकारी क्रांति होगा।'' मुर्मू यहां विज्ञान भवन में एशिया प्रशांत के राष्ट्रीय मानवाधिकार संस्थानों के द्विवार्षिक सम्मेलन का उद्घाटन करने के बाद लोगों को संबोधित कर रही थीं। महिला आरक्षण विधेयक नये संसद

भवन में मंगलवार को पेश किया गया पहला विधेयक था। राष्ट्रपति ने कहा, हमने स्थानीय निकाय के चुनावों में महिलाओं के लिए न्यूनतम 33 प्रतिशत आरक्षण सुनिश्चित किया है. एक और सुखद संयोग है कि राज्य विधानसभाओं और देश की संसद में महिलाओं के लिए ऐसा ही आरक्षण देने वाला एक प्रस्ताव अब आगे बढ़ रहा है। यह लैंगिक न्याय के लिए हमारे दौर की सबसे परिवर्तनकारी क्रांति होगा। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि संहिताबद्ध कानून से भी अधिक हर मायने में मानवाधिकार सुनिश्चित करना अंतरराष्ट्रीय समुदाय का नैतिक दायित्व है। राष्ट्रपति बुधवार को यहां मानवाधिकार पर एशिया प्रशांत फोरम की वार्षिक आम बैठक और द्विवार्षिक सम्मेलन के उद्घाटन सत्र को संबोधित कर रही थीं। इस अवसर पर राष्ट्रपति ने सभी से आग्रह किया कि वे मानवाधिकारों के मुद्दे को अलग-थलग न करें और प्रकृति की देखभाल पर भी उतना ही ध्यान दें, जो मानव के अविवेक से बुरी तरह आहत है। उन्होंने कहा कि भारत में हम मानते हैं कि ब्रह्मांड का प्रत्येक कण दिव्यता की अभिव्यक्ति है। इससे पहले कि बहुत देर हो जाए हमें प्रकृति के संरक्षण और संवर्धन के लिए अपने प्रेम को फिर से जगाना चाहिए।

वायु सेना की हथियार प्रणाली शाखा को पहली बार सरकार से मिली मंजूरी

एजेंसी

नई दिल्ली : एयर चीफ मार्शल वीआर चौधरी ने कहा है कि देश की आजादी के बाद पहली बार भारतीय वायुसेना की हथियार प्रणाली शाखा (वेपन सिस्टम ब्रांच) को सरकार से मंजूरी मिल गई है। अब भारतीय वायु सेना आर्मेनिया, स्पेन और आइवरी कोस्ट में अतिरिक्त रक्षा अताशे के रूप में अपने अधिकारियों को तैनात करेगी। इसी तरह अमेरिकी प्रशांत वायु

कमान में भी संपर्क अधिकारी के रूप में वायु सेना का एक प्रतिनिधि तैनात किया जाएगा। वायु सेना प्रमुख चौधरी बुधवार को नई दिल्ली में एक कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने इस बात पर खुशी जताई कि सरकार से पहली बार वायु सेना को अपनी हथियार प्रणाली शाखा की स्थापना करने के लिए मंजूरी मिली है। इस शाखा में शामिल होने को लेकर उम्मीदवारों के चयन के लिए कुछ सप्ताह पहले एएफसीएटी परीक्षा आयोजित की गई थी। उन्होंने बताया कि लगभग 33 अधिकारियों का पहला बैच अगले साल की शुरुआत में अकादमी में शामिल होगा और अगले साल के अंत में हथियार प्रणाली के रूप में कमीशन प्राप्त करेगा। उन्होंने कहा कि इस समय 155 महिला अग्निवीर बेलगाम (कर्नाटक) के भारतीय वायु सेना प्रशिक्षण केंद्र में प्रशिक्षण ले रही हैं। वायुसेना में अभी तक तीन ब्रांच का परिचालन होता है, जिनमें फ्लाइंग ब्रांच, टेक्निकल ब्रांच और ग्राउंड ड्यूटीज ब्रांच हैं। आजादी के बाद पहली बार वायुसेना में चौथी एवं एक नई परिचालन हथियार प्रणाली शाखा का गठन किया जा रहा है। यह ब्रांच विमानों में हथियार प्रणाली का संचालन करेगी।

कनाडा में रहने या वहां की यात्रा करने वाले भारतीयों के लिए भारत सरकार ने जारी की एडवाइजरी

एजेंसी

नई दिल्ली : कनाडा में रहने या वहां की यात्रा करने वाले भारतीयों और भारतीय छात्रों के लिए भारत सरकार ने एडवाइजरी जारी की है. कनाडा में बढ़ती भारत विरोधी गतिविधियों,आपराधिक हिंसा और घृणा-अपराधों के मद्देनज़र अत्यधिक सतर्कता बरतने की सलाह दी गई है. एडवाइजरी में भारत विरोधी एजेंडा का विरोध करने के कारण भारतीय राजनयिकों और भारतीयों के एक वर्ग को निशाना बनाए जाने का भी जिक्र है. कनाडा में ऐसी जगहों की यात्रा से बचने की सलाह दी गई है, जहां ऐसी वारदात हुई हैं. कनाडा में गिरती कानून व्यवस्था के मद्देनज़र भारतीय छात्रों को खास एहतियात बरतने की सलाह दी हई है. भारतीयों और भारतीय छात्रों को मदद एप्प के ज़रिए ओटावा भारतीय उच्चायोग, वैंकूवर, टोरंटो कांसुलेट्स में रजिस्टर करने की सलाह दी गई है.कनाडा ने अपने नागरिकों के लिए ट्रैवल एडवाइजरी लागू की थी. विवाद के बीच कनाडा ने अपने नागरिकों को भारत की यात्रा को लेकर सावधानी बरतने की सलाह दी थी. ट्रैवल एडवाइजरी में अपने नागरिकों से कहा था अप्रत्याशित सुरक्षा स्थिति के कारण केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर की यात्रा से बचें.

कृषि के विकास में प्रसंस्करण संस्थान ने निभाई महत्वपूर्ण भूमिका : राज्यपाल

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची : राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने कहा कि राष्ट्रीय कृषि उच्चतर प्रसंस्करण संस्थान ने हमारे देश में कृषि विकास को दिशा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। आईसीएआर-एनआईएसए की सफलता इसके वैज्ञानिकों, शोधकर्ताओं और कर्मियों के समर्पित प्रयासों से ही संभव हो सका। कृषि के प्रति उनकी अटूट प्रतिबद्धता के कारण कई सफलताएं और प्रगति हुई है।राज्यपाल बुधवार को रांची के नामकुम स्थित राष्ट्रीय कृषि उच्चतर प्रसंस्करण संस्थान' के 100वें स्थापना दिवस समारोह में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि संस्थान के जरिये न केवल पारंपरिक और नए मेजबान पौधों का उपयोग करके कुसुमी और लाह की खेती, संग्रह एवं प्रसंस्करण के वैज्ञानिक पद्धति विकसित किया गया है, बल्कि इसने लाह उत्पादकों और प्रसंस्करण से जुड़े व्यक्तियों के आर्थिक उत्थान के लिए इसे प्रसारित करने में भी अहम भूमिका निभाई है। इस संस्थान के जरिये विकसित प्रौद्योगिकियों के 80 प्रतिशत से अधिक लाभार्थी छोटानागपुर क्षेत्र के गरीब और सीमांत जनजातीय

किसान हैं। उन्होंने हर्ष प्रकट करते हुए कहा कि विगत 99 वर्षों में, संस्थान की ओर से विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से 10 लाख से अधिक व्यक्तियों को कौशल प्रदान कर उनके सामाजिक-आर्थिक उन्नयन के लिए प्रयास करना सराहनीय है। राज्यपाल ने कहा कि आज हमारा देश कच्चे लाह के उत्पादन के क्षेत्र में विश्व में अग्रणी उत्पादक है, जिसका वार्षिक उत्पादन 20,000 टन से अधिक है, जो विश्व के कुल उत्पादन का लगभग 80 प्रतिशत है। इसमें झारखंड राज्य का योगदान प्रशंसनीय है। उन्होंने कहा कि कृषि हमेशा हमारे राष्ट्र की रीढ़ रही है। हमारे राज्य में वार्षिक लगभग 1500 मिमी वर्षा होने के बावजूद कृषि के क्षेत्र में कतिपय समस्याएं हैं। हमारे किसानों को उत्पादकता बढ़ाने के लिए प्रौद्योगिकी अपनानी होगी। प्रधानमंत्री किसानों की आय में वृद्धि के लिए निरंतर प्रयासरत है। इसके लिए किसानों को द्वितीयक कृषि पद्धतियों का उपयोग करना चाहिए। संयुक्त राष्ट्र द्वारा वर्ष 2023 को ÷इंटरनेशनल मिलेट ईयर÷ घोषित किया गया है। राज्यपाल ने कहा कि राज्य में कृषि से संबंधित गतिविधियों को बढ़ाया जाना चाहिए। सब्जियों, मसालों, औषधीय पौधों, सुगंधित चावल आदि की जैविक खेती की यहां पूर्ण संभावना है। उन्होंने मत्स्यपालन, मुर्गीपालन के लिए भी प्रेरित किया। उन्होंने आशा व्यक्त करते हुए कहा कि यह संस्थान प्रतिबद्धता से कार्य करते हुए और उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल करेगा। इस दौरान राज्यपाल ने 'लाह कलर एनालायजर' एवं पुस्तिकाओं का विमोचन भी किया।

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
पलामू/गढ़वा
रांची, गुरूवार, 21 सितंबर 2023 | पेज 2

खाना मिला लेकिन पानी नहीं 3 किलोमीटर दौड़कर डीसी आवास पहुंची कस्तूरबा स्कूल की छात्राएं

प्रभात मंत्र संवाददाता

चैनपुर (पलामू) : चैनपुर प्रखंड अंतर्गत कस्तूरबा गांधी आवासीय स्कूल की छात्राए अपनी समस्या के लेकर दौड़ीङ्कदौड़ी डीसी तक पहुंची। इस दौरान कई छात्राएं बीमार भी हो गई, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। डीसी शशि रंजन ने उनकी समस्याओं को सुना और जांच के आदेश दिए। खाना मिला लेकिन पानी नहीं मिला। करीब 12 घंटे तक प्यासे रहने के बाद छात्राओं का सब्र का बांध टूट गया और वे दौड़ते हुए डीसी आवास तक पहुंच गई। इस दौरान छात्राएं करीब 3 किलोमीटर तक दौड़ी और डीसी से मिलने पहुंच गई। छात्रों के आवास पर पहुंचने के बाद डीसी तुरंत बाहर निकले और सभी छात्राओं की समस्याओ को सुना। पूरा मामला चैनपुर प्रखंड के कस्तूरबा गांधी आवासीय स्कूल का है। दरअसल चैनपुर के कस्तूरबा गांधी आवासीय स्कूल में पिछले 1 महीने से जलसंकट है, छात्राओं को पीने के लिए पानी नहीं मिल रहा था। मंगलवार की रात छात्राओं को पीने के लिए पानी नहीं मिल पाया था। सुबह में सभी को नाश्ता मिला मगर पानी नहीं मिला। पानी नहीं मिलने से नाराज छात्रोंओ का सब्र का बांध टूट गया और स्कूल से निकलकर करीब दो दर्जन छात्राएं चैनपुर से दौड़ते हुए मेदिनीनगर स्थित डीसी आवास पहुंची थी। चैनपुर कस्तूरबा गांधी आवासीय स्कूल में 200 के करीब छात्राएं पढ़ती है। चैनपुर कस्तूरबा गांधी आवासीय स्कूल कोयल नदी के तट पर मौजूद है। बावजूद इसके पानी की संकट है। दौड़ने के बाद कुछ छात्राएं बीमार हो गई थी जिनका इलाज एमएमसीएच में किया जा रहा है। छात्राओं का कहना है कि स्कूल में समय पर खाना पानी नहीं मिल पाता है। वही स्कूल के क्लर्क का व्यवहार काफी खराब है। छात्रोंओ ने डीसी आवास के पास पहुंचने के बाद डीसी शशि रंजन तुरंत आवास से बाहर निकले और सभी से मुलाकात की और उनकी समस्याओं को सुना। डीसी ने एंबुलेंस मंगा कर बीमार छात्राओं को अस्पताल भेजा। डीसी शशि रंजन ने बताया कि पूरे मामले में डीआरडीए के निदेशक के नेतृत्व में चार सदस्य जांच कमेटी का गठन किया गया है। जांच रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की जाएगी डीसी ने बताया कि जिले के सभी कस्तूरबा गांधी आवासीय स्कूल के छात्राओं का मेडिकल जांच भी की जाएगी, संबंध में सिविल सर्जन को निर्देश दिए गए हैं। जांच रिपोर्ट के आधार पर दोषी अधिकारी और कर्मियों पर कार्रवाई की जाएगी।

हाइवा की टक्कर से बाइक सवार की मौत

प्रभात मंत्र संवाददाता

हरिहरगंज : थाना क्षेत्र के ढाब चौकठवा के समीप एनएच 98 पर बुधवार को हाइवा की टक्कर से बाइक सवार की मौत हो गई । मृतक की पहचान सीमावर्ती बिहार के ढिबरा थाना क्षेत्र अंतर्गत बरूना गांव निवासी स्व. गणेश सिंह के 43 वर्षीय पुत्र आशुतोष कुमार सिंह के रूप में हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक आशुतोष कुमार सिंह बाइक से छतरपुर की ओर जा रहा था। तभी विपरीत दिशा से आ रही हाइवा ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद हाइवा छोड़ चालक मौके से फरार हो गया। घटना की सूचना के बाद प्रभारी थाना प्रभारी निर्भय कुमार सिंह, एसआई शिवशंकर उरांव, अनूप कुमार व एएसआई संजय कुमार सिंह सदलबल के साथ मौके पर पहुंचे। तथा घायल को सीएचसी पहुंचाया गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया । वहीं पुलिस हाइवा जेएच 03 एएल 1442 को जब्त कर अग्रेतर कार्रवाई में जुट गई है। उधर घटना के बाद मृतक के स्वजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

राष्ट्रीय अंसारी एकता संगठन का किया गया बैठक
बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गये

बिशनपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता): प्रखंड के ग्राम पिपरी कला के मदरसे के मैदान में राष्ट्रीय अंसारी एकता संगठन का दिन मंगलवार को की गई बैठक जिसमें प्रखंड के सभी गांव के लोग बैठक में शामिल हुए सारे लोगों की सहमति से अध्यक्ष सचिव कोषाध्यक्ष मीडिया प्रभारी एवं सदस्य का चयन किया गया राष्ट्रीय अंसारी एकता संगठन को मजबूत बनाने के लिए लोगों में समाज के सुधार एवं शिक्षा को लेकर कमेटी को मजबूत किया जा रहा है वहीं पर ग्रामीणों के बीच अध्यक्ष गयासुद्दीन अंसारी सचिन मकसूद राजा आलम उर्फ आलम बाबू कोषाध्यक्ष फिरोज अंसारी मीडिया प्रभारी अशहर अंसारी उपाध्यक्ष हसमत अंसारी सदस्य,सुभान अंसारी मंसूर अंसारी खुर्शीद आलम उल्फत अंसारी मुबारक अंसारी शमशे आलम सद्दाम अंसारी मुबारक अंसारी गुलाम राजा अब्दुल लतीफ अंसारी वसीम अंसारी मुफ्ती शौकत साहब सिराजुद्दीन अंसारी मुबारक हुसैन सहीमुद्दीन अंसारी रजाक अंसारी सलाउद्दीन अंसारी जमालुद्दीन अंसारी मेराज अंसारी सभी लोग बैठक में शामिल थे।

देवस्थल में पांच दिवसीय गणेश उत्सव के दूसरे दिन भव्य भंडारे का हुआ आयोजन

लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता): देवस्थल प्रांगण में 19 से 23 सितंबर के बीच भव्य गणेश उत्सव का आयोजन किया गया है। आज दूसरे दिन वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पुरोहित सूरज मिश्रा द्वारा गणेश पूजन के उपरांत भव्य भंडारे का आयोजन किया गया। गणेश उत्सव समिति के द्वारा किया गया भंडारे में युवा समाजसेवी आजाद शत्रु के द्वारा सहयोग किया गया था। इसमें बढ़-चढ़कर बच्चे, मातृशक्ति, शांति आश्रम के ब्रम्हचारीगण, शांतिनगर, ब्लॉक कालोनी, पतराटोली, कुटमू, नदिया, हरमू, आदर्श नगर, कोर्ट एरिया समेत शहरी क्षेत्र से श्रद्धालुगण देवस्थल में भगवान गणेश पूजन में आकर दर्शन कर रहे हैं। निरंतर भंडारे का प्रसाद भी वितरण किया जा रहा है। पूजन में समिति के युवा टीम,वरीय सदस्यगण,मातृ शक्ति, अभिभावकों के साथ विभिन्न संगठनों के समाजसेवियों द्वारा आकर सहयोग किया जा रहा है। संध्या महा आरती में भी महिलाओं की संख्या अच्छी खासी जुट रहे हैं। देवस्थल प्रांगण को आकर्षक ढंग से सजाया गया है। गणेश चतुर्थी को धूमधाम से मनाए जाने हेतु समिति के अध्यक्ष श्रेयांश सिद्धार्थ (चीकू), सचिव शुभम गुप्ता, गुड्डुस गुप्ता, धीरज कुमार, उपाध्यक्ष राजकुमार यादव,अरविंद वर्मा,संजय साव, हेमंत राय, सूरज गुप्ता, करण साहू, मोनित कुमार,अनुराग शिखर,कोषाध्यक्ष राजीव कुमार, नीरज कुमार, दिनेश वर्मा,अरुण वर्मा,अमन वर्मा,चंदन यादव, बंशी साहू, शंकर साहू, संदीप यादव, अरुण वर्मा, अमन वर्मा, उत्तम कुमार, पंकज गुप्ता, सूरज मिश्रा, अमित कुमार, सूरज सिंह, ज्योति देवी, बबिता देवी, केसरी देवी, अनुराधा देवी, इंदु देवी, पिंकी देवी, अनीता देवी, मानसी, संजय महतो, राजेश रंजन, पंकज कुमार व अन्य का सराहनीय सहयोग मिल रहा है।

पिपरा में स्वास्थ्य मेले का हुआ आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

हरिहरगंज : पिपरा प्रखंड के दमवा मोड स्थित हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर परिसर में बुधवार को प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया। जिला परिषद सदस्य ददन पासवान प्रखंड प्रमुख विक्रांत सिंह यादव, विधायक प्रतिनिधि संदीप पासवान, मुखिया राजेश राजवंशी, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ0 राजेश कुशवाहा, 20 सूत्री अध्यक्ष रविंद्र कुमार सिंह आदि ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर स्वास्थ्य मेले का उद्घाटन किया। मौके पर वक्ताओं ने कहा कि स्वास्थ्य मेला का उद्देश्य लोगों को अपनी स्वास्थ्य की नियमित जांच कराने को प्रोत्साहित करना है यह सरकार का बेहतर कदम है। स्वास्थ्य मेले में टीकाकरण, कुष्ठ, टीबी, मातृत्व, मलेरिया, फाइलेरिया, अंधापन, नाक, कान, गला, दांत, आयुष, टीकाकरण, दवा वितरण, सभी तरह की जांच समेत सामान्य रोगों के मरीजों का इलाज किया गया। इसके अलावे परिवार नियोजन, आयुष्मान कार्ड का संचालन तथा विभिन्न स्वास्थ्य योजनाओं की जानकारी दी गई। इस अवसर पर डॉ0 अरविंद कुमार, डॉ0 साजिद, डॉ0 विमलेश सिंह बीपीएम संजय कुमार सिंह, परामर्शी मो. इस्लाम अंसारी, बीटीटी संतन मिश्रा, एनसीपी नेता सुनील सिंह, बबलू सिंह, पिंटू सिंह, विकास सिंह, एकाउंट मैनेजर राजकुमार सिंह समेत कई लोग मौजूद थे।

सेवा सप्ताह के चौथे दिन रा. मध्य वि. नगर उंटारी में मेहंदी प्रतियोगिता का किया गया आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

बंशीधर नगर : जायन्ट्स ग्रुप ऑफ बंशीधर नगर द्वारा संचालित जायन्ट्स सेवा सप्ताह के चौथे दिन बुधवार को राजकीय मध्य विद्यालय नगर उंटारी में मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में वर्ग 6 से वर्ग 8 की 21 छात्राएं शामिल हुई.मेहन्दी प्रतियोगिता में छात्राओं ने अपने हाथों में मेहंदी लगाकर अपने कला का प्रदर्शन किया। मेहन्दी प्रतियोगिता में पंखुड़ी कुमारी ने प्रथम, शीतल कुमारी ने द्वितीय तथा वैष्णवी कुमारी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। मेहन्दी प्रतियोगिता के विजेता प्रतिभागियों को जायन्ट्स ग्रुप द्वारा पुरस्कृत किया गया.इस प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि विद्यालय के प्रधानाध्यापक अनिल कुमार विश्वकर्मा ने जायन्ट्स ग्रुप द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम की प्रशंसा करते हुये कहा कि विद्यालयों में प्रतियोगिता आयोजित कराना सराहनीय कार्य है। इससे विद्यालय के बच्चों में छिपी प्रतिभा निखरती है.मौके पर जायन्ट्स ग्रुप ऑफ श्री बंशीधर नगर के अध्यक्ष रंजन कुमार उर्फ छोटू, डॉ धर्मचन्दलाल अग्रवाल, विनोद कुमार, राहुल कुमार जायसवाल, अश्विनी कुमार, बिरेन्द्र प्रसाद कमलापुरी, हीरालाल, विद्यालय के शिक्षक खुशदिल सिंह, आफताब आलम, अनूप कुमार ठाकुर, अनिता कुमारी,सुधा कुमारी सहित सभी प्रतिभागी छात्राएं उपस्थित थे।

खेल से खिलाड़ियों का होता है शारीरिक व मानसिक विकास : महावीर प्रसाद

सेन्हा-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता): सेन्हा प्रखंड क्षेत्र के बरही चटकपुर के लोलस फॉर्म मैदान में एस टी क्लब के सौजन्य से पांच दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन समाजसेवी महावीर प्रसाद ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर खेल को शुभारम्भ कराया। इस अवसर पर उन्होंने कहा खेल से खिलाडियों का मानशिक एवं शारीरिक विकास होता है।और खेल को खेल की भावना से अनुशासन के साथ खेलना चाहिये जिसे टीम को अच्छा प्लेटफार्म मिलता है तो खिलाड़ी गण अपने कैरियर को सवारने का कार्य कर सकते है। आयोजित फुटबॉल प्रतियोगिता में विजेता टीम को पुरस्कार स्वरूप 25 हजार नगद,जर्सी सेट व टॉफी और उपविजेता टीम को पुरस्कार स्वरूप 18 हजार रु जर्सी सेट व टॉफी तथा तृतीय पुरस्कार 12 हजार जर्सी एवं फुटबॉल तथा चतुर्थ पुरस्कार 8 हजार खस्सी प्लस फुटबॉल दिया जाएगा। जबकि पांचवे स्थान से आठवें स्थान प्राप्त करने वाले टीम को एक एक खस्सी और फुटबॉल पुरस्कार रूप प्रदान किया जाएगा। इसी प्रकार बालिका वर्ग को भी पुरस्कार देकर सम्मानित किया जाएगा। आयोजन समिति अध्यक्ष रिझु महतो ने जानकारी देते हुए कहा कि 19 सितंबर से 23 सितंबर तक फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया जाना है। जिसमें बालक वर्ग में 32 टीम और बालिका वर्ग में 16 टीम नामांकन कराया है। साथ ही बताया गया कि प्रतियोगिता समापन के दौरान 23 सितंबर को संस्कृति कार्यक्रम का भी आयोजन किया जायेगा आयोजित मनी सह खस्सी प्रतियोगिता समापन के मुख्य अतिथि विश्व हिन्दू परिषद के जिला अध्यक्ष सह पूर्व जिला परिषद सदस्य रामलखन प्रसाद विशिष्ट अतिथि मुखिया शोभा देवी समाजसेवी महावीर प्रसाद को मनोनीत किया गया है। साथ ही बताया गया कि समापन के अवसर पर खिलाड़ियों के लिये भोजन की भी व्यवस्था आयोजन समिति की ओर से किया जाएगा। खेल प्रतियोगिता उद्घाटन के दौरान समाजसेवी महावीर प्रसाद,अध्यक्ष रिझु महतो,उपाध्यक्ष रमेश उराँव सचिव सुनील उराँव सह सचिव अरविंद साहू कोषाध्यक्ष शंकर ठाकुर शिवचरण साहू सहित सैकड़ो खेलप्रेमी दर्शक उपस्थित थे।

नारी शक्ति वंदना अधिनियम पेश होने की खुशी में भाजपा महिला मोर्चा में हर्ष

प्रभात मंत्र संवाददाता

लोहरदगा : भारतीय संसद में माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा महिला आरक्षण से संबंधित नारी शक्ति वंदना अधिनियम लोकसभा में पेश होने की खुशी में भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा द्वारा उत्सव मनाया गया। साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी को बधाई देते हुए धन्यवाद दिया। मौके पर भाजपा जिला महामंत्री राजकुमार वर्मा, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष कलावती देवी, भारतीय जनता पार्टी जिला उपाध्यक्ष सामेला भगत, मीणा बाखला, भारती सिंह, नीलम श्रीवास्तव, सुशील गुप्ता, विनीत गुप्ता, पूजा गुप्ता,आरती गुप्ता, मीनाक्षी देवी, पूनम देवी, रेणु देवी, लीला देवी, मधु देवी, मीना देवी, विभा देवी, सुनीता देवी, देवमणि देवी, कमला देवी आदि महिलाएं शामिल थी।

जिप अध्यक्ष रीना कुमारी की अध्यक्षता में कार्यकारिणी की हुई बैठक

प्रभात मंत्र संवाददाता

लोहरदगा : रीना कुमारी, अध्यक्ष, जिला परिषद, लोहरदगा की अध्यक्षता में आज जिला परिषद, लोहरदगा के कार्यकारिणी की बैठक जिला परिषद कार्यालय सभागार में आयोजित हुई। बैठक में दिनांक 1.08.2023 को आयोजित बैठक में दिए गए निदेशों के अनुपालन की समीक्षा हुई। जिला परिषद अध्यक्ष द्वारा सभी विभागों को निदेश दिया गया कि जो भी योजनाएं संचालित हो रही और उनके निरीक्षण कार्य की सूचना जिला परिषद के सदस्यों को भी दी जाय। कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय, भंडरा में जलमीनार को ठीक करने के लिए डीएमएफटी से प्रस्ताव उपायुक्त महोदय को भेजे जाने का निर्णय लिया गया। किस्को स्थित एस0एस0 उच्च विद्यालय में पेयजल की व्यवस्था हेतु पीएचईडी, लोहरदगा को पत्राचार किये जाने का निदेश दिया गया। लोहरदगा में प्रबंधक-सह-कार्यपालक अभियंता, झारखंड राज्य भवन निगम लिमिटेड, पीआईयू दक्षिणी छोटानागपुर प्रमण्डल की ओर से किसी पदाधिकारी की नियुक्ति लोहरदगा जिला में कराने हेतु उपायुक्त के माध्यम से प्रस्ताव राज्य सरकार को भेजे जाने का निर्णय लिया गया। कार्यपालक अभियंता, एनआरईपी लोहरदगा के बैठक में अनुपस्थित रहने पर कारण बताओ नोटिस भेजे जाने का निदेश दिया गया। कुडू प्रखंड में 15वें वित्त आयोग के प्रखंड समन्वयक के संबंध में शिकायत पर जिला परिषद अध्यक्ष और मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी के स्तर से कारण बताओ नोटिस देने और मामले का जांच प्रतिवेदन प्रखंड विकास पदाधिकारी और प्रमुख स्तर से समर्पित किये जाने का निदेश दिया गया। पाखर और बगडू क्षेत्र में हिंडाल्को द्वारा खनन कार्य पश्चात गड्ढों को नहीं भरे जाने के मामले में हिंडाल्को इंडस्ट्रीज को शो कॉज दिए जाने का निर्णय सभी सदस्यों की सहमति से लिया गया। किस्को प्रखंड के पंचायतों में 14वें वित्त से बिना निविदा के क्रय किये जाने के मामले की जांच किये जाने का निदेश कार्यपालक दण्डाधिकारी लोहरदगा को दिया गया। आज की बैठक में उप विकास आयुक्त-सह-मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी जय ज्योति सामंता, उपाध्यक्ष विनोद उराँव,वन प्रमण्डल पदाधिकारी अरविंद कुमार, सांसद प्रतिनिधि चंद्रशेखर प्रसाद समेत सभी जिला परिषद सदस्य किस्को संदीप कुमार, सेन्हा जिप सदस्य राधा तिर्की, कुडू पूर्वी की जिप सदस्य गंगोत्री देवी, पेशरार जिप सदस्य रूबी कुमारी, कैरो जिप सदस्य सुखदेव उराँव, सभी जिला स्तरीय पदाधिकारी, सभी प्रखंड प्रमुख समेत गणमान्य उपस्थित थे।

दूसरे को नयी जीवन देने के लिए रक्तदान जरूरी : सीएस

हिन्डालको ने किया रक्तदान शिविर का आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

पंडवा (पलामू) : बुधवार को हिन्डालको इंडस्ट्रीज लिमिटेड के कठौतिया ओपन कास्ट कोल माइंस प्रबंधन द्वारा माइंस परिसर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इसका उदघाटन सिविल सर्जन डॉ अनील सिंह ने किया। मौके पर सिविल सर्जन डॉ अनील सिंह ने कहा कि अपने आप को स्वस्थ रखने के साथ साथ दूसरे को नयी जिंदगी देने के लिए रक्तदान जरूरी है। रक्तदान के प्रति सभी लोगों को बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेना चाहिए क्योंकि भारतीय संस्कृति में रक्तदान और अंग दान का बहुत बड़ा महत्व होता है। मनुष्य ही रक्त बनाने का फैक्ट्री होता है ऐसे में यदि फैक्ट्री में बनने वाले सामग्री को नहीं निकाला जाएगा तो वह खराब हो जाता है उसी तरह समय समय रक्तदान नहीं करने से रक्त खराब होने जैसी जैसी स्थिति उत्पन्न हो जाती है इस लिए रक्तदान करना चाहिए ताकि शरीर में पुनः रक्त बनें। सिविल सर्जन डॉ अनील सिंह ने कहा कि हिन्डालको ने रक्तदान शिविर का आयोजन कर सराहनीय कार्य किया है इसी तरह अन्य संस्थाओं को भी पहल करनी चाहिए। यूनिट एचआर हेड अरूप बनर्जी ने कहा कि कंपनी अपने सामाजिक उत्तरदायित्वों के प्रति हमेशा सजग व संवेदनशील होकर काम करतीं हैं। कंपनी केवल व्यवसाय नहीं करतीं हैं बल्कि जिस क्षेत्र में काम करतीं उस इलाके के लोगों के बेहतरी के साथ साथ समाज के लोगों को बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने के प्रति सक्रियता के साथ काम करती हैं। उन्होंने कहा कि रक्त के अभाव में पलामू का कोई भी आदमी की मौत न हो इसके लिए रक्तदान शिविर का आयोजन कर रक्त उपलब्ध कराने का एक छोटा प्रयास किया गया है। शिविर में 26 पदाधिकारियों व कर्मियों ने रक्तदान किया। इस मौके पर डीपीएम दीपक कुमार, माइंस मैनेजर राजु सिंह, अश्विनी कुमार, चेतलाल विश्वकर्मा, राहुल जा, एपी सिंह, जयंत शुक्ला, डाक्टर टी गफ्फार, सुहानी कुमारी, अनीता भगत, गौतम सिन्हा, शैलेन्द्र सिंह, प्रवीण सिंह, केसी मोदक, राकेश सिंह, संजय कुमार साहू, योगेश द्विवेदी, सुनील सिन्हा, अमरेन्द्र सिंह, आशीष वर्णवाल, चिरादीप मिश्रा सहित कई लोग मौजूद थे।

रांची में आयोजित महाधिवेशन में लोहरदगा से हजारों की संख्या में कार्यकर्ता भाग लेंगे : रामचन्द्र गिरि

प्रभात मंत्र संवाददाता

लोहरदगा : आजसू पार्टी लोहरदगा जिला कार्यालय में जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश भारती की अध्यक्षता में बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में मुख्य रूप से झारखंड आंदोलनकारी पूर्व विधायक स्वर्गीय कमल किशोर भगत जी की धर्मपत्नी सह लोहरदगा विधानसभा प्रभारी नीरू शांति भगत के साथ लोहरदगा जिला में रहने वाले सभी केंद्रीय पदाधिकारी एवं सदस्य ,जिला कमिटि के सभी पदाधिकारी एवं सदस्य सभी प्रखंड के अध्यक्ष एवं सचिव, नगर के अध्यक्ष एवं सचिव, सभी प्रकोष्ठों के अध्यक्ष एवं सचिव की उपस्थित हुए। इस संबंध में जानकारी देते हुए जिला प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी रामचंद्र गिरि ने बताया कि रांची के मोरहाबादी मैदान में 29, 30 सितंबर एवं 1 अक्टूबर 2023 को आयोजित पार्टी के महाधिवेशन में लोहरदगा से हजारों की संख्या में आजसू कार्यकर्ता भाग लेंगे। इसकी तैयारी के लिए प्रखंडवार प्रभारी बनाए गए। इस क्रम में कुडू प्रखंड के लिए केंद्रीय सचिव लाल गुडडू नाथ शाहदेव,किस्को प्रखंड प्रभारी के रूप में केंद्रीय सचिव सूरज अग्रवाल एवं जिला अध्यक्ष ओम प्रकाश भारती,पेसरार प्रखण्ड के लिए महिला प्रकोष्ठ की केन्द्रीय उपाध्यक्ष नीरू शांति भगत एवं प्रवक्ता संजू देवी, सेन्हा प्रखंड के लिए केंद्रीय सदस्य रामनंदन साहू कैरो प्रखंड के लिए केंद्रीय सचिव अरविंद यादव एवं जिला उपाध्यक्ष विपिन सिंह भंडरा प्रखंड के लिए दिलीप उरांव (मुखिया) एवं जिला उपाध्यक्ष पंकज मिश्रा लोहरदगा प्रखंड के लिए जिला महासचिव विलियम कुजूर एवं अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला अध्यक्ष शाहिद अंसारी लोहरदगा नगर के लिए,पूर्व जिलाध्यक्ष विनोद तमेडा, नगर अध्यक्ष अशोक साहू, वरिष्ठ कार्यकर्ता महेंद्र महतो, जहाँगीर अंसारी और आसिफ इकबाल (बबली) प्रभारी बनाए गए। सर्वसम्मति से यह तय किया गया कि 23 सितंबर को सभी प्रखंड मुख्यालय एवं नगर में प्रखंड के पदाधिकारी एवं पंचायत के पदाधिकारी के साथ बैठक कर आवश्यक रणनीति बनाई जाएगी एवं महाधिवेशन में हजारों की संख्या में लोहरदगा से पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं की भागीदारी सुनिश्चित कराई जाएगी।

उपायुक्त ने प्राध्यापकों को स्मृति चिन्ह प्रदान कर एवं शॉल ओढ़ाकर किया सम्मानित

लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता): आरसेटी प्रशिक्षण केंद्र,लोहरदगा में नीति आयोग अवार्ड मनी अंतर्गत इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट, रांची के माध्यम से लोहरदगा जिला में स्वयं सहायता समूह/सहकारी समिति के स्वरोजगार से जुड़े 30 सदस्यों को मार्केटिंग (विपणन) कौशल के 10 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आज बुधवार को समापन हो गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण ने कहा कि 10 दिनों तक चला यह कार्यक्रम काफी सफल रहा। आईआईएम, रांची की वजह से सफल हो पाया। जिले के स्वयं सहायता समूह को एक मंच देने का यह प्रयास था। अब यहां की दीदियां मार्केटिंग का कौशल सीख कर यहां के उत्पादों को राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बड़ी पहचान दिलायेंगीं। आप सभी को एक दिशा दी गयी है लेकिन अब आपको आगे की राह आपको तय करनी है। आप अकेले नहीं हैं,आप समूह में हैं। इसका आपको फायदा मिलेगा। आज के कार्यक्रम में 10 दिनों का प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले 30 प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र दिया गया। उपायुक्त,डीपीओ,आईआईएम के प्राध्यापकों के द्वारा प्रमाण दिया गया। कार्यक्रम में उपायुक्त द्वारा आईआईएम के प्राध्यापकों को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया एवं स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया।

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
राजधानी
रांची, गुरुवार, 21 सितंबर 2023 | पेज 3

अवधेश को गोली मारकर घायल करने के आरोप में 10 गिरफ्तार

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची : घटना का षंडयंत्र रचने के आरोप में पटना बेउर जेल में बंद मुख्य आरोपी चितरंजन कुमार और घटना से पांच दिन पूर्व बेटा हर्ष दिल्ली चला गया और पत्नी अभिलाषा देवी को घटना की जानकारी थी और साक्ष्य मिटाने का आरोप में सब मिलकर 12 आरोपियों की गिरफ्तारी हुई है। वहीं कृष्णा सहित दो शूटर फरार है। सभी की तलाश जारी है। पत्रकारों को संबोधित करते हुए वरीय पुलिस अधीक्षक चंदन सिन्हा ने बताया कि

कांके थाना अन्तर्गत कांके ब्लॉक के पास आनन्द नर्सिंग होम के सामने उपेन्द्र गली में अज्ञात अपराधकर्मियों द्वारा अवधेश कुमार को गोली मारकर गंभीर रूप से जख्मी कर दिया एवं अज्ञात अपराधकर्मी द्वारा पास ही राजीव कुमार शर्मा से पिस्टल आनंद नर्सिंग सटाकर होण्डा साईन मोटरसाईकिल संख्या - बीआर-02ए डब्लू-9108 को लूट कर भाग गये। इस संबंध में जख्मी अवधेश कुमार भाई शैलेश कुमार उर्फ पप्पु यादव के फर्दबयान पर प्राथमिकी अभियुक्त 1. चितरंजन कुमार, 2. कृष्णा नायक, 3. पंकज चितरंजन का स्टाफ, (दो) अज्ञात लड़के के विरूद्ध कांके थाना कांड संख्या 240 / 23. 14.09.2023, धारा 307 /120 (क्र) / 34 भा.द.वि. एवं 27 आर्म्स एक्ट प्रतिवेदित किया गया, जबकि आवेदक राजीव कुमार शर्मा के लिखित आवेदन के आधार पर अज्ञात (दो) अपराधकर्मी के विरूद्ध कांके थाना कांड संख्या 241/23, 14.09.2023 धारा 392 भा.द.वि. अंकित किया गया। उक्त दोनों कांडो की गंभीरता को देखते हुए वरीय पुलिस अधीक्षक राँची के निर्देशानुसार पुलिस अधीक्षक, ग्रामीण, राँची मनीष टोप्पो, भासे एवं सहायक पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय-01), राँची मूमल राजपुरोहित, के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। अनुसंधान के क्रम यह बात प्रकाश में आयी कि भू-माफिया चितरंजन कुमार एवं अवधेश कुमार के बीच जगतपुरम कॉलोनी में दो एकड़ 67 डिसमिल जमीन विवाद को लेकर अनबन थी। चितरंजन कुमार द्वारा षडयंत्र के तहत् अपने गुर्गों के साथ मिलकर इस घटना को अंजाम दिया गया है। तकनीकि सहयोग एवं प्राप्त आसुचना के आधार पर घटना में संलिप्त 12 अभियुक्तों को विधिवत् गिरफ्तार किया गया है।

कांड में गिरफ्तार अपराधकर्मियों की सूची : पंकज कुमार गुप्ता, अमेठिया नगर नामकुम थाना,नवाज अख्तर, लोअर बाजार थाना क्षेत्र, मिनहाज अली, पतराटोली कांके थाना, सरफराज आलम, दर्जी मोहल्ला पिठौरिया, थाना पिठौरिया, तौहिद अंसारी पतराटोली कांके थाना कांके जिला रॉची, हर्ष कुमार, शुक्ला कॉलोनी, हिनू थाना डोरण्डा, जगदेव प्रसाद वर्मा ओरिया साहद, थाना लेस्लीगंज, जिला पलामू , अमन कुमार शुक्ला कॉलोनी, हिनू थाना डोरण्डा, जिला राँची, सोनू कुमार सिंह उर्फ गुड्डु, खनवाँ, थाना नरहट, नवादा , अंकित कुमार, ग्राम+पोस्ट खनवाँ, थाना नरहट, जिला नवादा, बसंत अब्राहम लुगुन, दीपाटोली, पुराना नर्स कॉलोनी के नजदीक, थाना धूर्वा,अभिलाषा देवी, पति शुक्ला कॉलोनी, हिनू थाना डोरण्डा,।

जप्ती एवं बरामदगी: फॉर्चूनर कार पंजीयन संख्या- जेएच01सीवी-5050, 2. फॉर्चूनर कार पंजीयन संख्या, जेएच01डीजेड-0023, टाटा सफारी स्टॉर्म पंजीयन, होण्डा साईन मोटरसाईकिल, मोटरसाईकिल, देशी निर्मित पिस्टल, देशी निर्मित कट्टा, 7.65 एम.एम. की जिंदा गोली 8.08 एम.एम. की जिंदा गोली,7.62 एम. एम. की जिंदा गोली 10. विभिन्न कंपनी का मोबाईल, हथियार आदि बरामद किया गया है।

छापामारी दल के पुलिस कर्मी: छापेमारी दल में आभास कुमार थाना प्रभारी कांके, राजकुमार यादव पुलिस निरीक्षक सदर पश्चिमी अंचल, प्रवीण कुमार पुलिस निरीक्षक सीसीआर रांची, पुअनि अभय कुमार,थाना प्रभारी, पिठौरिया,पुअनी रविशंकर, डायल 112, राँची, पुअनि दीपक कुमार, कांके थाना राँची, पुअनि मुनाजीर हसन कांके थाना, राँची,पुअनी सोनु कुमार वर्मा, कांके थाना राँची, पुअनि मोहित कुमार, कांके थाना, राँची जितेन्द्र सिंह विष्ट, कांके थाना राँची,पुअनि राजीव कुमार, कांके थाना, राँची अनि संजय नायक, कांके थाना, राँची सहित अन्य अधिकारी और जवान शामिल थे।

आशुलिपिक की परीक्षा लेगा जेएसएससी, अधिसूचना जारी

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची : झारखंड के अधीन आशुलिपिक सेवा संवर्ग के कर्मियों की नियुक्ति, प्रोन्नति एवं सेवा शर्त संशोधित नियमावली-2023 गठित कर दी गयी है। इस संबंध में बुधवार को राजस्व भूमि सुधार विभाग ने अधिसूचना जारी कर दिया है। इसके अंतर्गत आशुलिपिक के नियुक्ति एवं प्रोन्नति नियमावली में न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता इंटर होना आवश्यक रखा गया है। अभ्यर्थियों को आवेदन पत्र प्राप्त होने की अंतिम तिथि तक वांछित शैक्षणिक योग्यता प्राप्त कर लेना होगा। पूर्व में झारखंड के ही शैक्षणिक संस्थान से मैट्रिक-इंटर पास होना अनिवार्य था, जिसे अब विलोपित कर दिया गया है। इसके अलावा अब मेघा सूची के बजाए आशुलिपिक के पद झारखंड कर्मचारी चयन आयोग द्वारा आयोजित आशुलिपिक प्रतियोगिता परीक्षा के आधार पर भरा जायेगा। नियुक्ति में कोई दिक्कत हुई तो झारखंड सरकार का निर्णय अंतिम होगा। कर्मचारी चयन आयोग अधियाचना के अनुसार योग्यता क्रम में सफल उम्मीदवारों की नियुक्ति की अनुशंसा करेगा। नियुक्तियां संबंधित विभाग के विभागीय प्रधान द्वारा की जायेगी। इनकी पोस्टिंग विभाग के अधीन कार्यालय में की जायेगी। नई नियमावली बनने के बाद अब विभाग कर्मचारी चयन आयोग को रिक्तियों की अधियाचना भेजेगा, जिसके बाद इसकी प्रक्रिया प्रारंभ होगी।

दिव्यांग बच्चों के लिए सहायक उपकरण वितरण व जांच शिविर का आयोजन

रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता): झारखंड शिक्षा परियोजना एवं अल्पिमको के संयुक्त तत्वाधान में दिव्यांग बच्चों के लिए सहायक उपकरण वितरण एवं जांच शिविर का आयोजन बेसिक स्कूल मुरूबंदा चितरपुर में आयोजित की गई, जिसमें 101 बच्चों ने अपनी भागीदारी सुनिश्चित की। सभी बच्चों को पाठ्य पुस्तक एवं कृत्रिम अंग, कैलिपर ,ट्राई साइकिल व्हीलचेयर, स्मार्ट कैन ,हियरिंग एड ,ब्रेलकिट का वितरण मुख्य अतिथि बोरोविंग पंचायत की मुखिया बसंती देवी,समाजसेवी चित्रगुप्त महतो एवं प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी इंशाल्लह के संयुक्त तत्वाधान में किया गया कार्यक्रम पदाधिकारी ने कहा कि आने वाले समय में दिव्यांग बच्चों के शिक्षक प्रशिक्षण हेतु स्कूल स्तर के अलावे गृह आधारित शिक्षा भी उपलब्ध कराई जा रही है । बोरोबिग मुखिया ने कहा की दिव्यांग बच्चों के लिए हम हर समय प्रयासरत करते हैं कभी भी इन बच्चों को किसी भी स्तर से जो भी सुविधा उपलब्ध कराई जा सके उसके लिए तत्पर रहेंगे। समाजसेवी चित्रगुप्त महतो ने कहा कि दिव्यांगों बच्चों की सेवा करना सही मायने में नारायण की सेवा करने के बराबर है।इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के डॉक्टर हेमंत कुमार ,प्रधानाधायक अमित कुमार यादव सहायक शिक्षक सुनील कुमार ,रिसोर्स शिक्षक पॉवेल कुमारआदि उस्थित थे।

रेल रोको आंदोलन के दौरान लाठीचार्ज, धारा 144 लागू

रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता): झारखंड में कुड़मी समाज को अनुसूचित जनजाति में और कुड़माली भाषा को संविधान की 8वीं अनुसूची में शामिल करने की मांग को लेकर बुधवार को कुड़मी संगठनों ने रेल टेका, डहर छेंका (रेल रोको-रास्ता रोको) आंदोलन शुरू किया। कुड़मियों के इस आंदोलन का असर झारखंड में व्यापक रूप से दिखा। हालांकि, झारखंड पुलिस आंदोलन को लेकर काफी अलर्ट दिखी। चप्पे-चप्पे पर सुरक्षा बलों की तैनाती की गई है। सरायकेला-खरसावां जिले में कुड़मी आंदोलनकारी नीमडीह स्टेशन के अंदर जाने की जिद पर अड़ गए। कुड़मियों ने पथराव भी किया, जिसके बाद पुलिस ने आंदोलनकारियों पर लाठीचार्ज कर दिया। पुलिस के लाठीचार्ज से आंदोलनकारी भागने लगे। कुछ आंदोलनकारी घायल भी हो गए, जिन्हें समाज के लोग सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नीमडीह ले गए। घटना के बाद चांडिल के अनुमंडल पदाधिकारी रंजीत लोहरा, दंडाधिकारी सह सीओ सह बीडीओ संजय पांडे घटना स्थल पर पहुंचे और माइकिंग कर आंदोलकारियों को धारा 144 के बारे में बताया। लाठीचार्ज के बाद नीमडीह रेलवे फाटक के दोनों ओर किसी भी व्यक्ति के आने-जाने पर रोक लगा दी गई। इलाके में नीमडीह थाना प्रभारी तंजील खान, चांडिल के जीआरपी रमेश कुमार, जिला पुलिस बल, आरपीएफ और जीआरपीएफ मोर्चा संभाले हुए हैं। राज्य के विभिन्न स्टेशनों के आसपास का इलाका पुलिस छावनी तब्दील कर दिया गया है। पश्चिमी सिंहभूम के सोनुआ थाना क्षेत्र अंतर्गत घाघरा स्टेशन और गोमो स्टेशन में रेल चक्का जाम कार्यक्रम में भाग लेने जा रहे आंदोलनकारियों को पुलिस ने रोका तो कुड़मी समाज के सदस्य की पुलिस के साथ बकझक हो गयी। इस दौरान सोनुआ थाना प्रभारी सोहनलाल से आंदोलनकारियों ने रोकने का कारण पूछा और पुलिस से उलझ गए। इसके बाद हो हंगामे करते हुए कुड़मी समाज जबरन घाघरा स्टेशन के अंदर चले गए। धनबाद के गोमो स्टेशन में भी यही हाल हुआ। सैकड़ों महिला-पुरुष छोटे-बड़े वाहनों में सवार होकर घाघरा स्टेशन पहुंचे। हालांकि, स्टेशन के भीतर भी सुरक्षा बल तैनात हैं।

जेएमएम पलामू व गढ़वा जिला की बैठक विनोद पाण्डेय की अध्यक्षता में हुई

रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता): पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत बुधवार को पलामू एवं गढ़वा जिला समिति की विस्तारित बैठक (जिला अंतर्गत केन्द्रीय समिति के सभी सदस्य, जिला समिति के सभी पदाधिकारी तथा वर्ग संगठन के जिलाध्यक्ष एवं सचिव सहित) पार्टी के केंद्रीय महासचिव विनोद कुमार पाण्डेय जी के अध्यक्षता में रांची के हरमू स्थित पार्टी के केन्द्रीय कार्यालय (कैम्प) में सम्पन्न हुई। बैठक में शामिल सभी सदस्यों के साथ क्रमशः पलामू एवं गढ़वा जिला में संगठन की मजबूती पर चर्चा की गई एवं जिला समिति द्वारा क्षेत्र में किये जा रहे कार्यों का आकलन किया गया साथ ही सभी उपस्थित पदाधिकारी तथा सदस्यों को झारखंड सरकार द्वारा जनहित में लाए गए योजनाओं की जानकारी देते हुए आम जनों तक योजनाओ को पहुँचाने का निर्देश दिया गया।

झारखंड के 25 प्रोमोटी आइपीएस अफसरों का अलॉटमेंट ईयर जारी

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची : झारखंड के 25 प्रोमोटी आइपीएस अफसरों के लिए केंद्रीय गृह मंत्रालय ने अलॉटमेंट ईयर जारी कर दिया है। इससे पहले झारखंड सरकार ने केंद्रीय गृह मंत्रालय को प्रोमोटी 25 आईपीएस अधिकारियों की वरिष्ठता आवंटन के वर्ष निर्धारण का प्रस्ताव भेजा था। मंत्रालय द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि अधिकारियों की वरिष्ठता-आवंटन वर्ष की गणना नियम 3 के अनुसार की जाएगी। वहीं मनीष टोप्पो रांची जिला ग्रामीण एसपी और राज कुमार मेहता सिटी एसपी के पद पर हैं।

इनको मिली जगह: आनंद प्रकाश - 2014, सरोजनी लकड़ा - 2014,इमेल्डा एक्का - 2014,सिद्दीकी अनवर रिजवी - 2014, अरविंद कुमार सिंह - 2014, विकास कुमार पांडेय - 2014,विजय आशीष कुजूर - 2014, दीपक शर्मा - 2016, राजकुमार मेहता - 2016, शंभू कुमार सिंह - 2016, अजय कुमार सिन्हा - 2016, अनुदीप सिंह - 2016, पूज्य प्रकाश - 2016, शाहदेव साव - 2016,अमित कुमार सिंह - 2016, अजीत कुमार - 2016, मुकेश कुमार - 2016, दीपक पांडेय - 2016,अनिमेष नैथानी - 2016, अजय कुमार - 2017, आरिफ इकराम - 2017, डॉ विमल कुमार - 2017, मनीष टोप्पो - 2017, कैलाश करमाली - 2017, पीतांबर सिंह खेरवार - 2017 शामिल हैं।

झारखण्ड की बेटियों को देश के शीर्ष पदों पर देखना मेरा सपना : डॉ. इरफान अंसारी

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची : हज हाउस कडरू रांची में जामताड़ा विधायक सह झारखण्ड राज्य हज समिति के अध्यक्ष डॉ. इरफान अंसारी की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन हुआ। इस बैठक में हज समिति के विभिन्न विषयों पर विस्तृत चर्चा हुई। मौके पर डॉ. इरफान अंसारी ने ऐलान किया की झारखण्ड के अल्पसंख्यक, आदिवासी, दलित बच्चियों के लिए अगले कुछ दिनों के अंदर सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी हेतु निशुल्क कोचिंग की शुरुआत की जाएगी। इस कोचिंग की शुरुआत हज हाउस रांची में की जाएगी। और भविष्य में धीरे धीरे झारखण्ड राज्य के हर

जिले में इसका विस्तार भी किया जायेगा ताकि ज्यादा से ज्यादा बच्चियां लाभान्वित हों। डॉ. इरफान अंसारी ने कहा की मैं समाज के हर वर्ग को साथ लेकर उन्हें आगे बढ़ाने के उद्देश्य में विश्वास करता हूं। इसी विचार के तहत दिल्ली के अभीज्ञान कोचिंग के साथ इस महत्वाकांक्षी योजना की शुरुआत करा रहा हूं। मेरा सपना झारखण्ड की बच्चियों को उच्च पदों पर आसीन होकर देश की सेवा करते देखना है। इस सपने को साकार करने के लिए मैं हर संभव प्रयास कर रहा हूं। हमारी बच्चियां जो अभाव के कारण अच्छी सुविधाएं प्राप्त नहीं कर पाती हैं उन्हें सभी सुविधाएं निशुल्क पहुंचाना मेरा उद्देश्य है। हमारे लिए ये गर्व की बात होगी जब झारखण्ड की बच्चियां प्रशासनिक सेवा, पुलिस सेवा, विदेश सेवा जैसी जगहों पर कार्य करेंगी। मैं माननीय मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से अल्पसंख्यक, आदिवासी, दलित बच्चियों के लिए स्कॉलरशिप की भी बात करूंगा ताकि उन्हें आर्थिक सहायता भी मिल पाए। डॉ. इरफान अंसारी की इस योजना को हज समिति के सभी सदस्यों ने खूब सराहा। इस बैठक में हज हाउस के रख रखाव, सीसीटीवी कैमरे, पेयजल, साफ सफाई सहित अन्य सुविधाओं को सुदृढ़ करने की बात हुई।

गोरक्षा के नाम पर अराजकता फैलाने की इजाजत किसी को नहीं दी जाएगी : राजीव प्रसाद

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची : नेपाल हाउस डोरंडा स्थित सभागार में झारखण्ड गो सेवा आयोग की बैठक का आयोजन अध्यक्ष, झारखण्ड गो सेवा आयोग राजीव रंजन प्रसाद की अध्यक्षता में किया गया। बैठक में उपाध्यक्ष राजू गिरी, विकास आयुक्त झारखण्ड सरकार के प्रतिनिधि, वित्त विभाग झारखण्ड सरकार के प्रतिनिधि, नगर विकास विभाग झारखण्ड सरकार के प्रतिनिधि एवं कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग के अपर निदेशक सह संयुक्त सचिव अंजनी कुमार उपस्थित रहे। बैठक में आमंत्रित सदस्यों में बिरसा कृषि विश्वविद्यालय कांके रांची के प्रतिनिधि डा आलोक कुमार पांडेय एवं झारखण्ड प्रादेशिक गौशाला के प्रतिनिधि अनिल मोदी भी उपस्थित रहे। बैठक के उपरान्त प्रेस को संबोधित करते हुए गो सेवा आयोग के अध्यक्ष राजीव रंजन प्रसाद ने कहा कि इस राज्य में गोरक्षा के नाम पर अराजकता फैलाने की इजाजत

किसी को नहीं दी जाएगी। उन्होने कहा कि वर्तमान महागठबंधन सरकार की दूरदर्शिता एवं संवेदनशीलता का ही परिणाम है कि 2008 के बाद आज पहली बार आयोग को पूर्णकालिक अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष मिले हैं। जिनके नेतृत्व में 15 वर्षों के बाद आयोग की बैठक सम्पन्न हुई है। उन्होंने कहा कि हम अपने मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन एवं विभागीय मंत्री बादल पत्रलेख के प्रति आभार व्यक्त करते हैं कि उन्होंने वास्तव में गोसंरक्षण एवं गोसंवर्द्धन के तहत इस राज्य में योजनाएं क्रियान्वित हों इसके निमित्त आयोग के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष को नियुक्त कर झारखण्ड गो सेवा आयोग को पुर्नजीवित किया गया है। बैठक में विषय प्रवेश आयोग के अध्यक्ष राजीव रंजन प्रसाद ने कराया एवं उपाध्यक्ष राजू गिरी ने झारखण्ड में गो सरंक्षण एवं संवर्द्धन तथा गौशालाओं के आत्मनिर्भरता के संबध में आयोग के स्तर पर भावी कार्यक्रम के संबध में आयोग के पदेन सदस्यों को अवगत कराया। गौशालाओं में पोषित गोवंशीय पशुओं को गोद लेने के रूप में क्रियान्वित होगा। और इसकी पूर्ण संकल्पना के सन्दर्भ में चर्चा की गई। इस योजना का अनुश्रवण गो सेवा आयोग करेगा लेकिन इस मद में किए गए दान सीधे-सीधे गौशाला के खाते में जमा किए जाएगें। पशु तस्करी में अभिगृहित गोवंशीय पशुओं के लिए भोजनादि मद में अनुदान की वर्तमान सीमा एवं राशि बढाने का प्रस्ताव बनाकर सरकार को भेजेगा। बैठक में वित्तीय वर्ष 2023-24 में संचालित की जानेवाली कार्यक्रम का गो सेवा आयोग के नियमावली के तहत इसे और व्यापक बनाने के दृष्टिकोण से सी0 एस0 आर0 एवं अन्य माध्यमों से सहायता प्राप्त करने एवं इस माध्यम से प्राप्त वित्तीय सहायता के संचालन हेतु निधि को रखे जाने हेतु राष्ट्रीयकृत बैंक में खाता खोले जाने की अनुमति के लिए प्रस्ताव बनाकर सरकार को भेजे जाने का निर्णय लिया गया। बैठक में झारखण्ड गो सेवा आयोग के सचिव डा0 संजय प्रसाद, रजिस्ट्रार डा0 मुकेश मिश्रा, पशुचिकित्सा पदाधिकारी डा0 प्रभात कुमार पांडेय एवं डा0 जय कुमार तिवारी तथा अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

जेल अधीक्षक व जेल कर्मी के विरुद्ध मुकदमा चलाने के लिए मानवाधिकार आयोग से की अपील

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची : बिरसा मुण्डा केन्द्रीय कारा होटवार, रांची में विचाराधीन कैदी रहमतुल्लाह अंसारी उर्फ रानी की हत्या जेल कस्टडी में किये जाने की जाँच करने एवं जेल अधीक्षक व जिम्मेवार जेल कर्मी के विरुद्ध हत्या का मुकदमा चलाने के लिए अध्यक्ष राज्य मानवाधिकार आयोग रांची (झारखण्ड) को आवेदन देकर अपील की गई है। आवेदन में कहा गया है कि बीतें 12 सितंबर 2023 को बिरसा मुण्डा केन्द्रीय कारा होटवार में एक विचाराधीन कैदी रहमतुल्लाह अंसारी उर्फ रानी की संदेहास्पद स्थिति में मौत हो जाती है। जेल प्रशासन का अंसारी कहना है कि कैदी रहमतुल्लाह उर्फ रानी ने दिन की शीट से खुद का गला रेतकर आत्महत्या कर ली थी। जेल प्रशासन की यह सफाई संदेह से भरी लगती है। जेल प्रशासन मृतक के पोस्टमार्टम रिपोर्ट को मैनेज कर हत्या के मामले को आत्महत्या का रूप देने की कोशिश कर रही है, जेल कस्टडी में किसी कैदी की हत्या -सोना-एक गंभीर मामला है और इसकी पूरी जिम्मेवारी जेल अधीक्षक एवं उस वक्त ड्यूटी पर तैनात जेल कर्मी की है। जेल में लगातार मानवाधिकार के नियमों का उल्लंघन जेल प्रशासन के द्वारा किया जाता रहा है। जेल में बंद कैदी भारतीय नागरिक ही है। भारतीय संविधान के द्वारा प्रदत्त जाँच कराई जाने की जरूरत है। मृतक अंसारी की हत्या की जाँच कराने अधीक्षक एवं निलंबित एवं सरकार से मृतक के परिजनों की 50 लाख रुपये का मुआवजा राशि देने की की मांग की है। सीआईडी के उपरांत दोषी पाए लोगों पर हत्या का केस दर्ज कर कानूनी कार्रवाई करने की कृपा करें। उक्त जानकारी सैयद शीश आलम अधिवक्ता सिविल कोर्ट, रांची द्वारा दी गई है।

घायल अवधेश की पत्नी ने डीजीपी से मिलकर लगाई न्याय की गुहार

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची : बीते गुरुवार को कांके ब्लॉक के पास जमीन कारोबारी अवधेश कुमार यादव को गोली मारकर घायल करने के मामले में एक और व्यक्ति की संग्लिप्ता की बात सामने आ रही।अवधेश की पत्नी प्रमिला देवी ने आशुतोष नामक व्यक्ति पर भी अपने पति के ऊपर हुए हमले में शामिल होने की बात बताई है। इस संबंध में प्रमिला ने डीजीपी से लिखित शिकायत की है। डीजीपी को दिए गए आवेदन में आरोप लगाया गया है कि आशुतोष ने आरोपी चितरंजन के साथ उनके पति की मीटिंग फिक्स करायी थी। घटना वाले दिन आशुतोष ने उनके पति को फोन किया और चितरंजन के साथ मीटिंग करने के लिए बुलाया था।उसी के बुलाने पर उनके पति घर से निकले और घर से निकलते ही उन्हें गोली मारकर घायल कर दिया गया।प्रमिला की ओर से दिए गए आवेदन में कहा गया है कि 14 सितंबर को सुबह सवा नौ बजे आशुतोष ने उनके पति के मोबाइल पर फोन किया। उस वक्त उनके पति अवधेश नाश्ता कर रहे थे।उसने खुद ही कॉल रिसीव कर अपने पति को दिया। नाश्ता लेने की वजह से पति स्पीकर ऑन कर आशुतोष से बात कर रहे थे।उस वक्त वह उनके बगल में ही बैठी हुई थी।आशुतोष ने फोन पर उनके पति से कहा कि अरगोड़ा के पिपर टोली में चितरंजन तुम्हारा इंतजार कर रहा है,देर हो रही है जल्दी पहुंचो।यह सुनते ही अवधेश ने आशुतोष से कहा कि वह पांच मिनट में घर से निकल रहा है।इस दौरान अवधेश ने आशुतोष से यह भी कहा कि चितरंजन का फोन बंद आ रहा है, तब आशुतोष ने उनसे कहा कि उसकी बात चितरंजन से हो चुकी है।इसलिए वे चितरंजन के पास जल्दी जाएं। उसी के कहने पर उनके पति घर से निकले और पांच सौ मीटर की दूरी पर उन्हें गोली मार दी गई। प्रमिला देवी ने अस्पताल में उनके पति का लिया गए बयान की रिकॉर्डिंग की कॉपी उपलब्ध कराने की मांग की है। डीजीपी को दिए गए आवेदन में प्रमीला ने यह भी आग्रह किया है कि उनके पति की कॉल डिटेल निकाली जाए।

मीडिया ब्रीफिंग को लेकर डीजीपी ने जारी किया गाइडलाइन

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची : झारखंड पुलिस के मीडिया नीति से संबंधित आदेश पुलिस महानिदेशक अजय कुमार सिंह ने जारी किया है। जारी आदेश में कहा गया है कि अब पुलिस अधिकारी और थाना प्रभारी के द्वारा मीडिया से संवाद नहीं किया जाएगा।पुलिस के मीडिया नीति से संबंधित आदेश जारी करने का उद्देश्य बताया गया है, कि पुलिस विभाग की नीति है,कि उस हद तक मीडिया को संबंधित सूचना सही समय पर उपलब्ध कराई जाए जब तक अनुसंधान की प्रक्रिया प्रतिकूल रूप से बाधित न हो या, पुलिस अभियान में बाधा न उत्पन्न हो, या फिर पुलिसकर्मियों की सुरक्षा खतरे में ना हो।पीड़ित या अभियुक्त के कानूनी और मूलभूत अधिकारों का हनन न हो, इसके राष्ट्रीय हितों पर प्रतिकूल प्रभाव न पड़े. पुलिस

मुख्यालय के लिए डीजीपी या उनके द्वारा प्राधिकृत पुलिस प्रवक्ता पुलिस से संबंधित मीडिया को जानकारी दे सकेंगे।

सभी जिलों में खुलेगा मीडिया सेल: मीडिया को संबोधित या जानकारी देने के लिए प्रत्येक जिला के कार्यालय में एक मीडिया सेल की शाखा होगी, जिसके प्रभारी मुख्यालय स्थित एएसपी या डीएसपी होंगे।जिलों में एसपी द्वारा या प्रभारी मीडिया से द्वारा संबंधित जानकारी मीडिया को दी जा सकेगी। इसके लिए मीडिया ब्रीफिंग का स्थान कार्यालय कक्ष होगा और प्रतिदिन निर्धारित समय शाम के चार बजे से छह बजे के बीच निर्धारित होगा। जिसकी सूचना यथा-समय सभी मीडियाकर्मियों को दी जायेगी।

बड़ी घटना की जानकारी मीडिया को एसपी देंगे: पुलिस से संबंधित मामलों-जैसे बड़ी आपराधिक या विधि-व्यवस्था की घटना, महत्वपूर्ण उद्भेदन गिरफ्तारी, बरामदगी या अन्य उपलब्धि पर स्वयं जिला एसपी द्वारा मीडिया से वार्ता की जायेगी। जिला एसपी द्वारा सामान्यतः मीडिया सेल शाखा में किन्तु घटना की परिस्थिति के अनुसार घटनास्थल, थाना अथवा अन्य कार्यालय में प्रेस से संवाद किया जा सकता है।एसपी और प्रभारी मीडिया सेल शाखा द्वारा वर्दी में ही मीडिया के साथ साक्षात्कार किया जायेगा। किसी अपराध के दर्ज होने के 48 घंटों के भीतर केवल इतनी ही सूचना साझा की जायेगी जो घटना के तथ्यों को प्रकट करे और आश्वस्त कर सके कि मामले को गंभीरता से किया जा रहा है। किसी अपराध के संबंध में गुप्त या तकनीकी सूत्रों को मीडिया के समक्ष प्रकट नही किया जायेगा और न ही अनुसंधान की दिशा या तकनीकों का खुलासा किया जाएगा। यौन हिंसा के पीड़ितों और बच्चों / किशोरों की पहचान को मीडिया के सामने खुलासा नहीं किया जायेगा। अभियुक्तों की गिरफ्तारी होने पर मीडिया को बताया जायेगा, किन्तु उन्हें मीडिया के समक्ष पेश नहीं किया जायेगा।

पुलिस ऑपरेशन की ताजा स्थिति मीडिया से साझा नहीं की जाएगी: राष्ट्रीय सुरक्षा और आंतरिक सुरक्षा से संबंधित या अन्य प्रकार के मामलों में किसी समय चलाये जा रहे पुलिस ऑपरेशन की ताजा स्थिति साझा नहीं की जायगी, बल्कि ऑपरेशन पूर्ण होने के बाद अपराधियों एवं बरामद वस्तुओं की तथ्यात्मक जानकारी दी जायेगी। अनुसंधान के दौरान समय-समय पर आवश्यक मीडिया को केवल तथ्यों पर आधारित जानकारी दी जायगी।अनुसंधान पूर्ण होने पर आरोप पत्र के तथ्यों की जानकारी एवं न्यायिक विचारण के परिणाम की जानकारी मीडिया को दी जा सकती है। किसी बडे आयोजन या आकस्मिक घटना स्थल पर जहां मीडियाकर्मी उपस्थित हों,वहीं वरीय पुलिस पदाधिकारी या उनके द्वारा निर्देशित पुलिस पदाधिकारी, जो कम से कम पुलिस डीएसपी रैंक के राजपत्रित पदाधिकारी होंगे उनके द्वारा ही मीडिया ब्रीफिंग का कार्य किया जायेगा।

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com

एसटी का दर्जा देने की मांग को लेकर कुड़मी का आंदोलन

सिल्ली (प्रभात मंत्र संवाददाता): कुरमी/कुड़मी को अनुसूचित जनजाति (एसटी) का दर्जा देने की मांग को लेकर मूरी रेलवे जंक्शन पर बड़ी संख्या में आंदोलनकारी जुटे। इससे पहले प्रशासन की सख्ती पर आंदोलनकारी रेलवे ओवर ब्रिज के पास ट्रैक पर बैठ गये। आंदोलनकारियों में महिलाओं की संख्या सबसे ज्यादा थी। टोटेमिक कुड़मी विकास मोर्चा के आह्वान पर झारखंड के तीन रेलवे स्टेशनों पर 20 सितंबर से अनिश्चितकालीन रेल चक्का जाम की घोषणा की गई थी। इससे पहले झारखंड मोड़ के पास प्रशासन ने भीड़ को रोकने की कोशिश की लेकिन महिलाओं की भारी संख्या को देखते हुए प्रशासन को पीछे हटना पड़ा। महिलाओं ने बैरियर को तोड़ते हुए आगे की ओर निकल गए। फिलहाल उस रूट से ट्रेनों का परिचालन बंद कर दिया गया था। रेलवे ट्रैक जाम करने की वजह से रांची-मूरी एवं मूरी-टाटा रूट प्रभावित हो गया था। फिलहाल किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए रैपिड एक्शन फोर्स को भी तैनात कर दिया गया था। कुड़मी विकास मोर्चा के अध्यक्ष शीतल ओहदार ने कहा कि वह शांतिपूर्ण तरीके से आंदोलन करना चाहते हैं। रेलवे को किसी तरह की क्षति नहीं पहुंचायी जाएगी। इसकी जानकारी पहले से ही जिला प्रशासन और रेलवे को दे दी गई थी। 19 सितंबर की रात को प्रशासन के साथ वार्ता भी हुई थी। तब प्रशासन की ओर से कहा गया था कि ज्यादा से ज्यादा डेढ़ दिन तक आंदोलन करने की अनुमति रहेगी। लेकिन 20 सितंबर की सुबह प्रशासन का रवैया बदल गया। हालांकि मोर्चा के अध्यक्ष शीतल ओहदार ने कहा है कि मूरी रेलवे जंक्शन पर आंदोलन की छूट मिलने पर बहुत जल्द आंदोलन को स्थगित करने का फैसला लिया जा सकता है।शाम के समय गृह सचिव एवं झारखंड सरकार के मुख्य सचिव से आश्वासन मिलने के बाद आज का रेल टेका आंदोलन को समाप्त किया गया एवं फिर से ट्रेनों का परिचालन पुनः शुरु किया गया।

भाजपा कार्यकर्ताओं ने सांसद को दी बधाई

पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता): हजारीबाग सांसद जयंत सिन्हा को भारत सरकार वित्त संबंधी स्थायी समिति का पांचवी बार अध्यक्ष बनाये जाने पर पिपरवार के कार्यकर्ताओ ने खुशी प्रकट करते हुए केंद्रीय नेतृत्व के प्रति आभार प्रकट करते हुए सांसद जयंत सिन्हा को बधाई दी है।बधाई देने वालों में अश्विनी दराद,बिजय लाल,दिलीप अम्बष्ट,महेश प्रसाद,रीना उरांव,शिव शंकर साहू,रामबच्च यादव,मुंशी महतो,मंगल साव,ललन करमाली,सुदामा करमाली, प्रवीण दराद,राजेन्द्र प्रसाद, मिथिलेश कुमार,मुरारी मोदी सहित कई लोगों का नाम शामिल है।

बचरा में सार्वजनिक दुर्गापूजा समिति की बैठक कल

पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता): सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बचरा श्रमिक क्लब मे शुक्रवार 22 सितंबर को शाम 5 बजे से सार्वजनिक दुर्गापूजा समिति की एक आवश्यक बैठक आयोजित की गई है।पूजा समिति के लोगो ने बताया कि बैठक मे प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी बचरा मे दुर्गापूजा का त्योहार हर्षोउल्लास के साथ मनाने को लेकर चर्चा की जाएगी।बैठक मे सीसीएल अधिकारी,कर्मचारी,ट्रेड यूनियन,जन प्रतिनिधि, प्रशासन सहित ग्रामीणों से समय पर बैठक में शामिल होने की अपील की गई है।

रैयत विस्थापित मोर्चा का स्थापना दिवस आज, तैयारी पूरी

खलारी (प्रभात मंत्र संवाददाता): रैयत विस्थापित मोर्चा का गुरुवार को आयोजित 13वां स्थापना दिवस की सारी तैयारी पूरी कर लिया गया है.स्थापना दिवस में सीसीएल के सभी क्षेत्र के रैयत विस्थापित प्रतिनिधि शामिल होंगे. डकरा अंबेडकर पार्क में स्थापना दिवस को लेकर विशाल पंडाल बनाया जा रहा है. इसके साथ ही अतिथियों के स्वागत के लिए झारखंडी परम्परा के अनुसार उनका स्वागत किया जाएगा.मोर्चा के एरिया अध्यक्ष बिगन सिंह भोगता ने बताया कि खलारी में पहली बार हो रहे केंद्रीय स्तर पर मोर्चा के स्थापना दिवस को लेकर क्षेत्र के सभी गांव से हजारों की संख्या में लोग शामिल होंगे. विगन सिंह भोगता ने क्षेत्र के तमाम सामाजिक संगठन, रैयत विस्थापित ग्रामीणों से इस कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है. इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष राज्य मंत्री फागु बेसरा तथा विशिष्ट अतिथि महासचिव सैनाथ गंझू, एनके एरिया महाप्रबंधक संजय कुमार,केंद्रीय उपाध्यक्ष राजकुमार महतो,इकबाल हुसैन सहित प्रखंड प्रमुख,जिला परिषद खलारी एव जीप सदस्य टंडवा सहित कई सीसीएल अधिकारी, पंचायत एव जनप्रतिनिधि तथा मोर्चा के केंद्रीय पदाधिकारी शामिल होंगे.कार्यक्रम को सफल बनाने में मोर्चा के केंद्रीय सदस्य रथु उरांव, जगरनाथ महतो, राम लखन गंझु,जालिम सिंह,बिनय खलखो,अमृत भोगता,कन्हाई पासी, नरेश गंझू,देवपाल मुंडा,इंदिरा देवी,प्रभाकर गंझू,दामोदर गंझू,राजेंद्र उरांव,सुनील यादव,शिवनारायण लोहरा,रामधारी गंझू,शिवनाथ भोगता, राजेश तुरी,श्यामजी महतो,प्रकाश महतो,अमर भोगता संतोष महतो आदि सराहनीय भूमिका निभा रहे हैं.

मुरी हिंडालको ने टीवी मरीजों को गोद लिया

मुरी (प्रभात मंत्र संवाददाता): हिंडालको सामुदायिक विकास प्रभाग ने प्रधानमंत्री टीवी मुक्त भारत अभियान को साकार करने के लिए क्षेत्र के पांच पंचायत को गोद लिया है ।इस अभियान के तहत बुधवार को टीवी मरीजों के बीच पौष्टिक आहार बांटी गई ।मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित स्वास्थ्य विभाग रांची के मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ प्रभात कुमार ने कहा कि टीवी मुक्त भारत के लिए हम सभी को आगे आना होगा ।जो लोग सक्षम है, टीवी मरीजों को मदद करना चाहिए। मौके पर रांची डीटीओ डॉक्टर एस के साबरी सिल्ली के डॉक्टर इस बास्की ,हिंडाल्को के एचआर हेड अरुण राय, सीएसआर अनिल सिंह, चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर सौरभ घोष के अलावे गणमान्य एवं कर्मचारी मौजूद थे।

कुर्मी/कुड़मी समाज के रेल टेका में शामिल हुए पिपरवार खलारी के लोग

पिपरवार : कुर्मी/कुड़मी विकाश मोर्चा द्वारा रांची के मुरी जंक्शन मे आयोजित रेल टेका कार्यक्रम मे पिपरवार और खलारी कोयलांचल क्षेत्र से काफी संख्या मे लोग शामिल हुए।मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष शीतल ओहदार के नेतृत्व मे आयोजित इस कार्यक्रम मे हजारो की संख्या मे कुर्मी/कुड़मी जाति के लोग शामिल हुए।कार्यक्रम के माध्यम से समाज के लोगो ने कहा कि जब तक केंद्र सरकार कुड़मी समाज को एसटी में शामिल नही करती है तब तक झारखंड में रेल के सभी साधन बन्द रहेंगे।

सत्यापन

प्रमाणित किया जाता है कि मरकजुल होदा अल तालीमी बड़तल्ला,जामबाद,पाकुड़ झारखंड दीनी एवं इस्लामी संस्था है। जो कि इसके निबंधन का प्रमाण पत्र है कि आवेदन संख्या 17978 निबंधन संख्या 253 वर्ष 2022-23 में अंकित हुआ है। जो सही है।पिछले वर्ष दिनांक 30-11-2022 के पूर्व संस्था का नाम सलफ़ी इस्लामी मरकज लिल बनील वल बनात, बड़तल्ला,जामबाद,पाकुड़ झारखंड था। जो अभी वर्तमान उक्त संस्था का नाम मरकजुल होदा अल तालीमी बड़तल्ला,जामबाद,पाकुड़ झारखंड के स्थापना पर प्रमाणित करने हेतु शपथ पत्र का निष्पादन कर रहा हूं।

पर्व और त्योहार झारखंड की सांस्कृतिक पहचान : संजय कुमार

प्रभात मंत्र संवाददाता

पिपरवार : सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बचरा श्रमिक क्लब में बुधवार को करमा पूर्व महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया।इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अशोक परियोजना पदाधिकारी संजय कुमार और विशिष्ट अतिथि में कार्मिक एंव प्रशासनिक अधिकारी आलोक मनीष सोय,आरसीएम साईडिंग मैनेजर धीर प्रताप सिहं, कार्मिक प्रबंधक शिशिर गर्ग सहित कई गणमान्य लोग शामिल हुए।कार्यक्रम में आए हुए सभी अतिथियों का पारंपरिक ढोल नगाड़े के साथ स्वागत किया गया, जिसके बाद महिलाओं के द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया।वहीं आयोजन समिति के द्वारा सभी अतिथियों को बुके देकर और शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया।जिसके बाद सामूहिक रुप से दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।इस कार्यक्रम में बाहर से आये टीम के द्वारा कई प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया,जिसमें मुख्य रुप से खोड़हा नृत्य और आदिवासी नृत्य आकर्षण का केंद्र बना रहा।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए परियोजना पदाधिकारी संजय कुमार ने कहा कि झारखंड मे सभी पर्व और त्योहार हमारी संस्कृति और हमारी पहचान है।यहां पर सभी धर्मो के लोग सभी त्यौहार उत्साह और उमंग के साथ मनाते आ रहे हैं।करमा पूजा प्राकृतिक पूजा के रूप में मनाया जाता है।वर्तमान में प्राकृतिक की रक्षा के लिए सभी को जागरूक होने की जरूरत है।प्राकृतिक के सुरक्षित रहने से ही हम सभी सुरक्षित रह सकते हैं। आदिवासी समाज का सभी त्यौहार प्राकृतिक से जुड़ा हुआ होता है।ऐसे में प्राकृतिक को सुरक्षित रखने के लिए आदिवासी समाज के द्वारा सार्थक पहल किया जा रहा है।सीसीएल प्रबंधन भी प्राकृतिक को बचाने के लिए हर तरह के उपाय और कार्यक्रम का आयोजन कराया जाता है।कार्यक्रम के दौरान आए हुए अतिथियों ने भी मांदर बजाकर करमा पूजा का उत्सव मनाया।इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से आनंद मुंडा,हिमांशु चाटर, ईश्वर पाहन,जीतू तिर्की, सुनील मुण्डा,उमेश उंराव, रमेश भगत,धनंजय मुंडा, प्रकाश तिग्गा,गौरव हेंब्रम, राजकिशोर मिस्त्री,जूलियस टोपनो,रामपति मुण्डा,मनीष बोदरा,अजेश मुंडा,विजय कुमार सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

गणेश पूजा पर बचरा में भक्ति जागरण का हुआ आयोजन

पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता): सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र और आस पास के ग्रामीण इलाकों में गणेश पूजा का उत्साह देखा जा रहा है।पिपरवार के बचरा बंसत विहार कालोनी,बचरा बाजारटांड़,सीआईएसएफ कालोनी,बेंती सहित अन्य जगहो पर गणेश भगवान की पूजा श्रध्दा एंव भक्ति के साथ की जा रही है।इधर बचरा बसंत विहार कालोनी मे गणेश पूजा के अवसर पर भक्ति जागरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।भक्ति जागरण कार्यक्रम का उद्घाटन झारखंड प्रदेश महिला कांग्रेस की अध्यक्ष सह बचरा उतरी पंचायत की मुखिया गुंजन कुमारी सिंह, बचरा दक्षिणी पंचायत की मुखिया रीना देवी,कांग्रेस प्रदेश सचिव पिंकी सिंह सहित अन्य अतिथियों ने फीता काटकर किया।गणेश वंदना के साथ कार्यक्रम की शुरुआत के बाद बाहर से आए हुए कलाकारों के द्वारा एक से बढ़कर एक भक्ति गीत प्रस्तुत किया गया,जिसे उपस्थित लोगों ने खूब पसंद किया।कलाकारों के द्वारा प्रस्तुत किए गए भक्ति गीतों पर उपस्थित श्रद्धालु भक्त रात भर झूमते और नाचते गाते रहे।इस मौके पर समिति के गांधीराम साहु,बंसत कुमार,संतोष दास,राहुल पाण्डेय,डीके पाण्डेय, ओमप्रकाश सिंह,किशुन केवट,काली दास,बासदेव गंझु,शंकर सतनामी,राजु कुमार,राम कुमार,राज कुमार,देवनारायण,रूपलाल केवट,दुलार चन्द,लखेश्वर लाल, गंगा राम,विजय कुमार सहित कई लोग मौजुद थे।

कोयलांचल के राय में 9वीं ओपेन फुटबॉल प्रतियोगिता का हुआ उद्घाटन

प्रभात मंत्र संवाददाता

पिपरवार : कोयलांचल क्षेत्र के राय आम्बेडकर खेल मैदान मे गणेश स्पोर्टिंग क्लब राय के द्वारा 9वीं ओपन पुरुष एवं महिला फुटबॉल प्रतियोगिता का उद्घाटन किया गया।समारोह के मुख्य अतिथि खलारी पश्चिम जिला परिषद सदस्य सरस्वती देवी एंव विशिष्ट अतिथि में पूर्व उप प्रमुख सुमन देवी,राय मुखिया शीला देवी,सांसद प्रतिनिधि फुलेश्वर महतो,विधायक प्रतिनिधि श्याम सुंदर सिंह, पूर्व उप प्रमुख एतवारा महतो,उप मुखिया विश्वनाथ महतो,समाजसेवी अमरदीप कौशल,जगदीश सोनी सहित कई लोग मौजुद थे।अतिथियो द्वारा फीता काटकर एवं बॉल को किक मारकर प्रतियोगिता का उद्घाटन किया।उदघाटन समारोह मे गणेश स्पोर्टिंग क्लब की बालिका खिलाड़ी द्वारा संस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया।पहला उदघाटन मैच हेंदेगीर बनाम बरटोला के बीच खेला गया,जिसमे बरटोला टीम ने 4-0 जीत दर्ज की।मैन ऑफ द मैच संजय कुमार को दिया गया।दूसरा मैच कुसुमटोला बनाम बुढ़मू के बीच खेला गया,जिसमे कुसुमटोला टीम ने 3-0 से जीत दर्ज किया।मैन ऑफ द मैच बिनोद उरांव को दिया गया।तीसरा मैच बरटोला बनाम कुसुमटोला के बीच खेला गया,जिसमे बरटोला टीम ने 1-0 जीत दर्ज किया।मैन ऑफ द मैच संजय कुमार को दिया गया।प्रतियोगिता को सफल बनाने मे गणेश कुमार महतो,विजय पाहन,विश्वनाथ महतो,पारस महतो,मोतीलाल महतो,दुर्गा प्रसाद महतो,बबलू महतो, शंकर महतो,नरेश महतो, राजीव साहनी,संतोष प्रजापति,कृष्णा साहनी, सुरेश महतो,लालेशवर उर्फ लवली महतो,शत्रुघ्न कुमार नायक,लकू महतो,लोकन महतो का सराहनीय योगदान रहा।

डकरा में हुई आंचलिक पत्रकार संघ की बैठक

प्रभात मंत्र संवाददाता

खलारी : ग्रामीण क्षेत्र में ईमानदार पत्रकारिता पूरी तरह से समाजसेवा है.एसे कार्य से जुड़े लोग विपरीत परिस्थितियों और हालातों में भी लगातार कार्य करते रहते हैं.एसे लोग अपने क्षेत्र की सभी समस्याओं का स्वयं में समाधान होते हैं इसलिए मेरा मानना है कि अंचल पत्रकार अपने आप में एक संस्थान होते हैं.उक्त बातें एनके एरिया के महाप्रबंधक संजय कुमार ने कही.झारखंड आंचलिक पत्रकार संघ द्वारा बुधवार को डकरा वीआईपी क्लब में आयोजित सम्मान समारोह को वे बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे.अंचल क्षेत्र में 25 वर्ष या उससे अधिक समय तक पत्रकारिता करने वाले पत्रकारों को महाप्रबंधक एवं खलारी इंस्पेक्टर फरीद आलम के हांथो सम्मानित कराया गया.दोनों अतिथियों ने कहा कि सोशल मीडिया के इस दौर में जहां एक तरफ गलत खबरों की बाढ़ सी आ गई है ऐसे समय में प्रतिष्ठित संस्थानों के लिए काम करने वाले पत्रकारों की भूमिका और जवाबदेही और अधिक बढ़ गई है.समारोह में बिष्णु साहू, धर्मेंद्र गिरि, दीपक जयसवाल, अरुण चौरसिया, राकेश कुमार सिंह,बसंत कुमार पंकज,केशव भगत, सुनील गुप्ता, प्रदीप कुमार प्रमाणिक, जमालुद्दीन अंसारी, तौफीक आलम, अनिल चौधरी, कविलाश बैठा,श्रीमंत चटर्जी, भुनेश्वर महतो आदि को सम्मानित किया गया.अध्यक्षता मुक्तिनाथ गिरि, संचालन सुनील कुमार और धन्यवाद ज्ञापन दिलीप ठाकुर ने किया.इस अवसर पर अब्दुल्ला अंसारी, सुनील सिंह,सोनु पांडेय, प्रीति बहन, अवधेश राय, प्रवीण प्रसाद, धीरेन्द्र प्रसाद, दिनेश पांडेय, प्रमोद तिवारी, जीतेन्द्र राणा,अमोद कुमार, रोहित लाल, संजय श्रीवास्तव सहित विभिन्न अंचल से आए पत्रकार मौजूद थे.इसके पहले संघ की बैठक में संघ का बायलॉज, निबंधन, कमेटी, रांची प्रेस क्लब का चुनाव आदि विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई और रांची प्रेस क्लब के वर्तमान कार्यकारिणी सदस्य धर्मेन्द्र गिरि को अगले चुनाव में उपाध्यक्ष के पद पर चुनाव में उम्मीदवार बनाने का निर्णय लिया गया.इस बैठक की अध्यक्षता दिलीप ठाकुर और संचालन दीपक जयसवाल ने किया.

पशुओं में फैलने वाले लंपी वायरस ने गांव में दी दस्तक

प्रभात मंत्र संवाददाता

बेड़ो : प्रखंड के करांजी पंचायत के खत्री खटंगा के ग्रामीणों ने सूचना दिया मुखिया फ्रांसिस्का मिंज को मुखिया ने पशुपालन चिकित्सा प्रभारी डॉ राकेश रंजन ने गांव में कैम्प लगाकर पशुओं के लंपी खतरनाक बीमारी के बारे में ग्रामीणों को बताएं और डॉ राकेश रंजन ने ग्रामीणों के साथ गांव में घूम के जानवरों के बारे में निरीक्षण भी किए और बोले दो दिन के अंदर टीकाकरण दिया जाएगा एवं दवा का भी वितरण किए एवं प्रखंड के अन्य क्षेत्रों में भी मिलते-जुलते लक्षण पाए गए हैं.

लंपी वायरस के लक्षण : लंपी एक विषाणुजनित संक्रामक बीमारी है. ये मुख्य रूप से गोवंश को संक्रमित करता है. ये रोग संक्रमित मक्खियों, मच्छरों और चमोकन के काटने से होता है. इसमें आमतौर पर पशुओं की खाल पर गांठ पड़ जाती हैं फिर उनमें पस पड़ जाता है. घाव आखिर में खुजली वाली पपड़ी बन जाते हैं, जिस पर वायरस महीनों तक बना रहता है. ये वायरस जानवर की लार, नाक में भी पाया जा सकता है. इसके अलावा, पशुओं की लसीका ग्रंथियों में सूजन आना, बुखार आना, अत्यधिक लार आना और आंख आना, वायरस के अन्य लक्षण हैं. मौके पर मुखिया प्रतिनिधि बबलू खान उप मुखिया रमेश तिर्की टी भी ओ भारत पासवान बजरंग गोप बिदा टंडन धीरज लाल खन्ना अर्पण तिर्की इस्तानिस तिर्की कुणाल टंडन अमन टंडन गौतम कपूर विक्रम नाथ टंडन एवं अन्य ग्रामीण उपस्थित थे ।

झारखण्ड सरकार
कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गोंदा, राँची
Email Id – eedwsd.gonda@gmail.com

अतिअल्प कालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0 –18/2023–24

1.	विभाग का नाम	:–	पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, झारखंड, राँची।
2.	विज्ञापनदाता का नाम	:–	कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गोन्दा, राँची।
3.	परिमाण विपत्र की बिक्री की अंतिम तिथि एवं समय	:–	27.09.2023 को अपराह्न 1.00 बजे तक।
4.	निविदा प्राप्ति की तिथि एंव समय	:–	29.09.2023 को अपराह्न 3.00 बजे तक।
5.	निविदा खोलने की तिथि एंव समय	:–	29.09.2023 को अपराह्न 3.30 बजे ।
6.	परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान	:–	1) कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गोन्दा,राँची। 2) अधीक्षण अभियन्ता, पेयजल एवं स्वच्छता नागरिक अंचल, राँची।
7.	निविदा प्राप्ति एंव खोलने का स्थान:–	:–	कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गोन्दा, राँची।
8.	कार्यो की विवरणी	:–	

क	कार्य का नाम	प्राक्कलित राशि	अग्रधन की राशि	B.O.Q. का मूल्य	कार्य समाप्ति की अवधि।
1.	Improvement of Water supply arrangement & construction of RCC staging 6.00M height with pump house at Qtr No-D/15 Old Dindayal Nagar Booty Road under D.W.&S. Division Gonda Ranchi.	684675.00	14000.00	1250.00	01 Month
2.	Renovation of wash room and Improvement of water supply S/I, sanitary fittings of the Principle Jude (Old Family Court) and Chamber of Chair Man (Old Permanent Lok Adalat) Main Building of Civil Court Jharkhand Ranchi under D.W. & S. Division, Gonda Ranchi.	793630.00	16000.00	1250.00	01 Month
3.	Special repair & Renovation of 10.00M Height RCC staging with pump house & Replacement of damaged HDPE water storage Tank, Improvement of W/S work at Ex. CM House Kanke Road under D.W.& S. Division, Gonda, Ranchi.	822697.00	17000.00	1250.00	01 Month
4.	Seepage repair and renovation of toilet cum bathroom improvement of W/S and sanitary fittings & sewerage works at JM-XVI-Cum- Additional Civil Judge (Jr. Division) XXI, JMFC-XVII cum Additional Civil Judge (Jr. Division) XXII, and In-Charge of CJJD-II, JMFC-X cum CJJD-XX and Judicial Magistrate VI, 1 No (Fast Track Court Building 1st floor & 2 Nos Main Building Ground Floor Civil Court Jharkhand Ranchi under D.W. & S. Division, Gonda Ranchi.	894679.00	18000.00	1250.00	01 Month
5.	Renovation and Re-Construction of stand post & platform premises areas at Hon'ble Chief Justice Residence of Kanke Road Ranchi under D.W. & S. Division, Gonda, Gonda, Ranchi.	1089172.00	22000.00	2500.00	01 Month
6.	Renovation of toilet cum bathroom & Improvement of W/Sand sanitary fittings & sewerage work at Judicial Commissioner Residence Campus of Staff (Fax in Charge) quarter Kanke Road, Ranchi under D.W. & S. Division, Gonda, Ranchi.	1155114.00	24000.00	2500.00	01 Month
7.	Seepage Repair and Renovation of Toilet cum bath room, Improvement of W/S and sanitary fittings & sewerage work at Hon'ble Chief Justice Residence at Kanke Road Ranchi under D.W. & S. Division, Gonda, Ranchi.	1269402.00	26000.00	2500.00	01 Month
8.	Renovation of drain & Re-Construction of drain & sewerage work at Hon'ble Chief Justice Residence of Kanke Road Ranchi under D.W. & S. Division, Gonda, Ranchi.	1613636.00	33000.00	5000.00	01 Month
9.	Supplying & laying of 50mm & 25mm dia U-PVC pipe for gardening premises areas at Hon'ble Chief Justuce Residence of Kanke Road Ranchi under D.W. & S. Division, Gonda, Ranchi.	2481087.00	50000.00	5000.00	01 Month

नियम एवं शर्ते सूचनापट् पर देखा जा सकता हैं।
PR 307299 Drinking Water and Sanitation(23-24)#D
कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गोन्दा, राँची

झारखण्ड सरकार, कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, राँची पूर्व, राँची

अति अल्पकालिन निविदा सूचना –13/2023–24

1)विभाग का नाम :– पेयजल एवं स्वचछता विभाग, झारखण्ड, राँची ।
2)विज्ञापन दाता का नाम :–कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वचछता प्रमंडल, राँची पूर्व राँची ।
3)परिमाण विपत्र की बिक्री की अंतिम तिथि एवं समय :– 28. 9. 2023 अपराह्न 5 बजे तक।
4)निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– 29.9.2023 अपराह्न 3:30 बजे तक।
5)निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 29.9.2023 अपराह्न 4 बजे।
6)परिमाण विपत्र की बिक्री का स्थान:–1) कार्यपालक अभियंता, का कार्यालय,पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, राँची पूर्व, राँची।
2) अधीक्षण अभियन्ता, का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता, राँची अंचल, राँची।
7) निविदा प्राप्ति का स्थान :– 1) कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, राँची पूर्व, राँची।
8) कार्य विवरणी

Sl No.	कार्य का नाम	प्रा० राशि (लाख में)	अग्रधन की राशि (रु० में)	परिमाण वि० का मूल्य	कार्य समाप्ति की अवधि
1.	Improvement of sewerage work by construction of septic tank, soak pit, and manhole chamber its allied works at Quarter no-CD/602/OHC to CD/606/OHC Sector-2 Dhurwa HEC Campus, under D W & S Division Ranchi East, Ranchi.	464576.00	9300.00	750.00	15 Days
2.	Supplying & installation of Iron cum Turbidity Removal filtration plant, Carbon filtration plant with Multiport valve & necessary water supply pipe line and its allied work at Residence of Principal Secretary, Hon'ble Governor Jharkhand under D. W. & S. Division, Ranchi East, Ranchi	782832.00	15700.00	1250.00	15 Days
3.	Seepage repair and renovation of General Bath room, Improvement of W/S, S/I & sewerage work 1st floor at Vidhayak Club and others Jharkhand Vidhan Sabha, HEC Campus Dhurwa, Ranchi.	976136.00	19600.00	1250.00	15 Days
4.	Seepage repair and renovation of General Bath room, Improvement of W/S, S/I & sewerage work Ground Floor at Vidhayak Club and others Jharkhand Vidhan Sabha, HEC Campus Dhurwa, Ranchi.	1266104.00	25400.00	2500.00	30 Days
5.	Seepage repair & Renovation of Toilet and bath room, Improvement of W/Sand sanitary fittings &Sewerage Work at Quarter No B-2290 II, B-797 II, B-1215 II, B-1420/II, A-50 III and others Jharkhand vidhan Sabha pool quarters HEC Campus , Dhurwa, Ranchi.	949827.00	19000.00	1250.00	15 Days
6.	Repairing of damaged water supply pipe and replacement of old and damaged sanitary fittings at C.I.D Head Quarters, Nepal House (Sachiwalaya) Doranda, E/3/8 Hinoo and other Government pool office.	683839.00	13700.00	1250.00	15 Days
7.	Renovation of toilet cum Bath room, improvement of W/S, S/I & sewerage work at Qtr No. - E-348 of Sector - II and others Jharkhand Vidhan Sabha pool quarters, Dhurwa Ranchi	565393.00	11400.00	1250.00	15 Days
8.	Repairing and rewinding /replacing of 2 H.P., 1.5 H.P &1.00 H.P submersible motor pump and starter at different places in Jharkhand Vidhan Sabha Pool Quarter and other places under D.W. & S. Division, Ranchi East, Ranchi.	624883.00	12500.00	1250.00	15 Days
9.	Construction of old & damaged Inspection Chamber, Manhole and sewer line and its allied works at MLA Flat, Guest House H.E.C. Campus Dhurwa Ranchi.	1067412.00	21400.00	2500.00	30 Days
10.	Seepage repair & Renovation of Toilet and bath room, Improvement of W/Sand sanitary fittings &Sewerage Work at Quarter No A-269, B-2099, 2204 of Sector-II and A-42, AH-210 & B-255 of Sector-III and others Jharkhand vidhan Sabha pool quarters HEC Campus , Dhurwa, Ranchi.	1375513.00	27600.00	2500.00	30 Days
11.	Rnovation of drainage system, cleaning of PVC tank and other allied work at 30set Nepal House, 6/28 Officer's Flat and other High Court Pool quarter under D.W.&S. Division, Ranchi East, Ranchi	1560954.00	31300.00	5000.00	1 Month

आवश्यक शर्तों के लिए देखें www.jharkhand.gov.in
Email ID- eedwsd.ranchieast@gmail.com
PR.NO.307334 Drinking Water and Sanitation(23-24):D
कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्व० प्र० राँची पूर्व राँची ।

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
कोल्हान
रांची, गुरुवार, 21 सितंबर 2023 | पेज 5

चक्रधरपुर कांग्रेसजनों ने किया नयनियुक्त अंचल अधिकारी किस्कू का स्वागत

चक्रधरपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता): चक्रधरपुर प्रखंड कांग्रेस कमेटी के एक प्रतिनिधिमंडल ने नये अंचल अधिकारी, गिरिजा नंद किस्कू को बुके देकर स्वागत किया। किस्कू ने प्रतिनिधि को समय सीमा पर कार्य को निष्पादन करने का आश्वासन दिया। मंडल को प्रतिनिधि मंडल में प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष सह 20 सुत्री सदस्य विजय सिंह सामाड,प्रखंड उपाध्यक्ष आर्यन हासदा, प्रखंड कोषाध्यक्ष पूर्ण चंद्र मुखी, प्रखंड सचिव मुचराय महाली, बीस सूत्री सदस्य गोविंद प्रधान, मंडल अध्यक्ष संपु मंडल,महासचिव कार्तिक प्रधान, पंचायत अध्यक्ष सुसेन महाली, सुख लाल जारिका,गोहन सिंह सरदार, बालकृष्ण मुखी, सहदेव भूमिज, विजय सरदार, चढ़ा बोदरा ,राउतु हासदा कांग्रेसी उपस्थित थे आदि।

सुरभि शाखा की महिलाओं ने जुगसलाई गौशाला में की गौ सेवा

जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता): मारवाड़ी युवा मंच स्टील सिटी सुरभि शाखा द्धारा अपने सामाजिक दायित्व का निर्वाह करते हुए जीव संरक्षण के अन्तर्गत जुगसलाई स्थित श्री टाटानगर गौशाला में जाकर गौ सेवा किया गया। गाय की सेवा एक प्रकार से अप्रत्यक्ष रूप से ईश्वर की सेवा ही है को मानते हुए यह कार्यक्रम जीव सेवा की संयोजिका खुशबू कावटिया के सौजन्य से किया गया। कार्यक्रम शाखा अध्यक्ष निशा सिंघल के नेतृत्व में संपन्न हुआ। मौके पर कोषाध्यक्ष ज्योति अग्रवाल भी उपस्थित थी। महिलाओं ने अपने हाथों से गाय को हरी सब्जी और चारा खिलाया।

चंद्रशेखर महतो तीसरी बार बने पटमदा डिग्री कॉलेज के टीचर रिप्रेजेंटेटिव

पटमदा(प्रभात मंत्र संवाददाता): पटमदा डिग्री कॉलेज जाल्ला के शिक्षकों ने मंगलवार को आयोजित बैठक के दौरान शासी निकाय के शिक्षक प्रतिनिधि (टीचर रिप्रेजेंटेटिव) के रूप में रसायन विभाग के व्याख्याता चंद्रशेखर महतो का चयन कर लिया है। इसी के साथ वे तीसरी बार शिक्षक प्रतिनिधि बनाये गए हैं। डिग्री कॉलेज शासी निकाय के सचिव चंद्रशेखर टुडू ने उन्हें बधाई दी है। टुडू ने कहा कि कॉलेज हित एवं छात्र-शिक्षक हित में शासी निकाय का प्रतिनिधित्व करने का मौका मिला है वे ईमानदारी से काम करें उन्हें पूरा सहयोग मिलेगा।

पटमदा डिग्री कॉलेज जाल्ला में हिन्दी भाषा व साहित्य पर कार्यशाला आयोजित

पटमदा(प्रभात मंत्र संवाददाता): बुधवार को पटमदा डिग्री कॉलेज, जाल्ला के सभागार में हिन्दी दिवस के मौके पर हिन्दी भाषा और साहित्य पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि कोल्हान विश्वविद्यालय के पूर्व हिन्दी विभागाध्यक्ष डॉ. लक्ष्मण प्रसाद चंद्र मौजूद थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता डिग्री कॉलेज के सचिव अधिवक्ता चंद्रशेखर टुडू ने किया। मौके पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुमंत कुमार सेन, रामचरितमानस प्रचार समिति के महासचिव संतोष कुमार सिंह, केएमपीएम वोकेशनल कॉलेज के अजय कुमार पाठक, जमशेदपुर वर्कर्स कॉलेज जूलॉजी विभागाध्यक्ष डॉ. जावेद इकबाल, आदिवासी प्लस टू उच्च विद्यालय बांगुड़दा के प्राचार्य सुजीत कुमार सेठ और अंग्रेजी के शिक्षक प्राणकृष्ण कुंभकार मौजूद थे। कार्यक्रम में उपस्थित वक्ताओं ने अपना बहुमूल्य विचार व्यक्त किया। आयोजन को सफल बनाने में मुख्य रूप से डॉ. शालीग्राम मिश्रा, विश्वनाथ महतो समेत समस्त शिक्षकों का सराहनीय योगदान रहा।

नीमडीह में रेल टेका-डहर छेंका का असर, पुलिस व आंदोलनकारियों के बीच झड़प, कई लोग घायल

- नीमडीह चांडिल के बीच तिल्ला फाटक पर सैकड़ो लोगो ने रेल ट्रक किया जाम

प्रभात मंत्र संवाददाता

नीमडीह : कुड़मी समुदाय को अनुसूचित जनजाति में शामिल करने सहित विभिन्न मांगो को लेकर आज आदिवासी कुड़मी समाज अनिश्चितकालीन रेल टेका व डहर छेंका आंदोलन शुरू करने की घोषणा की है। आंदोलन के पहले दिन बुधवार को सुबह से सरायकेला खरसावां व पूर्वी सिंहभूम जिला के विभिन्न क्षेत्रों से नीमडीह स्टेशन पर आंदोलनकारी जमा होने लगा। स्टेशन और आसपास के क्षेत्र में बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया है। रेलवे पुलिस के अलावा जीआरपी, आरपीएफ व जिला पुलिस के जवान महिला बल के साथ मुश्तैद है। बुधवार को सुबह से हावड़ा-चक्रधरपुर, हटिया-टाटा, चक्रधरपुर-गोमो, पुरी-नई दिल्ली पुरुषोत्तम एक्सप्रेस, टाटा-आरा एक्सप्रेस, झाडग्राम-पुरुलिया पैसेंजर, रांची-हावड़ा इंटरसिटी एक्सप्रेस समेत कई अन्य यात्री और मालगाड़ी ट्रेनों का आवागमन सामान्य रूप से हो चुका था। लगभग दोपहर एक बजे आंदोलनकारी का हुजूम रेलवे ट्रैक की ओर जबरन जाने लगा। इस दौरान पुलिस ने आंदोलनकारीयों के उपर लाठीचार्ज कर दिया। आंदोलनकारीयों द्वारा भी जबाव में पत्थरबाजी किया गया। इस झड़प में दोनों तरफ के कई लोग घायल हो गए। जिसमें आरपीएफ के एक एसआई व आंदोलनकारी नीमडीह के ग्राम प्रधान गंभीर रूप से घायल हुए। एसआई को पेट में पत्थर से चोट लगी वहीं पुलिस के लाठी से श्यामल महतो लहूलुहान हो गया।अनिश्चितकालीन रेल टेका व डहर छेंका आंदोलन झारखंड के नीमडीह, घाघरा, मुरी व गोमो रेलवे स्टेशन पर आहूत की गई है। आंदोलन को लेकर कुड़मी समाज के लोग मंगलवार शाम से ही जुटने लगे थे। बुधवार सुबह से रूक-रूककर हो रही बारिश ने आंदोलन में खलल डालने का काम किया। वैसे रघुनाथपुर से नीमडीह स्टेशन और पटमदा की ओर से नीमडीह स्टेशन पहुंचने वाली सड़क पर कुड़मी समाज के आंदोलनकारियों को पुलिस रोककर रखी है। सड़क के दोनों छोर पर महिला व बच्चों के साथ हर उम्र के लोग जुटे है।आंदोलनकारियों ने नीमडीह स्टेशन से एक किमी दूर तिल्ला फाटक के पास रेल ट्रैक किया जाम । समुदाय के प्रतिनिधि एवं समर्थको ने प्रशासन के कड़े मुस्तैदी को देखते हुए,नीमडीह चांडिल के बीच तिल्ला फाटक पर समुदाय के सैकड़ो लोगो ने जाम कर दिया।

धारा 144 के बाद भी जुटे सैकड़ो लोग

इधर, बुधवार की सुबह से ही आदिवासी कुड़मी समाज के लोग बड़ी संख्या में महिला-पुरुषों के साथ पूर्व घोषित कार्यक्रम को लेकर नीमडीह रेलवे स्टेशन ट्रैक जाम करने पहुंचे थे. इससे पूर्व चांडिल एसडीओ रंजीत लोहरा द्वारा आदेश पारित करते हुए रेलवे स्टेशन और रघुनाथपुर- नीमडीह पटमदा सड़क मार्ग पर धारा 144 लागू की गई थी. इसके बावजूद भी सैकड़ो की संख्या में लोगों का वहां जमा हुए. जिसको लेकर पुसिल प्रशासन का तेवर देखने को मिला।

बिष्टुपुर राम मंदिर में महासर माता का वार्षिक उत्सव 28 को

प्रभात मंत्र संवाददाता

जमशेदपुर : बिष्टुपुर स्थित राम मंदिर के एसी हॉल में कुलदेवी महासर माता का द्धितीय वार्षिक उत्सव आगामी 28 सितंबर को आयोजित होगा। जिसमें कोल्हान प्रमंडल के तीनों जिला से श्रद्धालु बढ़ चढ़कर हिस्सा लेंगे। इसको ले जमशेदपुर कोल्हान प्रमंडल की एक बैठक राम मंदिर परिसर में दीपक भालोटिया की अध्यक्षता में संपन्न हुई। उन्होंने बताया कि दिव्य अखंड ज्योत प्रज्वलित की जाएगी। साथ ही अनुष्ठान में देवी का अलौकिक श्रृंगार किया जायेगा, जो आकर्षण का केंद्र होगा। बैठक में मुख्य रूप से गजानंद भालोटिया, प्रदीप मित्तल, संगीता मित्तल, प्रमोद भालोटिया, अनन्त मोहानका, टोनी भालोटिया, भारतेश शर्मा, विजय भालोटिया, गणेश भालोटिया, अमित खेड़िया, राजेश पसारी एवं अमित भालोटिया आदि मौजूद थे।

राज्य स्तरीय तीरंदाजी प्रतियोगिता के लिए चयनित खिलाड़ी को मुखिया ने की मदद

प्रभात मंत्र संवाददाता

पटमदा : एसएस प्लस टू हाई स्कूल पटमदा के विज्ञान संकाय के 12वीं कक्षा का छात्र एवं लावा गांव निवासी कृपा सिंधु मांडी जिला स्तरीय खेलो झारखंड-2023 अंतर्गत तीरंदाजी प्रतियोगिता में तृतीय स्थान हासिल किया है। वह गुरुवार को राज्य स्तर पर रांची में आयोजित प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए रवाना होगा। वह काफी गरीब परिवार का लड़का होने की वजह से उसके पास जूते भी नहीं थे। बुधवार को स्कूल के प्रधानाध्यापक डॉ. मिथिलेश कुमार की पहल पर लावा पंचायत के मुखिया कानुराम बेसरा ने बेलटांड़ बाजार की एक दुकान से स्पोर्ट्स जूते खरीदकर दिया। मौके पर ग्राम प्रधान बृंदावन दास, शम्भू नाथ सोरेन, राहुल अंसारी आदि मौजूद थे।

भुइयाडीह पटेल नगर में दुर्गा पूजा पंडाल हेतु भूमि पूजन संपन्न

प्रभात मंत्र संवाददाता

जमशेदपुर : भुइयाडीह पटेल नगर में दुर्गा पूजा पंडाल के लिए भूमि पूजन विधि विधान के साथ संपन्न हुआ। मौके पर श्री श्री दुर्गा एवं काली पूजा कमेटी के पदाधिकारी और महिलाएं मौजूद थी। भूमि पूजन में मुख्य रूप से भाजपा नेता पवन अग्रवाल, बलदेव भुईया, सामंत चटर्जी, आरके सिंह, टुनटुन सिंह, सजल भट्टाचार्य, एसके मलिक, मुकेश सिंह, पटेल नगर, नीति बाग कॉलोनी आदि के लोग और महिलाएं उपस्थित थे। मुकेश सिंह ने कहा कि पटेल नगर में दुर्गा पूजा का आयोजन दूसरी बार किया जा रहा है।

करीम सिटी कॉलेज के जूलॉजी विभाग में विदाई समारोह का आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

जमशेदपुर : आज करीम सिटी कॉलेज के जूलॉजी विभाग में स्नातक सेमेस्टर-6 अंतिम वर्ष के छात्र छात्राओं का विदाई समारोह आयोजित किया गया । समारोह के मुख्य अतिथि प्राचार्य डा. मोहम्मद रेयाज ने विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। आप यहां से निकाल कर भी अपने विषय में उच्च शिक्षा प्राप्त करें और अपने आप को उस मुकाम तक पहुंचाएं जहां पहुंचकर आपको संतुष्टि प्राप्त हो जाए। जूलॉजी विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ शशि प्रभा ने भी अपने विचार व्यक्त किए और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में विभाग से प्रो नुजहत जहान, प्रो सानिया तहरीम तथा कॉलेज के अन्य शिक्षक भी उपस्थित थे। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों द्वारा मनमोहक नृत्य संगीत प्रस्तुत किया गया। शहिस्ता और फरहाना ने कार्यक्रम का संचालन किया।

केवीपीएसडी मुख्यमंत्री उत्कृष्ट बालिका विद्यालय सरायकेला में किया गया इको क्लब का गठन

प्रभात मंत्र संवाददाता

सरायकेला : कुमार विजय प्रताप सिंह देव मुख्यमंत्री उत्कृष्ट बालिका विद्यालय सरायकेला में इको क्लब का गठन राज्य परियोजना निदेशक कार्यालय के निर्देशानुसार शिक्षा विभाग के असिस्टेंट प्रोग्राम ऑफिसर सुबास कुमार के उपस्थिति में किया गया।मानकों के अनुरूप विद्यालय के प्रधान इसके संरक्षक, विज्ञान शिक्षक समिति के अध्यक्ष तथा विद्यालय में कार्यरत बाल संसद के पर्यावरण मंत्री इस समिति के सचिव होते हैं। इसके अतिरिक्त 09 अन्य सदस्य क्लब में होते हैं। विद्यालय के विभिन्न कक्षा के छात्राओं के साथ सामूहिक बैठक कर छात्राओं का चयन किया गया।क्लब में प्रधानाध्यापक नारायण कुमार संरक्षक , विज्ञान शिक्षक विजय महतो अध्यक्ष एवं बाल संसद के पर्यावरण मंत्री प्रतिमा पड़िहारी, कक्षा 12 सचिव चयनित किए गए। अन्य सदस्यों में मुस्कान कुमारी, मनीषा सतपथि, उर्वशी पाठक, दीपिका शर्मा, शिखा पड़िहारी, आशा पड़िहारी, अनीशा कर मोदक एवं खुशी मोदक सदस्य चुनी गई।

गोपाल मैदान में चल रहे ट्रेड फेयर में उमड़ी भीड़

- बांग्लादेश की जामदानी सिल्क, अफगानिस्तान के ड्राई फ्रूट्स, पाकिस्तानी मार्बल और बैंकॉक ज्वेलरी लोगों को खूब भा रही

प्रभात मंत्र संवाददाता

जमशेदपुर : मिडिया मार्ट एवं एप्पल साइन ग्राफ़िक्स द्वारा संयुक्त रूप से गोपाल मैदान, बिष्टुपुर में आयोजित जमशेदपुर ग्लोबल ट्रेड फेयर 2023 में रोजाना भीड़ उमड़ रही है। शाम होते ही महिला, पुरुष और बच्चे अपने परिवार के साथ मेला का लुफ्त उठाते देखे जा सकते है। बताते चले की मेला में अंतराष्ट्रीय एवं राष्ट्रीय के करीब 250 से अधिक स्टॉल लगे हैं, जिनमें कंज्यूमर गुड्स, ऑटोमोबाइल, फर्नीचर्स, होम एप्लायंसेज, होम डेकॉर, बैंकिंग एंड फाइनेंस, इंटीरियर्स, बिल्डर्स एंड डेवलपर्स, हेंडीक्राफ्ट एंड हैंडलूम, एजुकेशन इंडस्ट्रीज, आईटी एंड इलेक्ट्रॉनिक्स, ब्यूटी एंड फैशन प्रोडक्ट्स, सैलून एंड स्पा, हेल्थ एंड फिटनेस, टूरिज्म, टेक्सटाइल्स, फुटवियर, कंस्यूमर ड्यूरेबल्स, मोबाइल फोन्स, कम्प्यूटर्स, एफएमसीजी इत्यादि के स्टॉल लगे हैं। इसके अलावा ईरान, अफगानिस्तान, थाईलैंड, बंग्लादेश, नेपाल, मलेशिया एवं बैंकौक के स्टॉल और उनमें बिकने वाले सामान मेला के मुख्य आकर्षण के केंद्र हैं। उक्त सभी स्टॉलों में ग्राहकों की काफी भीड़ उमड़ रही है। बांग्लादेश की जामदानी सिल्क, अफगानिस्तान के ड्राई फ्रूट्स, मलेशिया हैंगिंग लाइट्स, पाकिस्तान के मार्बल और बैंकॉक की ज्वेलरी लोगों को खूब भा रही है। डिजाइनर, जातीय एवं पारंपरिक प्रत्यक्ष बुनकरों से सभी प्रकार की शुद्ध हाथ से बुनी रेशम और साड़ियाँ खरीदें, एम्पोरियम सिल्क गैलरी से विशेष बनारसी साड़ियाँ भी यहाँ उपलब्ध है। ज्ञात रहे कि उक्त ट्रेड फेयर 26 सितम्बर तक ही चलेगी।

राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस कार्यक्रम का शुभारंभ

- 9,73,417 बच्चों और किशोर-किशोरियों को खिलाई जायेगी एल्बेंडाजोल की गोली

प्रभात मंत्र संवाददाता

जमशेदपुर : पुर्वी सिंहभूम जिले में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस कार्यक्रम का जिला स्तरीय शुभारम्भ उप विकास आयुक्त मनीष कुमार के द्वारा सुंदरगढ़ के नंदूप आंगनबाड़ी केंद्र मे बच्चों को एल्बेंडाजोल की दवा खिला कर किया गया। जिले में 01 से 19 वर्ष तक के 09 लाख 34 हजार 417 बच्चों और किशोर-किशोरियों को एल्बेंडाजोल की गोली खिलाने का लक्ष्य रखा गया है। प्रखंड बेहरागोड़ा में 69650, चाकुलिया में 53610, धालभुमगढ़ में 44783, डुमरिया में 28571, गोलमुरी जुगासलाई में 497771, घाटशिला में 60655, मुसाबनी में 44403, पटमदा में 75600 और प्रखंड पोटका में 97389 बच्चों को कृमि मुक्ति के दवा खिलाई जाएगी।इस अवसर पर उप विकास आयुक्त ने बताया कि स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग के नेतृत्व में महिला एवं बाल विकास विभाग और शिक्षा विभाग के सक्रिय सहयोग से राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस कार्यक्रम चलाया जा रहा है। उन्होंने कार्यक्रम में शामिल सभी प्रथम सेवा प्रदाताओं को जिले में आयोजित किए जा रहे डिवर्मिंग कार्यक्रम की सफलता सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। साथ ही माता-पिता और अभिभावकों से अपील किया कि वे स्वयं सुरक्षा दिशा निर्देशों का पालन करते हुए कृमि मुक्ति कार्यक्रम के दौरान प्रथम सेवा प्रदाताओं को अपना पूरा सहयोग प्रदान करें। साथ ही उन्होंने बताया कि मॉप अप दिवस 29 सितंबर को आयोजित किया जाएगा।

कांग्रेस ने पटमदा में पदयात्रा निकाल राहुल गांधी के संदेश को आमजनों को तक पहुंचाया

प्रभात मंत्र संवाददाता

जमशेदपुर : पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस कमेटी के जिला अध्यक्ष आनंद बिहारी दुबे कड़ा तेवर का असर अब शहर से गांव तक दिखने लगा है। जहां प्रखण्ड संगठन प्रभारी अब अपने अपने क्षेत्र में प्रखंड और पंचायत टीम के साथ आम जनता के बीच नजर आ रहे है। वहीं पटमदा प्रखण्ड कांग्रेस संगठन प्रभारी मौलाना अंसार खान अपने टीम के साथ आज कटिंग चौक, मार्केट में पदयात्रा निकालकर राहुल गांधी के भारत जोड़ो यात्रा के हैंड बिल पेपर को मार्केट, ऑटो ड्राइवर, और राहगीरों के बीच बांटा। पदयात्रा के दौरान काफी पुराने कांग्रेसी में शामिल हुए। पदयात्रा में कई पंचायत के लोग शामिल हुए। इससे पूर्व पटमदा के 15 पंचायत दौरा के दौरान पटमदा के क्षेत्र कटिंग चौक पर शेख सिराजुद्दीन और लक्ष्मण गोरी की अध्यक्षता में बैठक किया गया। बैठक में आंसर खान ने जोर देते हुए सभी पंचायत कमेटी का गठन करना अनिवार्य बताया। कहा जब पंचायत कमेटी मजबूत होगी तभी हम कामयाब हो सकते हैं। सभी पंचायत कमेटी के अध्यक्ष अपनी कमेटी बनाकर जल्द से जल्द फार्म जमा कर दे। पंचायत कमेटी बनने के बाद हर पंचायत में पदयात्रा निकाली जाएगी। बैठक के बाद शेख सिराजुद्दीन, सुनील चंद्र मिश्रा मगाराम सोनकर, लक्ष्मण गोरी, मंसाराम त्रिपाठी, बाबूलाल महतो, जगन्नाथ घोषाल, समीरान मिश्रा आदि शामिल हुए।

सोना देवी यूनिवर्सिटी में नए विद्यार्थियों के लिए ओरिएंटेशन कार्यक्रम आयोजित

प्रभात मंत्र संवाददाता

जमशेदपुर : सोना देवी यूनिवर्सिटी, घाटशिला में बुधवार को नए विद्यार्थियों के लिए ओरिएंटेशन कार्यक्रम 2023-24 का आयोजन किया गया। इस मौके पर बतौर मुख्य अतिथि फार्मेसी कार्उंसिल आफ इंडिया के झारखंड प्रतिनिधि धर्मेंद्र कुमार सिंह उपस्थित थे। इस मौके पर अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि पूरे जिले के लिए घाटशिला अनुमंडल का यह विश्वविद्यालय एक बड़ी उपलब्धि है क्योंकि हमारे क्षेत्र में एक गुणवत्तापूर्ण विश्वविद्यालय की कमी है जिसे सोना देवी विश्वविद्यालय निश्चित तौर पर पूरी करेगा ऐसा उन्हें विश्वास है। इस मौके पर विश्वविद्यालय के संस्थापक अध्यक्ष प्रभाकर सिंह ने कहा कि वह विद्यार्थियों व अभिभावकों को पूरी तरह अश्वस्त करते हैं की सोना देवी यूनिवर्सिटी में उच्च गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान की जाएगी। इस मौके पर विश्वविद्यालय के कुलपति- डॉक्टर जेपी मिश्रा ने भी विश्वविद्यालय से संबंधित बातों की ओर सभी का ध्यान आकृष्ट कराया। इस मौके पर मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह देखकर व शॉल ओढ़कर सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम का संचालन अनुस्वा राय व धन्यवाद ज्ञापन विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार डॉक्टर गुलाब सिंह आजाद ने दिया। इस मौके पर विश्वविद्यालय के विभिन्न स्कूलों के संकाय सदस्य के साथ-साथ काफी संख्या में विद्यार्थी व अभिभावक उपस्थित थे। इस मौके पर बताया गया कि आगामी 26 सितंबर से नियमित कक्षाएं शुरू हो जाएंगे।

संपादकीय

आपातकाल की मानसिकता

कांग्रेस के नेतृत्व में बने आईएनडीआई गठबंधन की ओर से देश के 14 पत्रकारों की सूची जारी करते हुए उनका बहिष्कार किया गया है। इस गठबंधन में शामिल राजनीतिक दलों के प्रवक्ता अब से इन पत्रकारों से संवाद नहीं करेंगे। आईएनडीआई गठबंधन के इस निर्णय की भारी आलोचना हो रही है। केवल उनके समर्थक पत्रकार और बुद्धिजीवी ही मीडिया विरोधी इस कदम की सराहना कर रहे हैं। असल में कांग्रेस सहित अन्य राजनीतिक दल ऐसे ही पत्रकार चाहते हैं जो उनकी जी-हुजूरी करें। वे नहीं चाहते कि उनकी राज्य सरकारों से सवाल पूछे जाएं। वे नहीं चाहते कि उनके नेता जब हिन्दू धर्म के बारे में कुछ भी अनाप-शनाप बोलें, तब उनसे सवाल पूछे जाएं। वे नहीं चाहते कि देश की प्रतिष्ठा को धूमिल करनेवाले उनके बयानों पर चर्चा हो। जो कल तक प्रेस स्वतंत्रता सूचकांक दिखाकर भारत की पत्रकारिता की स्वतंत्रता की बात करते थे, वे ही आज चाहते हैं कि पत्रकार उनसे तीखे सवाल नहीं पूछें। उल्लेखनीय है कि कांग्रेस के मुख्य नेता राहुल गांधी ने अपने विदेश दौरे पर भारतीय मीडिया के संदर्भ में कहा था कि भारत में मीडिया को स्वतंत्रता नहीं है। मेरा मानना है कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए मीडिया की स्वतंत्रता आवश्यक है। उन्होंने यह भी कहा था कि मीडिया को आलेचना करने की स्वतंत्रता होनी चाहिए। नेताओं को अपनी आलोचना सुनने की क्षमता रखनी चाहिए। परंतु उनके नेताओं का व्यवहार क्या है? वे सब पत्रकारों से लड़ रहे हैं। पत्रकारों पर आक्षेप लगा रहे हैं। इसका मतलब तो यही हुआ कि कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों के नेताओं को आलोचना तो दूर, वे पत्रकार भी पसंद नहीं जो उनके मन की बात न कहें। विपक्ष को एक बात अच्छी प्रकार से समझ लेनी चाहिए कि मीडिया का काम विपक्ष या सत्ता पक्ष का भौंपू बनना नहीं है। मीडिया स्वतंत्रत है। जिसकी भी सोच और नीति देश एवं समाज के विरुद्ध होगी, उसकी आलोचना मीडिया करेगा। विपक्ष की गलतियों, भारत और हिन्दू विरोधी विचारों पर सवाल न पूछे जाएं, यह संभव नहीं है। जिन पत्रकारों ने कांग्रेस द्वारा देश पर थोपा गया आपातकाल देखा है, वे आईएनडीआई गठबंधन के इस निर्णय के पीछे उसी आपातकाल वाली मानसिकता की अनुभूति कर रहे हैं। कांग्रेस की सरकार और तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के इशारे पर तब भी पत्रकारों की ऐसी ही सूचियां बनाई गईं थी। जो कांग्रेस की जी-हुजूरी कर रहे थे और 'इंदिरा इज इंडिया' का नारा लगा रहे थे, ऐसे पत्रकारों को सरकार ने सहूलियत दी और जिन्होंने कांग्रेस की सरकार को आईना दिखाने का प्रयास किया, उनकी बिजली काट दी गई, ताकि समाचारपत्र-पत्रिकाएं प्रकाशित न हो पाएं। उनको जेल में डाल दिया गया। उनको भयाक्रांत किया गया। ऐसे समाचारपत्रों पर सेंसर बिठा दिया गया, जो भी प्रकाशन के लिए जाता, उसे एक बार सरकारी बाबू जाँचता था। आज भी कांग्रेस और उसके सहयोगी दल मीडिया से यही अपेक्षा कर रहे हैं। जहाँ उनकी सरकारें हैं, वहाँ वे पत्रकारों को भयाक्रांत करने के लिए पुलिस प्रकरण भी दर्ज करा रहे हैं। यह सूची भी पत्रकारों को डराने का एक उपक्रम है। अन्यथा इस सूची में और भी नाम होते। देश की आम जनता से आ रही प्रतिक्रियाओं के आधार पर कहा जा सकता है कि मीडिया का मुंह बंद करने का यह प्रयास आईएनडीआई गठबंधन को बहुत भारी पड़ने वाला है। विशेषकर कांग्रेस को इसका अधिक नुकसान होगा। आपातकाल के साथ ही कांग्रेस के माथे पर मीडिया के बहिष्कार का यह एक और कलंक हमेशा के लिए चिपक गया है। आश्चर्य है कि कांग्रेस ने यह भूल कैसे की? उसे यह ध्यान क्यों नहीं आया कि जब भारत के पत्रकार आपातकाल के अत्याचार से नहीं डरे, तब इस बहिष्कार से क्या प्राप्त होगा। भारतीय जनता पार्टी आपातकाल के दौर में भी अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता, मीडिया की स्वतंत्रता, लोकतंत्र और संविधान के लिए आगे आई थी, इस अवसर पर भी वह मीडिया के साथ खड़ी दिख रही है।

असल में कांग्रेस सहित अन्य राजनीतिक दल ऐसे ही पत्रकार चाहते हैं जो उनकी जी–हुजूरी करें। वे नहीं चाहते कि उनकी राज्य सरकारों से सवाल पूछे जाएं। वे नहीं चाहते कि उनके नेता जब हिन्दू धर्म के बारे में कुछ भी अनाप–शनाप बोलें, तब उनसे सवाल पूछे जाएं। वे नहीं चाहते कि देश की प्रतिष्ठा को धूमिल करनेवाले उनके बयानों पर चर्चा हो। जो कल तक प्रेस स्वतंत्रता सूचकांक दिखाकर भारत की पत्रकारिता की स्वतंत्रता की बात करते थे, वे ही आज चाहते हैं कि पत्रकार उनसे तीखे सवाल नहीं पूछें। उल्लेखनीय है कि कांग्रेस के मुख्य नेता राहुल गांधी ने अपने विदेश दौरे पर भारतीय मीडिया के संदर्भ में कहा था कि भारत में मीडिया को स्वतंत्रता नहीं है। मेरा मानना है कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए मीडिया की स्वतंत्रता आवश्यक है। उन्होंने यह भी कहा था कि मीडिया को आलेचना करने की स्वतंत्रता होनी चाहिए। नेताओं को अपनी आलोचना सुनने की क्षमता रखनी चाहिए। परंतु उनके नेताओं का व्यवहार क्या है? वे सब पत्रकारों से लड़ रहे हैं। पत्रकारों पर आक्षेप लगा रहे हैं। इसका मतलब तो यही हुआ कि कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों के नेताओं को आलोचना तो दूर, वे पत्रकार भी पसंद नहीं जो उनके मन की बात न कहें। विपक्ष को एक बात अच्छी प्रकार से समझ लेनी चाहिए कि मीडिया का काम विपक्ष या सत्ता पक्ष का भौंपू बनना नहीं है। मीडिया स्वतंत्रत है।

कुछ अलग

सूचना तंत्र की भूमिका

जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग में आतंकवादियों से हुई मुठभेड़ में सेना के दो आला अफसरों और एक पुलिस अधिकारी की मौत की घटना से कई सवाल फिर सामने आ खड़े हुए हैं। यह घटना आतंकवादियों की मौजूदगी की खुफिया सूचना मिलने के बाद स्थानीय पुलिस और सेना के एक संयुक्त ऑपरेशन के दौरान हुई। एक महीना पहले ही कुलगाम में एक मुठभेड़ के दौरान सेना के तीन जवान शहीद हुए थे। तब भी इलाके में आतंकवादियों की मौजूदगी से जुड़ी सूचनाएं मिलने के बाद अभियान शुरू किया गया था। उससे पहले मई की शुरुआत में राजौरी में आतंकवादी हमले में पांच सैनिक मारे गए थे। बड़ी बात यह है कि इस घटना में उसी आतंकी गुट का हाथ होने का संदेह था, जिसने करीब 15 दिनों पहले 20 अप्रैल को पुंछ में सेना के ट्रक पर हमला किया था। उस हमले में पांच जवान शहीद हुए थे। ये घटनाएं स्पष्ट कर देती हैं कि छिटपुट ही सही जम्मू-कश्मीर में आतंकवादियों की हरकतें जारी हैं। हालांकि इसमें कमी निश्चित रूप से आई है। अगर पिछले कुछ वर्षों की स्थिति के संदर्भ में देखा जाए तो फर्क स्पष्ट नजर आता है। 2020 में 126, 2021 में 129 और 2022 में 125 आतंकी घटनाएं दर्ज की गई थीं। इस मुकाबले इस साल 31 जुलाई तक 30 आतंकी घटनाओं की सूचना है। मुठभेड़ की घटनाओं में भी कमी आई है। 2020 में 118, 2021 में 100 और 2022 में हुई 117 के मुकाबले इस साल 31 जुलाई तक 24 मुठभेड़ हुईं। इससे दो बातें साफ हैं। एक तो यह कि इन घटनाओं की फ्रीक्वेंसी में कमी है जो बताती है कि आतंकी गिरोहों का काम पहले के मुकाबले कठिन हो गया है। वे पहले जितनी आसानी से अपनी साजिशों को अंजाम नहीं दे पा रहे। लेकिन इसी से यह बात भी साफ है कि आतंकी नेटवर्क अब भी पूरी तरह जाम नहीं हो पाया है। सीमा पार से संचालित इस नेटवर्क की सक्रियता बताती है कि इस पर अंकुश लगाने की दिशा में अब भी बहुत कुछ करना बाकी है। हालांकि जम्मू-कश्मीर में जमीन पर आए बदलाव को अनदेखा नहीं किया जा सकता। जानकार बताते हैं कि पहले जिस तरह सीमा पार से भेजे जाने वाले आतंकियों को गांवों या शहरों में ठिकाने मिल जाया करते थे और वे आम आबादी के साथ ही अपने रहने का इंतजाम कर लिया करते थे, वह अब संभव नहीं हो पाता। ये आतंकी अब प्रायः जंगलों में ही अपना ठिकाना बनाते हैं। लेकिन इसी बिंदु पर खुफिया सूचनाओं के स्थानीय तंत्र पर काम किए जाने की जरूरत भी रेखांकित होती है। आतंकवादियों को रोकने और उनके नेटवर्क को तबाह करने के लिए पुख्ता सूचनाएं मिलनी जरूरी हैं और अगर इसमें लोगों का साथ मिले तो पुलिस-प्रशासन और आर्मी का काम आसान हो जाता है।

रूस की महाशक्ति वाली छवि का यह सच सबसे दागदार है कि रूबल दुनिया की सबसे अभिशप्त और जोखिम भरी करेंसी मानी जाती है

टाइम मशीनः इतना अभिशप्त रूबल,...तो क्या इतिहास दोहरा रहे हैं राष्ट्रपति पुतिन

अंशुमान तिवारी

अब एक डॉलर में सौ रूबल आते हैं। महाशक्ति की करेंसी अपने ताजा इतिहास के सबसे बुरे दौर में है। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की युद्धलिप्सा का एक नतीजा तो आ गया है। रूस की अर्थव्यवस्था तबाह और बर्बाद हो गई। करेंसी यानी रूबल कुछ इस कदर टूटी कि क्या रूसी केंद्रीय बैंक या क्या क्रेमलिन, कुछ करते नहीं बन रहा। रूस का अधिकांश विदेशी मुद्रा भंडार जब्त हो चुका है। अब रूबल को सहारा देने के लिए कुछ नहीं है, बस करेंसी का छापाखाना बचा है। नोट छपेंगे, तो मुद्रास्फीति की महादशा शुरू हो जाएगी, जिसे हाइपर इन्फ्लेशन कहते हैं। रूस इसी आर्थिक तबाही की तरफ बढ़ रहा है।

बीते साल यानी 2022 की फरवरी में पहली बार रूस यूक्रेन युद्ध की लपटों ने रूबल को घेर लिया था। इसके बाद रूस की करेंसी का पतन शुरू हो गया। मगर जरा ठहरिए, रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन इतिहास दोहरा रहे हैं। वह उन रूसी शासकों की जमात में शामिल हो गए हैं, जिन्होंने देश की करेंसी का तिया-पांचा कर दिया। रूस की महाशक्ति वाली छवि का यह सच सबसे दागदार है कि रूबल दुनिया की सबसे अभिशप्त और जोखिम भरी करेंसी मानी जाती है। रूबल के इतिहास को मुद्रा संकटों का इतिहास कहकर भी पढ़ाया जा सकता है। आइए, हे टाइम मशीन, अपनी सीट पकड़िए। कुर्सी की पेटी बांधिए।

हमारा अगला पड़ाव होगा 16 वीं सदी का रूस, जहां आपको मिलेंगे नकली सिक्के, जिनकी वजह से रूबल का जन्म हुआ। बात 1530 के दशक की है। लिथुआनिया की राजकुमारी एलिना ग्लिंस्काया रूस पर राज कर रही थीं। आइवन द टेरिबल यानी रूस का पहला जार या सम्राट इसी रानी एलिना ग्लिंस्काया का बेटा था। तब टेरिबल शब्द का इस्तेमाल भय नहीं, ताकत के लिए किया जाता था।

रानी एलिना के दौर में रूस ने पहले मौद्रिक संकट का सामना किया। तब तक कोई आधिकारिक करेंसी नहीं थी, तो अचानक बाजार में नकली सिक्कों की भरमार हो गई। रानी ने चांदी का रूबल शुरू किया। यह आज के रूबल का सबसे पहला पूर्वज था। वह रूस की पहली हार्ड करेंसी थी। वर्ष 1662 में रूस में नया मुद्रा संकट आ गया। उस वक्त जार एलेक्सी मिखालोविच का शासन था। रूस और पोलैंड के बीच युद्ध चल रहा था। जार एलेक्सी को सेना के लिए संसाधनों की जरूरत थी, तो जार ने तांबे के सिक्के चला दिए, जो चांदी के रूबल से बदले जाते थे।

18वीं सदी के मध्य में रानी कैथरीन द्वितीय ने कागज के नोट की शुरुआत की। इस नोट में चांदी थी यानी सिल्वर स्टैंडर्ड। लोगों को कागज के नोट समझ में नहीं आए, लेकिन रूस कागजी करेंसी जारी करता रहा। इतने नोट छाप डाले गए कि चांदी का स्टैंडर्ड ही ध्वस्त हो गया। यानी जितनी चांदी रिजर्व में थी उससे ज्यादा नोट दौड़ गए।

वह रूस की मुद्रा का पहला सबसे बड़ा अवमूल्यन था। चांदी के बदले तांबे के सिक्के देखकर लोग नाराज हो गए। रूस में दंगे भड़क उठे। उसे कॉपर रायट्स के नाम से जाना जाता है। जार ने बलवाइयों को रौंद डाला, मगर तांबे के सिक्के भी बंद हो गए। उसके बाद फिर रूबल को मुद्रा के तौर पर स्थिर होने में 40 साल लग गए।

टाइम मशीन में बैठकर 18 वीं सदी तक आते हुए आप यह पूछने पर मजबूर हो जाएंगे कि क्या रूस के शासक मौद्रिक संकट पैदा करने के शौकीन थे। 18 वीं सदी के मध्य में रानी कैथरीन द्वितीय ने कागज के नोट की शुरुआत की। यह नोट सिल्वर स्टैंडर्ड था। रूसी लोगों को कागज के नोट समझ में नहीं आए, लेकिन कागजी करेंसी जारी होती रही। इतने नोट छाप डाले गए कि चांदी का स्टैंडर्ड ही ध्वस्त हो गया। यानी जितनी चांदी रिजर्व में थी, उससे ज्यादा नोट दौड़ गए। यह भी रूबल का अवमूल्यन ही था। रानी कैथरीन एक बड़ा मौद्रिक संकट छोड़कर दुनिया से रुखसत हुईं। जार निकोलस द्वितीय के वित्त मंत्री थे सर्गेइ विटे। उन्होंने 1895 में रानी कैथरीन का फैसला बदला। कागज के नोट बंद हुए और फिर सोने का रूबल। इसके कुछ वर्षों बाद रूबल की कीमत में मजबूती आई। लेकिन रूस के शासक कहां मानने वाले थे? इसलिए रूबल की अच्छी किस्मत उम्रदराज साबित नहीं हुई। पहले विश्वयुद्ध के दौरान रूस में आर्थिक संकट गहराने लगा था। वर्ष 1917 के रूस में क्रांति हुई, जार शासन का अंत हुआ, तो बोल्शेविक ने बूर्जुआ अर्थव्यवस्था को रीढ़ तोड़ने के लिए एक सनकी फैसला कर डाला। नई सरकार ने जान-बूझकर इतने कागजी रूबल छापे कि पांच साल में रूसी मुद्रा का 50 मिलियन (पांच करोड़) गुना अवमूल्यन हो गया।

चौंकिए मत...

पांच करोड़ गुना अवमूल्यन! यह रूस की कुख्यात हाइपर इन्फेलशन थी। कुछ ही वक्त में बोल्शेविक को समझ में आ गया कि कितनी बड़ी आफत बुला ली है। संकट इतना बढ़ा कि सरकार ने गोल्ड स्टैंडर्ड आधारित नई करेंसी जारी की। जोसेफ स्टालिन वैसे तो ताकतवर थे, मगर मौद्रिक प्रबंधन के स्कूल में शायद सही पढ़ाई नहीं की थी। उनका दौर रूबल के लिए विपित्त से भरा रहा। खूब नोट छापे गए। महंगाई बढ़ी। रूबल पिटता रहा। रूसियों की क्रय शक्ति टूटती रही। इस बुरे हाल के बीच दूसरे विश्वयुद्ध की तोपें गरज उठीं। हिटलर रूस पर चढ़ आया। संकट के दौर में स्टालिन ने कई तरह की मौद्रिक पाबंदियां आयद कर दीं। रूबल फिर टूटकर जमीन से जा लगा।

वर्ष 1947 में जब भारत में आजादी का सूर्य उग रहा था, उस समय रूस में कम्युनिस्ट पार्टी का कुख्यात मौद्रिक सुधार एक बड़े संकट में बदल गया। इतिहासकार लिखते हैं, दूसरे विश्वयुद्ध के दौरान रूस में खूब मुनाफाखोरी हुई थी। इससे नाराज सरकार ने बाजार से नकदी घटाने का फैसला किया, ताकि मुनाफाखोरों को नुकसान हो। मगर वह फैसला लागू होता, इससे पहले लोगों को इसकी भनक लग गई। रूसी लोग मुद्रा संकटों से इतने बेहाल हो चुके थे थे कि वे बैंकों की तरफ दौड़ पड़े। रूबल निकाल कर सामान जुटाने की होड़ लग गई। वह संकट रूबल की साख पर भारी पड़ा। स्टालिन के उत्तराधिकारी निकिता ख्रुश्चेव भी ढाक के तीन पात निकले। वर्ष 1961 में रूबल का एक और बड़ा अवमूल्यन हुआ। सुधारवादी गोर्बाचोव भी रूस की मुद्रा का अभिशाप दूर नहीं कर सके। वर्ष 1991 में गोर्बाचोव के युग तक रूबल के कुछ और अवमूल्यन हुए। वर्ष 1990 में छोटे समय के लिए जरूरी सामान की कीमतें बुरी तरह बढ़ गईं। यदि आप टाइम मशीन से 1991 में आ गए हैं, तो आपकी मुलाकात रूसी बैंकों के सामने लाइन में लगे लोगों से होगी। गोर्बाचोव ने 50 और 100 रूबल के नोट बंद कर दिए गए। लोगों को नोट बदलने के लिए केवल तीन दिन का समय मिला।

कुछ याद आया ... !

2016 की भारतीय नोटबंदी!

गोर्बाचोव के तथाकथित सुधारों के बाद रूबल का एक और बड़ा अवमूल्यन हुआ।

बोरिस येल्तसिन मार्केट रिफॉर्म, भ्रष्टाचार और भयानक महंगाई लेकर आए। वर्ष 1998 में रूस गहरे आर्थिक संकट में धंस गया। कई बैंक डूबे और साथ में डूब गया बेचारा रूबल। बाद के वर्षों में रूस ने अपनी अर्थव्यवस्था को कच्चे तेल पर केंद्रित कर लिया। जब-जब तेल की कीमत गिरी, रूबल पसीना छोड़ गया। वर्ष 2008 में ग्लोबल बैंकिंग संकट में रूबल को गहरे घाव लगे थे।

सिर्फ चकाचौंध काफी नहीं, एजेंडा पूरा करने के लिए बदलनी होंगी नीतियां या सरकार

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वाकई एक शो-मैन हैं। जी-20 सम्मेलन में तमाम वैश्विक नेताओं की मौजूदगी में भी वह विश्वास से भरे और सहज लग रहे थे। उनके पास एक टीम है, जो उनके बोलने के लिए नोट्स तैयार करती है, ताकि उनके मुंह से कोई गलत शब्द न निकले। इतना ही नहीं, अपने किसी मंत्री को एक इंच भी जगह दिए बगैर कैमरे के पूरे फ्रेम पर कब्जा कैसे करना है, यह कोई उनसे सीखे! माननीय प्रधानमंत्री ने अपनी आदत के अनुसार न सिर्फ मीडिया को खुद से दूर रखा, इसके साथ ही, उनकी सरकार ने यह भी सुनिश्चित किया, कि अमेरिकी राष्ट्रपति बाइडन उत्साही पत्रकारों से सवाल न ले पाएं। अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल की निराशा समझी जा सकती है, जब उन्हें यह बताया गया कि बाइडन अब अगले पड़ाव वियतनाम में जी-20 सम्मेलन से जुड़े सवालों का जवाब देंगे।

चकाचौंध से भरी शैली

पैसों की तो कोई कमी है ही नहीं। पूरी दिल्ली की सड़कों की मरम्मत की गई, गमले, पेड़-पौधे, घास लगाई गईं। मूर्तियां और होर्डिंग्स लगाए गए और पूरी दिल्ली को रोशनी से नहला दिया गया। एक शहर में जितनी सजावट की जरूरत होती है, उससे ज्यादा की गई। आलम यह है कि सजावट की जो सामग्री बच गई है, उनका अगले आयोजन स्थल रियो डि जेनेरियो में भी उपयोग किया जा सकता है! हर तरफ एक ही चेहरा था। यहां तक कि दौरे पर आए नेतागणों को भी किसी विज्ञापन बोर्ड में रत्ती भर जगह नहीं दी गई।

भारी-भरकम घोषणाएं

ऐसे सम्मेलनों के बाद भारी-भरकम घोषणापत्र अमूमन जारी किए ही जाते हैं, दिल्ली घोषणापत्र भी इसका अपवाद नहीं रहा। मिसाल के लिए, इसकी कुछ पंक्तियां : 'हम इतिहास के एक निर्णायक क्षण में खड़े हैं, और यहां हम जो फैसले लेंगे, वे हमारे लोगों और हमारे ग्रह के भविष्य को निर्धारित करेंगे।' मुझे लगता है कि यही शब्द पिछले सम्मेलनों में भी उपयोग में लाए गए होंगे और निस्संदेह, भविष्य में भी लाए जाएंगे।

सकारात्मक उपलब्धियां

यूक्रेन पर युद्ध थोपा गया है, सीधे-सीधे यह न कहते हुए भी यूक्रेन में युद्ध के लिए सही शब्दों का इस्तेमाल करना। फिर, रूस और अमेरिका (सहयोगियों समेत) को शब्दों के इस हेर-फेर पर सहमत करना वाकई उपलब्धि है। पुतिन और जिनपिंग की गैर-मौजूदगी ने शायद यह काम आसान कर दिया। मुझे ऐसा महसूस हुआ कि कोई भी यूक्रेन पर बात नहीं करना चाहता था, ताकि आर्थिक मुद्दे सम्मेलन में केंद्रीय महत्व के बने रहें, जो कि जी- 20 का मुख्य क्षेत्र है। सभी देशों के लिए व्यापार व निवेश का एक अनुकूल माहौल तैयार करने और 2024 तक सभी सदस्य देशों के लिए एक पूर्ण व बेहतर ढंग से संचालित होने वाली विवादों के निपटान की व्यवस्था तैयार करने के लिए विश्व व्यापार संगठन के प्रति सशक्त प्रतिबद्धता व्यक्त करना। विश्व व्यापार संगठन की महानिदेशक सुश्री नगोजी ओकोन्जो-आइवियेला ने जी-20 पर जरूर नजर रखी होंगी। श्रम बल भागीदारी में अंतराल में कमी लाने, रोजगार के अवसरों तक समावेशी पहुंच को कायम करने, वेतन में लिंगाधारित फर्क में कमी लाने, यौन हिंसा, महिलाओं के खिलाफ होने वाले दुर्व्यवहार और उत्पीड़न सहित सभी तरह की लिंगाधारित हिंसा में कमी लाने, कार्य-स्थलों पर सुरक्षा सुनिश्चित करने और लैंगिक असमानताओं को कायम रखने वाली रूढ़ियां खत्म करने के प्रति प्रतिबद्धता जताई गई। आतंकवाद के सभी रूपों की निंदा की गई। इसमें जाति संहार, नस्लवाद और असहिष्णुता के दूसरे सभी रूपों के आधार पर धर्म के नाम पर किया जा रहा आतंकवाद शामिल है। शांति के लिए सभी धर्मों के प्रति प्रतिबद्धता जाहिर की गई। कुल मिलाकर 34 पृष्ठों और 83 पैराग्राफों वाली यह घोषणा, पहले की गई घोषणाओं और पहलों का पुनर्पाठ मात्र थीं।

चुनौतियां

सरकार के इस दावे को मीडिया ने भी श्रद्धापूर्वक कवर किया कि भारत ने जी-20 देशों के बीच एक प्रमुख दर्जा हासिल कर लिया है और 2023 की भारतीय अध्यक्षता सही मायनों में ऐतिहासिक रही। भारत ने यह दावा भी किया है कि इस दर्जे को पाने की मुख्य वजह आर्थिक मोर्चे पर किया गया उसका असाधारण प्रदर्शन और प्रधानमंत्री का नेतृत्व है। सबको पता है कि जी-20 की अध्यक्षता किसी प्रतिस्पर्धी बोली से नहीं जीती जाती। यह तो चक्रीय क्रम में चलती है। वर्ष 2024 में ब्राजील अध्यक्ष होगा और फिर, 2025 में दक्षिण अफ्रीका। 2026 में अमेरिका के अध्यक्ष बनने के साथ नया चक्र शुरू होगा। इसके अलावा, पिछले नौ वर्षों में भारतीय अर्थव्यवस्था का प्रदर्शन असाधारण भी नहीं रहा है। भारत की विकास दर तो मध्यम (औसतन 5.7 फीसदी) रही है। प्रिंसटन यूनिवर्सिटी के विजिटिंग प्रोफेसर डॉ. अशोक मोदी सहित अन्य लोगों ने भी वृद्धि के बताए जा रहे आंकड़े की आलोचना की है। उन्होंने बताया है कि 2023-24 की पहली तिमाही में 7.8 फीसदी की वृद्धि 'उत्पादन से आय' पर आधारित थी, जबकि व्यय पक्ष में वृद्धि केवल 1.4 फीसदी थी, और इस त्रुटि की व्याख्या तक नहीं की गई। एनएसओ ने पहले आंकड़े को सही माना है और यह भी, कि दूसरे नंबर को समय आने पर सही कर लिया जाएगा। प्रोफेसर मोदी के अनुसार, 'जब हम भारतीय आंकड़ों पर बीईए पद्धति लागू करते हैं, तो सबसे हालिया विकास दर 7.8 प्रतिशत से गिरकर 4.5 प्रतिशत हो जाती है।' हमें प्रोफेसर मोदी के निष्कर्ष को स्वीकार करने की जरूरत नहीं है, लेकिन धीमी वृद्धि, बढ़ती असमानताओं और नौकरियों की कमी के बारे में उनकी टिप्पणियां निर्विवाद हैं।

वर्ष 2024 में ब्राजील अध्यक्ष होगा और फिर, 2025 में दक्षिण अफ्रीका। 2026 में अमेरिका के अध्यक्ष बनने के साथ नया चक्र शुरू होगा। इसके अलावा, पिछले नौ वर्षों में भारतीय अर्थव्यवस्था का प्रदर्शन असाधारण भी नहीं रहा है। भारत की विकास दर तो मध्यम (औसतन 5.7 फीसदी) रही है। प्रिंसटन यूनिवर्सिटी के विजिटिंग प्रोफेसर डॉ. अशोक मोदी सहित अन्य लोगों ने भी वृद्धि के बताए जा रहे आंकड़े की आलोचना की है। उन्होंने बताया है कि 2023–24 की पहली तिमाही में 7.8 फीसदी की वृद्धि 'उत्पादन से आय' पर आधारित थी, जबकि व्यय पक्ष में वृद्धि केवल 1.4 फीसदी थी, और इस त्रुटि की व्याख्या तक नहीं की गई। एनएसओ ने पहले आंकड़े को सही माना है और यह भी, कि दूसरे नंबर को समय आने पर सही कर लिया जाएगा। प्रोफेसर मोदी के अनुसार, 'जब हम भारतीय आंकड़ों पर बीईए पद्धति लागू करते हैं, तो सबसे हालिया विकास दर 7.8 प्रतिशत से गिरकर 4.5 प्रतिशत हो जाती है।'

दृष्टिकोण

भीमसेन और 1000 हाथियों का बल, प्रमाण से परे है संख्या का सवाल

कुछ लोग कहते हैं कि पांडु-पुत्र भीमसेन के शरीर में एक हजार हाथियों जितना बल था, तो कुछ का मानना है कि उसके शरीर में दस हजार हाथियों का बल था। यहां दो प्रश्न उठते हैं। पहला, भीम के शरीर में वास्तव में कितने हाथियों का बल था? दूसरा, भीम के शरीर में इतना बल आया कहां से? घटना उस समय की है, जब कौरवों और पांडवों की शिक्षा आरंभ हुई थी। ज्येष्ठ कौरव दुर्योधन के मन में पांडवों के प्रति द्वेष और कुंठा का भाव बचपन ही से बहुत प्रबल था। इसका प्रमुख कारण यह था कि कौरवों के पिता धृतराष्ट्र जन्म से नेत्रहीन थे, जिसके कारण हस्तिनापुर का राजसिंहासन धृतराष्ट्र के स्थान पर उनके अनुज पांडु को मिल गया। पांडु-पुत्र युधिष्ठिर का जन्म दुर्योधन से पहले हुआ, इसलिए सभी कौरवों-पांडवों में युधिष्ठिर सबसे बड़ा था। यही कारण था कि दुर्योधन के मन में डर बैठ गया कि पिता धृतराष्ट्र की तरह उसके हाथ से भी कहीं राज्य की बागडोर निकल न जाए। उसे पांडवों से ईर्ष्या थी और उसने पांडवों को अपने मार्ग से हटाने के अनेक प्रयास भी किए। ऐसा ही एक कुत्सित प्रयास दुर्योधन ने भीम को मारने के लिए बचपन में किया था। भीमसेन को भोजन में खीर बहुत पसंद थी। उसकी इस कमजोरी का लाभ उठाकर एक दिन दुर्योधन और दुःशासन ने खीर में विष मिलाकर भीमसेन को खिला दिया। खीर खाकर जैसे ही भीम मूर्च्छित हुआ, दुर्योधन और उसके भाइयों ने मिलकर भीम को नदी में फेंक दिया, जहां भीम को नदी के सांपों ने डंस लिया। किंतु विषैली खीर खाने और नागों के डंसने के बाद भी भीमसेन की मृत्यु नहीं हुई! यह बहुत आश्चर्यजनक बात थी लेकिन ऐसा हुआ कैसे? दरअसल, विष दो प्रकार के होते हैं-जंगम और स्थावर। जंगम विष पशु-पक्षियों के शरीर, उनके नाखूनों और दांतों में पाया जाता है, जबकि स्थावर विष, पेड़-पौधों एवं वनस्पति आदि से मिलता है। महाभारत-कथा के अनुसार भीम को खीर में स्थावर विष दिया गया था, जिसने बाद में सांपों के जंगम विष को काट दिया और उसके प्रभाव को समाप्त कर दिया। इस तरह ढेर सारा विष शरीर में जाने के बावजूद भीमसेन जीवित बच गया। पानी के नीचे पहुंचकर भीमसेन ने जब आंखें खोलीं, तो उसने स्वयं को नागलोक में पाया। वहां भीमसेन की भेंट नागराज आर्यक से हुई। आर्यक दरअसल, रिश्ते में भीम के नाना का भी नाना था। इस नाते भीमसेन के तार नागवंश से भी जुड़ते हैं। उसी अवसर पर आर्यक ने भीमसेन को बताया कि नागलोक में दिव्य रस से भरे अनेक कुंड हैं और एक कुंड का रस पीने से शरीर में एक हजार हाथियों का बल आ जाता है। महाभारत के आदिपर्व के 127वें अध्याय का 71वां श्लोक कहता है कि भीमसेन ने नागलोक के आठ कुंडों का रस पी लिया। इसका आशय हुआ कि यदि एक कुंड का रस पीने से शरीर में एक हजार हाथियों का बल आ जाता था, तो आठ कुंडों का रस पी लेने के बाद भीमसेन के शरीर में आठ हजार हाथियों का बल तो अवश्य ही रहा होगा।

देश दुनीया से

हर बारिश पर एक ही जैसे हालात क्यों?

मानसून का शिद्दत से इंतजार होता है। बहुत पहले से लोग उसकी आमद की आहट सुनने बेकरार दिखते हैं। कब तक आएगा, पहले यह खबर तलाशते रहते हैं और फिर कहां तक पहुंचा इसकी फिक्र में लोग लग जाते हैं लेकिन उसकी पहली बारिश ही उन्हें ऐसा रुला देती है कि वह ख्वाहिशमंद हो जाते हैं कि अब बारिश न हो। ऐसा नहीं कि लोगों को बारिश अच्छी नहीं लगती। बारिश का तो अपना एक अलग आनंद है, भारतीय फिल्मों में तो सबसे ज्यादा रोमांटिक गाने बारिश में फिल्माए जाते रहे हैं लेकिन यहां दिक्कत बारिश की है ही नहीं बल्कि यहां बारिश होते ही सड़के धसने लग जाती है, नालों से लेकर घरों तक में पानी उफान मारने लग जाता है, और इन सबके जरिए सड़कों पर जो चौतरफा जाम की स्थिति बनती है, उसकी वजह से लोगों का बारिश से तौबा करना स्वाभाविक से हो जाता है। यह बारिश तब और भी डरावनी लगने लग जाती है जब कभी सड़क धसने से, कभी पानी में बिजली का करंट उतर आने से मौत की खबरें आना शुरू हो जाती हैं। सवाल उठता है कि ऐसी स्थिति बनती क्यों है? ऐसा तो है नहीं कि बारिश कोई पहली दफा आने वाली चीज है? जिसको लेकर कोई अंदाजा नहीं लगाया जा सका, जैसे कोराना था। उसमें तो यह तर्क न्यायोचित लगता था कि ऐसी बीमारी को तो पहले कभी नाम ही नहीं सुना गया था, उसकी भयावहता का भी कुछ अंदाजा नहीं था, ऐसे में पहले से उसके रोकथाम के कोई इंतजाम नहीं किए जा सके लेकिन मानसून के तो तयशुदा महीने हैं। उसे उन्हीं महीनों में आना है। ऐसा भी नहीं कि मानसून ने हाल फिलहाल के वर्षों में आना शुरू किया हो, उसे समझा नहीं जा पा रहा है। मानसून के जब आने का वक्त तय है तो उसकी आमद पर जिन मुश्किलों से दो-चार होना पड़ता है, उनसे निपटने का अब तक कोई स्थाई हल क्यों नहीं तलाशे जा पाए हैं? मानसून की पहली बारिश में ही शहरों में जो त्राहि-त्राहि होती है, उसके मूल में है ड्रेनेज सिस्टम। ऐसा नहीं है कि जो सरकारी मशीनरी है, उसे इतनी बुनियादी बात नहीं मालूम है, मालूम सब है लेकिन नियत दुरुस्त नहीं है। मानसून आने से पहले से ही नालों की साफ-सफाई का माहौल बनने लगता है। नालों की साफ-सफाई का हर साल अच्छा खासा बजट तय होता है। खर्च भी होता है, भले ही कागजों पर होता हो। अगर बजट बज गया तो फिर क्या फायदा? और अब तो मीडिया में स्पेस पाने को या यूं कहें सत्ता शीर्ष की नजरों में अपने नम्बर बढ़वाने को कुछ नए तौर-तरीके आजमाने की बात भी अधिकारी करने लग जाते हैं, जैसे इस साल ही नगर विकास विभाग के एक अफसर का बयान पढ़ने को मिला था- 'अब ड्रोन कैमरे से शहरों में नाले-नालियों की सफाई का सर्वे कराएगी। नगरीय निकायों को 25 जून तक नाले-नाली के सर्वे का वीडियो व फोटो स्थानीय निकाय निदेशालय को भेजना होगा।' लेकिन हुआ क्या? मानसून की पहली बारिश में ही दूसरे शहरों की बात तो दरकिनार राजधानी लखनऊ पानी उतराता दिख रहा है। ऐसा लग रहा है कि बारिश के मद्देनजर सरकारी मशीनरी ने कोई इंतजाम ही नहीं किए। सड़कों की बात दूर तमाम मोहल्ले ऐसे हैं, जहां बारिश होते ही घरों में पानी अपनी जगह बनाता दिख जाता है। ऐसा नहीं है कि यह पहली बार हो रहा है। पिछली बारिश में भी ऐसा ही हुआ था, अगर पुराने अखबारों की फाइल पलटे तो उससे पहले साल भी ऐसा होता दिखा था। उससे भी पहले साल भी और उससे पहले साल भी। हर साल एक और कॉमन बात देखने को मिल जाएगी, वह है अधिकारियों का दावा- ' इस बार से मिले सबक से, अगले साल मानसून से पहले ऐसे मजबूत इंतजाम किए जाएंगे, ऐसी स्थिति न उत्पन्न होने पाए।'

बारिश का तो अपना एक अलग आनंद है, भारतीय फिल्मों में तो सबसे ज्यादा रोमांटिक गाने बारिश में फिल्माए जाते रहे हैं लेकिन यहां दिक्कत बारिश की है ही नहीं बल्कि यहां बारिश होते ही सड़के धसने लग जाती है, नालों से लेकर घरों तक में पानी उफान मारने लग जाता है, और इन सबके जरिए सड़कों पर जो चौतरफा जाम की स्थिति बनती है, उसकी वजह से लोगों का बारिश से तौबा करना स्वाभाविक से हो जाता है। यह बारिश तब और भी डरावनी लगने लग जाती है जब कभी सड़क धसने से, कभी पानी में बिजली का करंट उतर आने से मौत की खबरें आना शुरू हो जाती हैं। सवाल उठता है कि ऐसी स्थिति बनती क्यों है? ऐसा तो है नहीं कि बारिश कोई पहली दफा आने वाली चीज है? जिसको लेकर कोई अंदाजा नहीं लगाया जा सका, जैसे कोराना था। उसमें तो यह तर्क न्यायोचित लगता था कि ऐसी बीमारी को तो पहले कभी नाम ही नहीं सुना गया था, उसकी भयावहता का भी कुछ अंदाजा नहीं था, ऐसे में पहले से उसके रोकथाम के कोई इंतजाम नहीं किए जा सके लेकिन मानसून के तो तयशुदा महीने हैं।

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
चतरा/लातेहार
रांची, गुरूवार, 21 सितंबर 2023 | पेज 7

नेतरहाट में पर्यटन स्थलों के विकास से संबंधित कार्यों की समीक्षा बैठक हुई संपन्न

प्रभात मंत्र संवाददाता

लातेहार : उपायुक्त हिमांशु मोहन की अध्यक्षता में नेतरहाट में पर्यटन स्थलों के विकास से सम्बंधित कार्यों के प्रगति की समीक्षा की गयी। उक्त बैठक में उपायुक्त ने नेतरहाट अंतर्गत पर्यटन स्थलों को विकसित करने के लिए संचालित योजनाओं के प्रगति की विस्तृत समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। उन्होंने पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखते हुये सभी संचालित योजनाओं को जल्द पूर्ण कराया जाये।बैठक में उपायुक्त ने नेतरहाट पर्यटन प्रक्षेत्र के अन्तर्गत आनेवाले सभी आन्तरिक मार्गों की मरम्मति और सौन्दर्यीकरण कराने एवं प्रवेश मार्गों पर स्वागत द्वार का निर्माण कराये जाने के संबंध में जानकारी लिया तथा इससे सम्बंधित कार्यों को जल्द पूर्ण कराने का निर्देश दिया।उपायुक्त ने नेतरहाट पर्यटन प्रक्षेत्र में सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट के संबंध में जानकारी लिया। प्रखंड विकास पदाधिकारी महुआडांड़ ने जानकारी दिया कि नेतरहाट क्षेत्र से कचड़ा उठाव हेतु दो गाड़ियों एवं सफाई कर्मियों की व्यवस्था की गयी है।आगे उपायुक्त ने नेतरहाट पर्यटन प्रक्षेत्र को नो प्लास्टिक जोन घोषित करने के संबंध में आवश्यक कारवाई करने का निर्देश अनुमंडल पदाधिकारी, महुआडांड को दिया गया।बैठक में अपर समाहर्ता ने जानकारी दिया कि नेतरहाट में योगा हेल्थ रिट्रीट सेंटर के निर्माण हेतु भूमि चिन्हित कर स्वास्थ्य विभाग को चिन्हित भूमि से सम्बंधित जानकारी पत्राचार के माध्यम से दे दी गयी है। बैठक में नेतरहाट लेक में बोट संचालन करने के सम्बन्ध में भी चर्चा किया गया।बैठक में नेतरहाट में पर्यटन के विकास से सम्बंधित विभिन्न अन्य बिंदुओं पर भी चर्चा किया गया। बैठक में उप विकास आयुक्त आलोक शिकारी कच्छप, अनुमंडल पदाधिकारी, महुआडांड नीत निखिल सुरीन, सिविल सर्जन डॉ अशोक कुमार, विशेष कार्य पदाधिकारी जिला गोपनीय शाखा श्रेयांश, जिला योजना पदाधिकारी संतोष भगत समेत विभिन्न विभागों के पदाधिकारी उपस्थित थे।

ग्रीन नेचुरल क्लब ने महाप्रसाद का किया वितरण

प्रभात मंत्र संवाददाता

लातेहार : शहर के बीचोबीच स्थित ठाकुरबाड़ी राधाकृष्ण मंदिर परिसर में ग्रीन नेचुरल क्लब के तत्वावधान में प्रतिमा स्थापित कर पूजा अर्चना की गयी।यहां आकर्षक सजावट की गयी है। पूजन में बतौर मुख्य यजमान रविनाथ प्रसाद गुप्ता सपत्नीक उपस्थित थे। जबकि वैदिक मंत्रोच्चारण संतोष मिश्रा ने किया। यहां गणेश पूजा के मौके पर दूसरे दिन भंडारा का आयोजन किया गया, मौके पर पवन गुप्ता, आनंद कुमार, बिनोद प्रसाद, संतोष प्रसाद, मिठू सिंह. राहुल अग्रवाल, नितेश यादव, राजू साहू, बजरंगी प्रसाद, सत्येंद्र प्रसाद, मनीष, निखिल, चीकू, चंदन प्रसाद, गौरव अग्रवाल, विनोद, अरविंद, विष्णु सोनी, कुलदीप कुमार, सौरव कुमार, मुकेश गुप्ता, विकास कुमार, प्रियांशु कुमार, प्रिंस कुमार, मोनू कुमार, राहुल कुमार, अंकित कुमार, धीरज कुमार व भरत कुमार आदि मौजूद थे।

गुरु गोष्ठी का हुआ आयोजन कई बिंदु पर हुई चर्चा

गिद्धौर (प्रभात मंत्र संवाददाता): प्रखंड मुख्यालय में संचालित मध्य विद्यालय में बुधवार को बीईईओ की उपस्थिति में गुरु गोष्ठी का आयोजन किया गया। संचालन बीपीओ दीपक मेहरा ने किया। बैठक में उपस्थित शिक्षकों को बच्चो का आधार खाता मीनू के अनुसार मध्यान भोजन कई तरह रजिस्टर को अपडेट रखने पोषण वाटिका बनाने सहित कई विंदु पर चर्चा हुई। इस दौरान कई सहायक अध्यापकों ने बायोमैट्री अटेंडेंस में हो रही गड़बड़ी को ठीक कराने की बात विभाग के अधिकारी से किया। बैठक में बीआरपी कृष्ण मुरारी शर्मा सीआरपी राजकुमार राजू शम्भू पांडेय मनोज कुमार अशोक कुमार सिंह शिला कुमारी शेखर कुमार सहित कई शिक्षक उपस्थित थे।

कौशल विकास मंत्री सत्यानंद भोक्ता का आगमन लातेहार में आज

लातेहार (प्रभात मंत्र संवाददाता): राज्य के श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास मंत्री सत्यानंद भोक्ता का 21सितम्बर दिन गुरुवार को लातेहार परिसदन भवन में 10 बजे आगमन होगी। उन्होंने इस दौरान लातेहार जिले के राष्ट्रीय जनता दल के कार्यकर्ताओं की अपनी समस्याओं से रूबरू होंगे। उन्हें सभी कार्यकर्ताओं ससमय पहुंचकर अपनी समस्याओं के समाधान को लेकर अवगत कराएंगे। इसके बाद 11 बजे मंत्री सत्यानंद भोक्ता पंडित दीनदयाल उपाध्याय नगर भवन स्टेशन रोड में कार्यक्रम में शामिल होंगे। उक्त जानकारी राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश उपाध्यक्ष लक्ष्मण यादव ने दी।

प्रखंड स्तरीय बाल संरक्षण को लेकर कार्यशाला का आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

बरवाडीह : बुधवार को पुराने ब्लॉक स्थित कौशल भवन के प्रांगण में वैदिक सोसायटी संस्था के बैनर तले बाल संरक्षण को लेकर कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य रूप से संस्था के सचिव चंद्रशेखर सिंह,जिप सदस्य कन्हाई सिंह और उप प्रमुख विरेन्द्र जयसवाल की उपस्थिति रही। मौके पर सचिव के द्वारा बताया गया कि बच्चों की सुरक्षा एक गंभीर समस्या है, ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता की कमी से बाल मजदूरी, बाल विवाह, बच्चों के साथ यौन हिंसा, तस्करी जैसे घटनाएं हाल के दिनों में काफी इजाफा हुआ है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में राजस्थान से आकर कुछ पैसों का लालच देकर फर्जी तरीके से शादी कर ले जाते हैं बाद उन बच्चियों के साथ उत्पीड़न और शोषण किया जाता है। वहीं जिप सदस्य कन्हाई सिंह ने कहा कि बाल संरक्षण के लिए सबसे बड़ी समस्या बाल मजदूरी है। उन्होंने बताया कि वे बच्चे जो अनाथ हैं वह अपनी भरण पोषण के लिए होटलों में ईंट भट्ठे पर मजदूरी करना मजबूरी है। वैसे अनाथ बच्चों के लिए छात्रवृत्ति और अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जानी चाहिए। जहां बाल संरक्षण को लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता पैदा करने और उक्त गंभीर समस्याओं को लेकर प्रखंड व पंचायत स्तर पर संस्था की ओर से समिति का गठन किया गया है हालांकि समिति गठन की जानकारी प्रखंड क्षेत्र के ग्रामीणों को ना के बराबर है। बताते चलें कि वैदिक सोसायटी संस्था प्रखंड में लगभग डेढ़ वर्षों से सक्रिय है पर इनके द्वारा ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को जागरूक करने और ग्राम सभा सशक्तिकरण के नाम पर खानापूर्ति की जा रही है। मौके पर पंचायत के प्रतिनिधि आंगनबाड़ी सेविकाएं मौजूद रहे।

उमेश यादव ने दबंगई से मो नेशारुद्दीन के हड़गड़ी जमीन पर लगा सैकडों पेड़ को किया कटाई

- कीमती पेड़ कटाई को लेकर अनुमण्डल पदाधिकारी से भक्त भोगी ने न्याय का लगाया गुहार
- लाखों का कीमती पेड़ काट कर रौंदने को लेकर मामला दर्ज का दिया आवेदन

प्रभात मंत्र संवाददाता

सिमरिया : प्रखण्ड एवं अंचल के टुटिलावा हड़गड़ी खाता नम्बर 118 पलौट नम्बर 1314/1, 1314/2, 1340, 1341, 1314, 1287, 1242 के अलावे गैरमजरूआ ख़ास एवं रैयती जमीन पर उमेश यादव पिता स्वर्गीय महादेव यादव ग्राम केंदुआ, थाना सिमरिया ने दबंगई पूर्ण उक्त खाता पलौट पर लगे सैकड़ों पेड़ों को काट कर क्षतिग्रस्त कर दिया है ।साथ हीं लाखों का कीमती पेड़ों को नुकशान किया है। जिसे लेकर मो नेशारुद्दीन पिता जलालउद्दीन ग्राम मिस्त्रौल, थाना टंडवा ने लिखित आवेदन देकर उमेश यादव पर प्राथमिकी दर्ज करने तथा लाखों के पेड़ों का क्षतिपूर्ति का नुकशान का भरपाई का गुहार लगाया है। लिखित आवेदन में भुक्त भोगी मो नेशारउद्दीन ने अनुमण्डल पदाधिकारी सिमरिया, अंचल अधिकारी सिमरिया, थाना प्रभारी सिमरिया, वन विभाग सिमरिया को कहा है कि मेरा खाता नम्बर 118 के जमा पलौट 12 के लगभग 42 एकड़ भूमि के कुछ हिस्से में लगे पेड़ को उमेश यादव पिता स्वर्गीय महादेव यदाव ने दबंगई पूर्वक कीमती पेड़ों को कटाई कर दो जेसीवी से रौंद डाला है। जिससे लाखों का नुकशान हुआ है वहीं छोटे बड़े पेड़ों को धाराशाही किया है। उक्त व्यक्ति आपराधिक चरित्र के व्यक्ति है उस पर न्यायिक सुसंगत के अंतर्गत मामला दर्ज कर गिरफ्तार किया जाय। साथ हीं नुकशान पेड़ों का कीमत की वसूली किया जाय।

भारी वर्षा से बानपुर में घर ध्वस्त, परिवार हुआ बेघर

लातेहार (प्रभात मंत्र संवाददाता): पिछले तीन दिनों से हो रही भारी वर्षा के कारण बानपुर स्थित अनिल भुइंया का घर ध्वस्त हो गया है। अनिल भुइंया की पत्नी सुनीता देवी ने बताया कि वह चार अबोध बच्चों को लेकर इसी घर में रहती है। उसके पति कमाने बाहर गए हुए हैं। अब उसके पास इतनी भी क्षमता नहीं है वह मलबा को भी हटा सके। सुनीता देवी टूटे हुए घर के दूसरे हिस्से में जान जोखिम में रखकर अपने चार अबोध बच्चों के साथ रह रही है। उसका कहना है कि वह पूर्व वार्ड पार्षद जितेंद्र कुमार पाठक उर्फ बली पाठक के घर बुधवार को सुबह गई थी और अपनी इस व्यथा से उन्हें अवगत कराया पर श्री पाठक ने उन्हें यह कह कर वापस कर दिया कि अब वह वार्ड पार्षद नहीं हैं। इसके बाद भुक्तभोगी महिला में घोर निराशा व्याप्त है। उसने मदद करने की अपील नगर पंचायत एवं जिला प्रशासन से की है।

हिरण का शिकार करना पड़ा महंगा, गिरफ्तार, जेल

सिमरिया (प्रभात मंत्र संवाददाता): वन विभाग के टीम ने हिरण का शिकार करने वाले एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। गिरफ्तार व्यक्ति जादव उरांव मनातू गांव का रहने वाला है। उक्त संबंध में वन सुरक्षा पदाधिकारी सूर्यभूषण कुमार सिंह ने बताया कि सूचना मिली थी कि गांव में एक व्यक्ति ने हिरण को मार डाला है और उसके मांस को बेच रहा है। सूचना के आलोक में त्वरित कार्रवाई की गई और एक टीम को भेजा गया। टीम ने सफलतापूर्वक कार्रवाई करते हुए हिरण के मांस सहित शिकारी को गिरफ्तार कर लिया। इस बाबत वन विभाग के विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर शिकारी को जेल भेज दिया गया।

तीन दिवसीय महाधिवेशन को लेकर आजसू कार्यालय में बैठक हुई संपन्न

प्रभात मंत्र संवाददाता

लातेहार : बुधवार को आजसू कार्यालय चंदनडीह स्कूल के समीप लातेहार में बैठक आयोजित हुई, इस बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष अमित पाण्डेय ने की। आजसू पार्टी का महाधिवेशन 29, 30 सितंबर 1 अक्टूबर को रांची के मोरहाबादी मैदान में आयोजित होगी उक्त कार्यक्रम में एक लाख पदेन पदाधिकारी शामिल होंगे उक्त सम्मेलन में पंचायत गांव मोहल्ला शहर से हर एक साधारण व्यक्ति अपनी भागीदारी सुनिश्चित करेंगे।इस सम्मेलन को एक बड़ा प्लेटफार्म बनाने की तैयारियां हो रही है जहां सभी लोगों को शामिल होकर अपने विचार को रखने के लिए आमंत्रित किया जायगा। इस बैठक में मुख्य रूप से केंद्रीय सचिव जितेंद्र कुमार सिंह जिला प्रवक्ता नीतेश पांडे जिला उपाध्यक्ष विजेंद्र दास, जिला सचिव वीरेंद्र ठाकुर नगर अध्यक्ष नितेश जयसवाल सदर प्रखंड अध्यक्ष अमर उरांव, सचिव श्याम प्रसाद, बालूमाथ प्रखंड अध्यक्ष शंकर उरांव महिला मोर्चा रीमा देवी चिंता देवी मालती देवी पूजा देवी प्रतिभा देवी अभिजीत कुमार राजेश कुमार दीपक कुमार दुबे अंकित कुमार समेत सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

पुरनाडीह कार्डधारियों ने डीलर संतोष पर आधा अनाज देने का लगाया आरोप

प्रभात मंत्र संवाददाता

सिमरिया : प्रखण्ड के पगार गाँव के डीलर संतोष पासवान द्वारा पुरनाडीह कार्डधारियों को इस माह का आधा अनाज देने को लेकर कार्डधारियों ने प्रखण्ड कार्यालय पहुंच बवाल काटा है। वहीं अंचल अधिकारी सह मार्केटिंग ऑफिसर सिमरिया से शिकायत की है। कार्डधारियों ने कहा है कि पिछले महीने भी हम लोगों को अनाज आधा आधा कर दिया वहीं इस माह सितम्बर माह में भी आधा अनाज दिया गया है। विरोध करने पर हम लोगों का अनाज छीन लिया है साथ हीं गली गलौज करता है। क्षुब्ध होकर हम गरीब लोग एमओ सिमरिया से शिकायत कर डीलर संतोष पर कार्रवाई करने की मांग किया है। कार्डधारियों में भागी भुइँया,अजित कुमार वर्मा, दीपेंद्र कुमार भुइँया, राजेश भुइँया, कसेली भुइँया, पन्नू भुइँया, मुलदेव कुमार, कारी देवी, पार्वती देवी, मुखिया देवी, मुलिया देवी, गुड़िया देवी, रीना देवी, कविता देवी, कनिता देवी, सरिता देवी, उर्मिला देवी, सरोज देवी, तिलकी देवी, समुंद्री देवी, सुरजी देवी, बबिता देवी, जिरवा देवी, सरोज देवी, जितया देवी, सुदामी देवी, लखिया देवी, रेखा देवी, कोमली देवी, पलकिया देवी, मसोमात गुड़िया देवी, सहोदरी देवी के अलावे दर्जनों महिला पुरुष कार्डधारी शामिल थे।

उप डाकघर में अपराधियों ने ताला तोड़ मचाया तांडव

प्रभात मंत्र संवाददाता

सिमरिया : सिमरिया उप डाकघर में मंगलवार की रात्रि अज्ञात अपराधियों ने पीछे का ताला तोड़कर ऑफिस में प्रवेश किया और ड्रावर का ताला तोड़ डाला और वहां रखें सरकारी कागजातों को बिखेर दिया। इस संबंध में उप डाकपाल विनोद कुमार ने बताया कि जब मैं कार्यालय सुबह 9:00 बजे पहुंचा तो देखा कि पीछे का ताला तोड़ दिया गया है। तत्काल इसकी सूचना विभाग के वरीय अधिकारी डाक निरीक्षक चतरा एवं सिमरिया थाना प्रभारी को इसकी लिखित सूचना दिया। सूचना प्राप्त होते ही सिमरिया पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर छानबीन में जुट गई। थाना प्रभारी ने कहा कि जल्द हीं अपराधी सलाखों के पीछे होंगे । साथ हीं डाकपाल को कार्यालय में सीसीटीवी कैमरा लगाने और नाइट गार्ड की व्यवस्था करने की बात कही। बता दें कि शातिर चोरों ने डाक घर से रूपये की चोरी करने के उद्देश्य से ताला तोड़ घुसा था। किंतु चोरों को रूपये की हाथ नहीं लगी।

राशन कार्डधारियों ने डीलर पर कम खाद्यान्न देने का लगाया आरोप

बेतला (प्रभात मंत्र संवाददाता): प्रखंड क्षेत्र के बेतला तुरीटोला के किरण स्वयं सहायता समूह की जनवितरण प्रणाली दुकानदार पर राशनकार्ड धारियों ने खाद्यान्न में कटौती को लेकर गंभीर आरोप लगाया है। लाभुकों ने इस गंभीर मुद्दे पर बरवाडीह बीडीओ के नाम से लिखित आवेदन दिया। राशनकार्ड धारियों में दुधेशवर सिंह,गुफरान अंसारी, प्रभु राम ,किसमतिया देवी, छठनी देवी, तेतर राम बलिदेव सिंह समेत दर्जनों लाभुकों का हस्ताक्षर युक्त आवेदन दिया।

भगवान बिरसा मुंडा फुटबॉल टूर्नामेंट का उद्घाटन आज

बालूमाथ (प्रभात मंत्र संवाददाता): बालूमाथ उच्च विद्यालय के मैदान में गुरुवार को भगवान बिरसा मुंडा फुटबॉल टूर्नामेंट का उद्घाटन किया जाएगा। उपरोक्त जानकारी देते हुए मैच के आयोजक बालूमाथ प्रखंड के उप प्रमुख कामेश्वर राम ने बताया कि इस फुटबाल टूर्नामेंट में कई प्रखंडों के दर्जनों फुटबॉल टीम भाग लेगी। जिसकी सारी तैयारी पूरी कर ली गई है। इस मैच के सफल संचालन करने का जीमा बालूमाथ के फुटबॉलर सह कोच राज किशोर पासवान एवं उच्च विद्यालय के छात्रावास के बच्चों को दी गई है। उन्होंने बालूमाथ के ग्रामीण जनता से अपील करते हुए कहा है कि फुटबॉल मैच के दौरान पहुंचकर खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने का कार्य करें।

स्वास्थ्य मेला का किया गया आयोजन

बेतला (प्रभात मंत्र संवाददाता): प्रखंड क्षेत्र के अति पिछड़ा सुदुरवर्ती क्षेत्र लात पंचायत सचिवालय परिसर में स्वास्थ्य मेला का आयोजन पंचायत स्तरीय किया गया जिसमें आयुष्मान भवः आयुष्मान भारत स्वास्थ्य और कल्याण केन्द्र सप्ताहिक स्वास्थ्य मेला में पंचायत के विभिन्न हिस्सों से काफी संख्या में स्थानीय ग्रामीणों की भीड़ उमड़ पड़ी। क्षेत्र के अति पिछड़ा इलाके में ग्रामीणों की बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध हो सके इसे लेकर स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य रूप से बरवाडीह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डाक्टर आशीष रंजन के मौजूदगी में स्वास्थ्य कर्मी चिकित्सकों ने मेला में पहुंचे मरीजों का जांचों उपरांत इलाज़ करने का काम किया।इस दौरान कार्यक्रम में मुख्य रूप से मुख्य अतिथि मनिका विधानसभा क्षेत्र के विधायक रामचंद्र सिंह के पुत्र व युथ कांग्रेस के स्टेट कार्डिनेटर युवा नेता विजय बहादुर सिंह उर्फ गुड्डू, विधायक प्रतिनिधि प्रेम कुमार सिंह उर्फ पिंटू, विधायक समर्थक अनिल कुमार सिंह, अस्पताल के एम्बुलेंस चालाक दीपक कुमार, सीएचसी के कम्प्यूटर आपरेटर जियाउल हसन, सुजीत कुमार, नरेश सिंह खरवार, आलोक कुमार सिंह समेत काफी संख्या में स्थानीय ग्रामीण जनता मौजूद थे।

जेएसएलपीएस के तहत बरियातू क्लस्टर में ग्राम सभा का हुआ आयोजन कई एजेंडायों पर किया गया चर्चा

प्रभात मंत्र संवाददाता

गिद्धौर : प्रखंड के अंतर्गत बरियातू क्लस्टर में बरियातू आजीविका महिला संकुल स्वावलंम्बि सहकारि समिति लिमिटेड के तहत बुधवार को ग्राम सभा का आयोजन किया गया। जहां उपस्थित महिलाओं को कई जानकारियां अधिकारियों द्वारा बताई गई। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बरियातू पंचायत मुखिया डेगन गंझू बीपीएम अभिषेक श्रीवास्तव व अन्य लोग थे। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस ग्राम सभा में मुख्य प्रवक्ता द्वारा स्वागत सहकारी समिति की वित्तीय स्थिति पर विचार करना। सहकारिता की अब तक की प्रगति से अवगत कराना। लेखा परीक्षक नियुक्ति पर विचार करना। अगले वित्तीय वर्ष के लिए वार्षिक योजना एवं बजट का अनुमोदन करना। सहकारिता की व्यवस्था योजना का अनुमोदन करना। सहकारिता में मेमोरेंडम आफ एसोसिएशन और आर्टिकल्स का संगठन का अनुमोदन और अग्निकरण करना। सहायता संस्थाओं के साथ सेवा अनुरोध को मंजूरी देना। बोर्ड सदस्यों का चुनाव, आमंत्रित व्यक्ति द्वारा संदेश, एवं ध्यान्वद ज्ञापन करना। जैसे कई बातों की जानकारियां उपस्थित सदस्यों को बताया गया। सहकारिता के वित्तीय पहलुओं पर विचार करना सहकारी समिति की उधार सीमा को मंजूरी देना और बोर्ड को ऐसी अनुमोदित सीमा को उधार लेने के लिए अधिकृत करना सूक्ष्म ऋण के माध्यम से धन जुटाना को मंजूरी देना अधिक शेष घटा प्रबंधन प्रावधानों पर विचार करना विभिन्न निधियां की स्थापना करना संरक्षण बोनस गणना और वितरण योजनाओं को अपनाने के लिए अप आरक्षित निधि में लाभ का स्थानांतरण योजनाओं को अपनाना इत्यादि विषयों पर चर्चा की गई। मौके पर उपस्थित आईपीआरपी अजय कुमार सुनीता कुमारी युगेश्वर कुमार अनिल प्रजापति एवं दर्जनों महिलाएं उपस्थित थी।

चोरी के सामान की बरामदगी के साथ पुलिस ने दो लोगों को किया गिरफ्तार : एसडीपीओ

प्रभात मंत्र संवाददाता

चतरा : जिले से चोरी के मामले जड़ से उखाड़ने के लिए पुलिस ने बनाई रणनीति, घर से निकलने से पहले संबंधित थाने को दें सूचना। कोई भी आभूषण या अन्य सामान खरीदने से पहले विक्रेता से आधार कार्ड अवश्य ले लें। संदेह होने पर संबंधित थाने को सूचना दें। सूचना गोपनीय रखी जाएगी। उक्त बातें चतरा एसडीपीओ अविनाश कुमार प्रेस वार्ता के दौरान कही। एसडीपीओ कुमार ने आगे बताया कि 12 अगस्त की रात महुआ चौक सदर थाना चतरा स्थित वादी मोहम्मद सब्बीर के घर में रखे 10 लाख रुपये और सोने-चांदी के आभूषण अज्ञात लोगों ने चोरी कर लिया। इस संबंध में सदर थाना कांड संख्या-298/23 एवं दिनांक-13 सितम्बर को वादी इरफा स्थित वादी जिन्नत परवीन के घर से आभूषण एवं पैसे की चोरी हो गयी थी। इस संदर्भ में सदर थाना कांड संख्या 297/23 दर्ज किया गया है। घटना की गंभीरता को देखते हुए वरीय पदाधिकारी के आदेशानुसार एसडीपीओ अविनाश कुमार चतरा के नेतृत्व में एक छापेमारी दल का गठन किया गया। छापेमारी दल द्वारा चोरी के आभूषणों के साथ एक व्यक्ति राहुल कुमार को पकड़ा गया, जिसने दोनों घटनाओं में शामिल होने की बात स्वीकार की और बताया कि चोरी के आभूषण हीना ज्वेलर्स के मालिक जीतेंद्र कुमार को बेचे गये थे। इसके बाद जीतेंद्र कुमार के पास से चोरी के आभूषण भी बरामद कर लिये गये।बरामद सामानों की विस्तृत जानकारी देते हुए एसडीपीओ कुमार ने बताया कि एक सोने जैसा दिखने वाला हार, 02 पीस सोने जैसा दिखने वाला झुमका और चोरी के पैसे से खरीदी गई एक काले रंग की बजाज प्लस मोटरसाइकिल शामिल है। छापेमारी पुलिस टीम में अविनाश कुमार, अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी, थाना प्रभारी पुलिस निरीक्षक शिव प्रकाश कुमार, पुलिस अवर निरीक्षक नईम अंसारी, सहायक अवर निरीक्षक निर्मल कुमार सिंह, एवं थाना के सशस्त्र बल एंव एसडीपीओ के अंगरक्षक शामिल थे। गिरफ्तार अभियुक्तों में राहुल कुमार साव उम्र करीब 19 वर्ष पिता भगवान साव निवासी नावाडीह, थाना सदर जिला चतरा। 2. जीतेन्द्र कुमार सोनी उम्र लगभग 39 वर्ष पिता स्वर्गीय शंकर प्रसाद निवासी गुदरी बाजार थाना सदर जिला चतरा।

वयोवृद्ध आयुष के तहत किया गया कैंप का आयोजन 77 लोगों ने कराया जांच

गिद्धौर (प्रभात मंत्र संवाददाता): प्रखंड के अंतर्गत बरटा गांव में वायो वृद्ध आयुष के तहत बुधवार को कैंप का आयोजन किया गया। जहां 77 लोगों ने जांच कराई। जिसमें जिला चिकित्सा पदाधिकारी डॉ रामप्रकाश वर्मा के निर्देशानुसार डॉ निरंजन शर्मा और योगप्रशिक्षक गौरी शंकर दांगी सहिया सुचिता कुमारी एएनएम नीलू कुमारी कैंप में मुख्य रूप से उपस्थित थे। लोगों को बीपी,शुगर हीमोग्लोविन व अन्य जॉच गई। साथ ही साथ निशुल्क दवा का भी वितरण किया गया। और होमियोपैथिक दवा योगा बुक वितरण भी किया गया।

संक्षिप्त खबरें

122वीं जयन्ती पर स्व.डॉक्टर लक्ष्मी प्रसाद सिन्हा को याद कर दी गई श्रद्धांजलि

विष्णुगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता) : विष्णुगढ़ में स्वर्गीय डॉक्टर लक्ष्मी प्रसाद सिन्हा की 122 वीं जयंती मनाई गई। कार्यक्रम का आयोजन ग्राम चेड़रा स्थित उनके आवास पर किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित उनके पुत्र डॉक्टर अशोक कुमार सिन्हा ने कहा कि वह विष्णुगढ़ में शिक्षा की ज्योति जलाए थे। विष्णुगढ़ उच्च विद्यालय के संस्थापकों में से एक डॉक्टर लक्ष्मी प्रसाद भी थे। संविता सिन्हा ने कहा कि वह एक समाजसेवी थे, लोगों का इलाज साइकिल चला कर घर-घर जाकर करते थे। विधायक प्रतिनिधि गुरु प्रसाद साव ने कहा कि डॉक्टर लक्ष्मी प्रसाद सिन्हा एक स्पोर्ट्समैन के साथ-साथ एक शारीरिक शिक्षक के तौर पर विद्यार्थियों को शिक्षा देते थे। वह एक संत समाजसेवी थे। शिक्षक लालधन महतो व अशोक कुशवाहा ने कहा कि वह एस्काउट में रहकर विद्यार्थियों को अनुशासन का पाठ पढ़ाते थे। वे उस समय खेलने के लिए उच्च विद्यालय के मैदान में मोहन बागान की टीम को लाए थे। उनके पौत्र ऋषभ सिन्हा ने कहा कि बाबा के पद चिन्हों पर चलकर हम पूरे परिवार जन कल्याण के क्षेत्र में कार्य करते रहेंगे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से डॉ अशोक कुमार सिंह, संबिता सिन्हा, ऋषभ सिन्हा, राजकुमारी सहाय, रामचंद्र नायक, गुरु प्रसाद साव, सुनील अकेला, सेवानिवृत्ति शिक्षक बाल गोविंद प्रसाद बरनवाल, उच्च विद्यालय के प्रधानाध्यापक फणीश्वर महतो, शिक्षक शक्ति नाथ महतो, लाल धन महतो, अशोक कुशवाहा, विजय कुमार सिंह, अशोक राम, मुकेश पांडेय, यशवंत मिश्रा समेत कई लोग शामिल थे।

जमीनी विवाद को लेकर तीन भाइयों में हुई जमकर मारपीट, एक रेफर

बरही (प्रभात मंत्र संवाददाता) : बरही प्रखंड अंतर्गत बरसोत में जमीनी विवाद को लेकर तीन भाइयों में जमकर मारपीट हो गई जिसमें एक भाई 30 वर्षीय अनिल कुमार पिता किशोरी महतो को गंभीर चोट आई है। जिसे बरही अनुमंडलीय अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद हजारीबाग सदर अस्पताल रेफर किया गया है। घटना की जानकारी देते हुए घायल युवक अनिल कुमार ने बताया कि हम तीनों भाइयों में जमीन एवं घर का बंटवारा होना था। तभी मेरे दो भाइयों ने मुझ पर अचानक हमला कर मुझे घायल कर दिया। वही इस संबंध में घायल के साथ आए अस्पताल एक ग्रामीण ने बताया कि इन तीनों भाइयों में जमीन और घर के बंटवारे का विवाद चल रहा था। जिसमें इसका निपटारा ग्रामीण आपस में बैठकर करने की बात हो रही थी। इसी बीच तीनों भाइयों में मारपीट हो गई जिसमें एक भाई अनिल कुमार घायल हो गया। वही इस संबंध में घायल युवक की ओर से समाचार लिखे जाने तक बरही थाना में आवेदन देने की बात कही जा रही थी।

करमा महोत्सव मिलन समारोह के अध्यक्ष बने कमलेश, सचिव बनाए गए जगरन्नाथ

रजरप्पा (प्रभात मंत्र संवाददाता) : दुलमी प्रखंड के कुल्ही पंचायत अंतर्गत बेयांग गाँव में बुधवार को ग्रामीणों की एक बैठक हुई जिसमें करमा महोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा! इस बैठक की अध्यक्षता रुकेश कुमार एवं संचालन रितेश महतो ने किया प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी करम मिलन समारोह का आयोजन करने का निर्णय लिया गया सर्वसम्मति से आगामी 22 सितंबर शुक्रवार को दिन में करम मिलन समारोह आयोजन करने का निर्णय लिया, कार्यक्रम के सफल संचालन हेतु आयोजन कमेटी का गठन किया गया! सर्वसम्मति से भाजपा मीडिया प्रभारी कमलेश महतो को करमा महोत्सव संचालन समिति का अध्यक्ष बनाया गया! जबकि जगरनाथ महतो सचिव एवं ईश्वर चंद्र ईशा कोषाध्यक्ष के रूप में चुने गए! समिति के अध्यक्ष ने कहा कि आयोजन को भव्य बनाने के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया जाएगा! महोत्सव के दौरान झारखंड के लोक कलाकार इग्नेश कुमार, नितेश कछप, सुमन गुप्ता एवं कई अनेक कलाकार भाग लेंगे उन्होंने कहा कि करमा पर्व झारखंड की प्रकृति और संस्कृति से जुड़ा हुआ झारखंडियों के लोकप्रिय त्यौहार है जिसे सभी मिलजुल कर एक साथ हर्ष और उल्लास के साथ मनाएंगे इस मौके पर समाजसेवी ब्रजेश कुमार सिन्हा, कुल्ही पंचायत उपमुखिया सुबोध कुमार,मुकेश कुमार, सेवधर कुमार, दीपक कुमार, आर्यन कुमार, अजीत कुमार, प्रदीप कुमार, अशोक भगत आदि लोग मौजूद थे!

उत्तम मार्दव धर्म का पूजा संपन्न

रामगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता) : रामगढ़ स्थित श्री दिगम्बर जैन मंदिर एवम् रांची रोड स्थित श्री पारसनाथ जिनालय मे दसलक्षण पर्व के दूसरे दीन उत्तम मार्दव धर्म का पूजा पुरे विधि विधान के साथ सम्पन हुआ। जलाभषेक रामगढ़ पदमचंद सुमत्त जैन, अमराव देवी प्रदीप कुमार पाटनी, जीवन मल जंबू कुमार पाटनी, हरकचंद विवेक अजमेरा, रामेश सेठी विकाश सेठी, रांची रोड विनोद कुमार अनंत सेठी, शांतिधारा रामगढ़ अशोक सुनील संजय सेठी ,शांतिधारा मनोज काला महाआरती हरकचंद विवेक अजमेरा परिवार , पण्डित दीपक शास्त्री जी ने बताया मृदुभाव आत्मा का स्वभाव हे, मृदुता आत्मा के सरल परिणाम को कहते हैं। जैसे कि मृदुत्वं सर्व भूतेषु कार्य जीवेन सर्वदा। काठिन्यं त्यज्यते नित्यं धर्म बुद्धि विजानता। जो जीव धर्म बुद्धि को जानते हैं, ऐसे जीवों को उचित है कि समस्त जीवों में हमेशा मृदुभाव अर्थात् सरल भाव रखना चाहिए, कठोर भाव का त्याग करना चाहिए। मार्दव धर्म आत्मा अर्थात् निजात्मा स्व-स्वरूप का धर्म है। जहाँ मृदु भाव या नम्रता नहीं है वहाँ धर्म भी नहीं है। और वहाँ नियम, व्रत, तप, दान, पूजा इत्यादि जो मानव करता है विनय भाव के बिना सभी व्यर्थ गिनाया जाता है। और कहता है कि मैंने ऐसा किया जो भी किया मैंने किया अन्य कोई भी मेरे समान किया नहीं इस तरह कह कर जो मान कषाय करता है वह अपनी आत्मा को ठगता है और दुनियाँ को भी ठगाया समझना चाहिए।मौके पर समाज अध्यक्ष मानिक जैन एवम मन्दिर मंत्री देवेंद्र गंगवाल ने बताया कल उत्तम आर्जव धर्म का पूजा होगा।

आईसेक्ट में हुआ नए विद्यार्थियों के लिए दीक्षारंभ कार्यक्रम

हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता) : शिक्षा एक ऐसी रोशनी है, जो अंधकारमय जीवन को केवल उजाले की ओर ही नहीं ले जाती, बल्कि एक सभ्य नागरिक बनने और सफल जीवन के लिए भी महत्वपूर्ण है। ऐसे में शिक्षा की अहमियत मानव जीवन के लिए महत्वपूर्ण है। उक्त बातें आईसेक्ट विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ मुनिष गोविंद ने तरबा-खरबा स्थित आईसेक्ट विश्वविद्यालय, हजारीबाग के मुख्य कैंपस सभागार में बुधवार को नवागंतुक विद्यार्थियों के स्वागत में आयोजित दीक्षारंभ कार्यक्रम के दौरान कही। उन्होंने कहा कि नवागंतुक विद्यार्थियों को यह बताते हुए खुशी हो रही है कि वर्ष 2016 में स्थापित आईसेक्ट विश्वविद्यालय ने महज 7 वर्षों के दौरान कई नई उपलब्धियां हासिल की जिसमे विद्यार्थियों की मेहनत, लगन और अनुशासन की भूमिका महत्वपूर्ण है। उन्होंने बड़ी संख्या में मौजूद विद्यार्थियों को जीवन में सफलता के लिए सही दिशा में नियमित परिश्रम और अनुशासन को अहम बताया। इससे पूर्व विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ मुनिष गोविंद, सीएस एंड आईटी डीन डॉ बिनोद कुमार, डॉ सीताराम शर्मा, एसएनके उपाध्याय, डॉ अरविंद कुमार, डॉ रोज़ीकांत, डॉ दिवाकर निराला, डॉ राजकुमार व एकता कुमारी के द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर दीक्षारंभ कार्यक्रम की शुरुआत की गई।

आजीविका महिला का संकुल स्तरीय प्राथमिक स्वावलंबी सहकारिता समिति की बैठक संपन्न

प्रभात मंत्र संवाददाता

बरकट्ठा : प्रखंड क्षेत्र के ग्राम तुर्कबाद पंचायत चुगलामों में आजीविका महिला संकुल स्तरीय प्राथमिक स्वावलंबी सहकारिता समिति की बैठक आयोजित की गई।जिसका मुख्य अतिथि 20 सूत्री प्रखंड अध्यक्ष प्रदीप कुमार मंडल,मुखिया फुलवंती देवी, गयपहाड़ी मुखिया कलावती देवी कांग्रेस नेता डॉ प्रकाश कुमार,कोडीनेटर सुनील कुमार उपस्थित थे।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए 20 सूत्री अध्यक्ष प्रदीप प्रसाद मंडल ने कहा इस संगठन में पंच पंचायत में 22 गांव के लोग जुड़े हुए हैं। जिसमें 300 समूह शामिल हैं। इस तरह का समूह बनने से महिलाओं का विकास होता है। मौके पर मुख्य रूप स दुर्गा देवी, सरिता देवी, राधा देवी, गुलशन खातून,

नुसरत प्रवीण, उर्मिला कुमारी, कौशल्या देवी, रीना देवी, बसंती देवी,कंचन देवी,गौरव देवी, ललिता देवी, कांति देवी, गुड़िया देवी, गिरिजा देवी, मीना देवी, सुहानी रानी, तबस्सुम परवीन, शकीला खातून के अलावे सैकड़ो की संख्या में लोग उपस्थित थे।

झारखंड इस्पात और इंडेक्शन प्लांट में 10 दिनों के अंतराल में गंभीर दुर्घटना की चपेट में आए दो मजदूर

प्रभात मंत्र संवाददाता

सिरका : हेसला झारखंड इस्पात प्राईवेट लिमिटेड व इंडेक्शन प्लांट में 10 दिनों के अंतराल में दो कामगार दुर्घटना का शिकार होकर गंभीर रूप से घायल हो चुंके हैं। जिनका ईलाज फैक्ट्री प्रबंधन करवाने में लगा हैं। पहली घटना 8 सितंबर सुबह करीब 9:30 बजे इंडेक्शन प्लांट के सीसीएम के पास गैस कटिंग करने के दौरान पाइप फटने से घटी, जिसमें कामगार नीतीश कुमार का पेट बुरी तरह झुलस गया। जबकि दूसरी घटना

बीते 18 सितंबर को झारखंड इस्पात प्राईवेट फैक्ट्री के चिमनी से गोला सैंपल निकालने के दौरान हुआ, यहां कामगार अफजल अंसारी के उपर चिमनी का हाई तापमान राख गिरने से दोनों पैर बुरी तरह झुलस गए। इन दोनों मजदूरों का इलाज रांची रोड के होप अस्पताल में करने के बाद प्रज्ञा नामक अस्पताल से चल रहा हैं। घटना के बाद से ही दोनों मजदूरों को काफी शारीरिक पीड़ा से जूझना पड़ रहा हैं। वहीं अन्य दर्जनों मजदूरों में भय का वातावरण व्याप्त हैं।

पालू पंचायतवासियों ने सांसद प्रतिनिधि का किया स्वागत

प्रभात मंत्र संवाददाता

पतरातू : ग्राम पंचायत पालू में पूर्व मुखिया गंगाधर महतो की अध्यक्षता में सांसद प्रतिनिधि महेंद्र कुमार महतो का स्वागत किया गया। वहीं पूर्व मुखिया ने कहा की पालू पंचायत के लिये यह गौरव की बात है। क्योंकि पिछड़े इलाके के व्यक्ति को सांसद जयंत सिन्हा ने महेंद्र महतो को जिम्मेदारी सौपते हुए, ग्रामीण विकास विभाग एवं पंचायती राज जैसे महत्वपूर्ण विभाग के लिए जिला सांसद प्रतिनिधि बनाए हैं । मौके पर महेंद्र कुमार महतो ने कहा कि इस पंचायत वासियों का जिंदगी भर ऋणी बने रहेंगे। कार्यक्रम में रामेश्वर महतो अशेसवर महतो कालेश्वर मुंडा फुलचन्द महतो उमेश महतो प्रकाश साहू सरयू महतो प्रकाश राम सरजू महतो गोपाल महतो लोटन साहू और सरयू महतो आदि उपस्थित थे।

डीसी ने किया बरही अनुमंडलीय अस्पताल का औचक निरीक्षण

प्रभात मंत्र संवाददाता

बरही : बुधवार को बरही अनुमंडलीय अस्पताल में हजारीबाग के उपायुक्त नैंसी सहाय ने औचक निरीक्षण किया। निरक्षण टीम में डीसी सहित डीडीसी प्रेरणा दीक्षित, डीएमएफटी के नोडल पदाअधिकारी शांति भूषण, स्पेशल डिविजन के अधिकारी, बरही एसडीओ पूनम कुजूर, बीडीओ क्रिस्टीना रिचा इंदवार मौजूद थीं। निरीक्षण के दौरान डीसी ने प्रसव कक्ष, इमरजेंसी वार्ड, शीत गृह, टीकाकरण केंद्र, एक्स-रे रूम, जनरल वार्ड, मेडिसिन काउंटर

आदि सभी वार्डों का निरीक्षण किया। प्रसव कक्ष निरीक्षण के दौरान जो भी कमी पाई गई, उसे ठीक करने का निर्देश दिया गया। प्रसव कक्ष में महिला डॉक्टर की कमी पाई गई, जिसके कारण सिजिरियन व बंध्याकरण नहीं हो रहा है। वहीं एक्स- रे मशीन खराब पाए जाने पर जल्द बनाने का निर्देश दी। मौके पर डीएस प्रकाश ज्ञानी ने डीसी को डॉक्टरों की कमी, ट्रामा सेंटर, टूटे हुए बाउंड्री वाल, सेफ्टी टंकी की मरम्मती करने की कमियों से अवगत कराया। मौके पर डीसी नैंसी सहाय ने कहा कि डॉक्टरों की कमी को एक माह के अंदर पूरी कर ली जाएगी ताकि बेहतर स्वास्थ सुविधा बहाल हो। ट्रामा सेंटर के बारे में उन्होंने कहा की भवन बनकर तैयार है, लगभग समान भी उपलब्ध हो गई है, सिर्फ मानव संसाधन के कमी के कारण अभी तक चालू नहीं हो पाया है, जिसे जल्द पूरा कर लिया जायेगा।

धार्मिक महोत्सव में शरीक होने की विविधता जो हमें प्राप्त है वो किसी अन्य देश में नहीं : सुनीता चौधरी

प्रभात मंत्र संवाददाता

रामगढ़ : गणेश महोत्सव के शुभ अवसर पर रामगढ विधानसभा क्षेत्र के कैथा,चट्टी बाजार,दुसाद मोहल्ला,पुरनी मंडप,किला मंदिर,बिजुलिया तालाब में आयोजित गणेश पूजा पंडाल का उदघाटन बतौर मुख्य अतिथि रामगढ़ विधायक सुनीता चौधरी एवं विशिष्ट अतिथि नगर परिषद उपाध्यक्ष मनोज़ कुमार महतो के द्वारा फीता काटकर किया गया।

मौके पर सुनीता चौधरी ने क्षेत्र की सुख समृद्धि के लिए भगवान

गणेश से प्रार्थना कर आशीर्वाद लिए। अपने संबोधन में विधायक सुनीता चौधरी ने सौहार्द पूर्ण तरीके व हर्षोल्लास से गणेश महोत्सव मनाने की अपील की। उन्होंने आगे कहा कि भारत देश सभी धर्मों की पूजा करने वाला देश है, एक दूसरे के धार्मिक महोत्सव में शरीक होने की विविधता जो हमें प्राप्त है वो किसी अन्य देश में नहीं।उन्होंने कहा की भगवान गणेश का पूजन करने के बाद ही पूजा प्रारंभ होता है इसलिए इनके पूजा का विशेष महत्व है।

गणेश पूजा के महाआरती में शामिल हुई पूर्व विधायक ममता देवी

प्रभात मंत्र संवाददाता

गोला : गणेश पूजा के शुभ अवसर पर बरियातू रोड डीभीसी चौक में जस्टिस युवा क्लब नायक टोला के द्वारा स्थापित बाबा गणपति के पूजा पंडाल में महाआरती में मुख्य अतिथि के रूप में रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र की पूर्व विधायक ममता देवी शामिल हुई। उन्होंने भगवान श्री गणेश के चरणों में प्रणाम कर क्षेत्र के लोगों के लिए सुख समृद्धि और खुशहाली की प्रार्थना की साथ ही वहा मौजूद भक्तजनों के बीच महाभोग के रूप में खीर का वितरण की। मौके पर बीस सूत्री सदस्य गौरी शंकर महतो

तस्लीम अंसारी मुकेश महतो सन्नी दांगी कौसर रजा प्रभु परमेश्वर लतीफ अंसारी संतोष महतो यशोदा देवी गंगोत्री देवी पूजा कमिटी के अध्यक्ष सचिव एवं सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित थे।

हजारीबाग लोकसभा सांसद जयंत सिन्हा को पांचवीं बार वित्त संबंधी स्थाई समिति का अध्यक्ष बनाया गया

प्रभात मंत्र संवाददाता

रामगढ़ : हजारीबाग लोकसभा के सांसद एवं जन-जन के नेता जयंत सिन्हा को वित्त संबंधी स्थाई समिति का अध्यक्ष पांचवीं बार बनाए जाने पर रामगढ़ जिले एवं हजारीबाग जिले भाजपा कार्यकर्ता एवं आम जनता मे हर्ष का माहौल है।इसके लिए हजारीबाग लोक सभा क्षेत्र की जनता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं लोकसभा के अध्यक्ष ओम बिरला को बहुत-बहुत आभार व्यक्त करती है कि उन्होंने पुनः स्थाई समिति के अध्यक्ष पद पर मनोनीत किया है।रामगढ़ एवं हजारीबाग जिले के लिए यह गौरव का विषय है। लोकसभा में 100न उपस्थिति रहकर जनहित के मुद्दों के सवाल निरंतर इनके द्वारा सदन उठाए गए , ताकि क्षेत्र का विकास हो सके। 15 सितंबर को दिशा की बैठक में कई महत्वपूर्ण सुझाव सांसद द्वारा दिए गए एवं कई सुझावों पर अमल किया गया जिसमें खास कर के किसानों के लिए कुसुम योजना के तहत 90% सब्सिडी, के आधार पर 1000 से ज्यादा किसानों को सोलर पंप की सुविधा उपलब्ध कराने कार्य चल रहा है जो 31 सितंबर तक ऑनलाइन इसका रजिस्ट्रेशन हो रहा है।

इसके अलावा बिजुलिया तालाब के सौंदर्य करण की बात हो, रामगढ़ जिले में पर्यटन के लिए माया टुंगरी मंदिर सौंदर्य करण, टूटी झरना का सौंदर्य करण, कैथा मंदिर का सौंदर्य करण हो ताकि स्थानीय लोगों को रोजगार के अवसर उपलब्ध हो सके। विकास की बात हो तो डी एम एफ टी फंड के द्वारा 88 डॉक्टर एवं पा रा मेडिकल स्टाफ की नियुक्ति की प्रक्रिया अंतिम चरण में है ताकि आम लोगों को इसका लाभ मिल सके। साथ ही साथ बिजली विभाग द्वारा स्मार्ट मीटर लगाने एवं नया मोड़ गिद्दी सी सड़क निर्माण, एवं गिद्दी पुल निर्माण एवं प्रत्येक पंचायत में सामुदायिक भवन ,विवाह भवन, जैसे महत्वपूर्ण निर्णय पर विस्तृत से चर्चा की गई । इसके अलावे पटना तारामंडल की तर्ज पर, साइंस सिटी का निर्माण,जैविक पार्क का निर्माण आदि महत्वपूर्ण सुझाव दिए गए।

छोटकाचुंबा में बिरसा स्मृति ट्रस्ट ने स्वच्छ जागरूकता व निःशुल्क ब्लीचिंग का किया वितरण

सिरका : पंचायत मंझलाचुंबा के गांव छोटकाचुंबा में बुधवार को बिरसा स्मृति कल्याण ट्रस्ट के द्वारा स्वच्छ जागरूकता व निःशुल्क ब्लीचिंग पाउडर बांटा गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रेम रविदास व संचालन राजेंद्र मुंडा ने किया। ट्रस्ट सदस्यो ने बताया कि स्वच्छ जागरूकता अभियान को लेकर लोगों में जागरूकता एवं निःशुल्क ब्लीचिंग पाउडर देकर स्वच्छता के प्रति कदम बढ़ाने की अपील की गई। मौके पर कोषाध्यक्ष विजेंद्र मुंडा, अनिल महतो, रविंद्र मुंडा, लक्ष्मण मुंडा, राजेंद्र मुंडा, काली सिंह, पिंकी देवी, आरती देवी, रंगीला देवी, अनीता देवी, मालती देवी, रामलाल मुंडा, राजेंद्र रविदास, मदन रविदास समेत कई ग्रामीण उपस्थित थे।

एकल आचार्य चयन वर्ग का शुभारंभ पंचायत सचिवालय भुरकुंडा में हुआ

प्रभात मंत्र संवाददाता

भुरकुंडा : एकल अभियान रामगढ़ अंचल समिति के तत्वावधान में भुरकुण्डा पंचायत सचिवालय में एकल अभियान द्वारा तीन दिवसीय आवसीय आचार्य चयन वर्ग शुभारंभ किया गया जिसका विधिवत उद्घाटन भारत माता एवं सरस्वती माता के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ किया गया इस अवसर पर एकल अभियान रामगढ़ अंचल समिति अध्यक्ष जन्मेजय प्रताप मुख्य रूप उपस्थित हुए ।उन्होंने अपने सम्बोधन में बताया की एकल अभियान का कार्य ईश्वरीय कार्य है इस कार्य को अपने क्षेत्र में ठीक प्रकार कार्य हो इसके लिए आप सब को तीन दिवसीय प्रशिक्षण में बुलाया गया इस प्रशिक्षण आप सब ध्यान केंद्रित कर प्रशिक्षण वर्ग में रहेंगे और जो भी विषय पर मार्गदर्शन प्राप्त होगा उसको अपने में एकल विद्यालय के माध्यम से गांव में बताएंगे। इस मौके पर अंचल उपाध्यक्ष भुवनेश्वर ठाकुर,अंचल सह सचिव सुरेश गणक ,अंचल महिला समिति अध्यक्ष उमा सिन्हा ,सचिव अनामिका श्रीवास्तव, अंचल समिति कोषाध्यक्ष, विनोद मिश्रा, सत्संग समिति कोषाध्यक्ष जेपी अग्रवाल, अंचल ग्राम स्वराज प्रभारी रमेश सिंह, भुरकुण्डा संच समिति सह सचिव विजय जी, भुरकुण्डा पंचायत मुखिया अजय पासवान, दक्षिण झारखंड संभाग प्रशिक्षण प्रमुख अर्जुन सिंह अंचल अभियान प्रमुख चंद्रशेखर कुमार ,अंचल ग्राम स्वराज प्रमुख खिरेंद्र कुमार,अंचल प्रशिक्षण प्रमुख नंदकिशोर महतो, संच प्रमुख नागेश्वर महतो जयंती देवी, गुलाब राम दाँगी , कौशल्या देवी, शांति देवी संच व्यास सुश्री सुलेखा कुमारी, सुखराम बेदिया, सहित 40 गांव से आए हुए आचार्य उपस्थित रहे।

रेल टेको आंदोलन में शामिल होने कुर्मी समाज के लोग मुरी रवाना

प्रभात मंत्र संवाददाता

पतरातू : पतरातू प्रखंड से बुधवार को सैकड़ो कुर्मी जाति के लोग मुरी में रेल टेको आंदोलन में शामिल होने के लिए रवाना हुए।जिसका नेतृत्व कुड़मी विकास मोर्चा और कुर्मी विकास परिषद पतरातू ने किया। वहीं पूर्व पालू पंचायत मुखिया गंगाधर महतो किशोर कु.महतो कुर्मी विकास परिषद के अध्यक्ष भुवनेश्वर महतो सचिव कामेश्वर महतो कोषाध्यक्ष वकील महतो नरेश महतो दिनेश महतो ने कहा कि टोटेमिक कुरमी कुड़मी महतो जनजाति देश की आजादी से पहले एक सशक्त जनजाति थे ढ़ु किंतु 6 सितंबर 1950 को जब जनजातीय सूची बना तो 13 आदिम जनजाति में

कुड़मी को छोड़कर बाकी 12 आदिम जनजाति को अनुसूचित जनजाति के सूची में शामिल किया गया। जबकि कुड़मी जनजाति 1950 से अब तक लगातार 73 वर्षों से अपनी संवैधानिक पहचान की लड़ाई लड़ रही है। कुरमी कुड़मी महतो को अनुसूचित जनजाति के सूची में सूचीबद्ध करने तथा कुड़माली भाषा को आठवीं अनुसूची में शामिल करने की मांग लगातार आंदोलन के माध्यम से उठाई जा रही है। इसी आलोक में आगामी 20 सितंबर से झारखंड प्रदेश के मुख्य तीन स्थान मुरी,गोमो और घाघरा मनोहरपुर स्टेशन में अनिश्चितकाल तक रेल टेको रेल चक्का जाम किया जाएगा। जिसमें लाखों की संख्या में समाज के महिला-पुरुष शामिल होंगे।

फुटबॉल टूर्नामेंट का किकलगी कर किया गया शुभारंभ

प्रभात मंत्र संवाददाता

विष्णुगढ़ : विष्णुगढ़ में मंगलवार को प्रखंड अंतर्गत गाल्होवार उच्च विद्यालय मैदान में भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष सह मांडू विधायक की धर्मपत्नी ललिता देवी ने कि स्व.विनोद बिहारी महतो मेमोरियल फुटबॉल टूर्नामेंट का उद्घाटन फीता काटकर,किकलगी कर किया।।उद्घाटन मैच का मुकाबला चानो बनाम अम्बेदकर बस्ती (गाल्होंवार)के बीच हुआ। जिसमे चानो के टीम 0-2 बढ़त बनाकर इस टूर्नामेंट में अपनी जगह बनाई।इस दौरान मांडू विधायक की धर्मपत्नी ललिता देवी ने खिलाड़ियों को हौसला उपजाई करते हुए कहा कि खेल से शारीरिक और मानसिक दोनों का विकास होता है, साथ ही ग्रामीण क्षेत्र में इस तरह की प्रतियोगिता होने से क्षेत्र के युवाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने का और आगे बढ़ने

का अवसर मिलता है। मेहनत करें और अपनी सफलता को प्राप्त करें।इस उद्घाटन के मौके पर मुख्य रूप से गाल्होवार पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि छोटी शर्मा,गाल्होवार पंचायत समिति सदस्य मुलिया देवी,पति पंसस लखन महतो, उपमुखिया इरफान अंसारी ,पूर्व मुखिया डॉ. रीतलाल महतो,डॉ. छोटेलाल महतो ,पंसस गणेश साव,डॉ. नेमचंद महतो, भाजयुमो प्रदेश कार्यसमिति सदस्य संतोष कुमार महतो, महेंद्र कुमार, हुलाश महतो, साजिद अनवर, रामजी किस्कू, जमरूद्दीन अंसारी, हिमांशु कुमार, राम लखन पाण्डे, छात्रधारी महतो, गुलाब महतो ,दशरथ महतो (अध्यक्ष), किशोर कुमार महतो (उपाध्यक्ष),गांगो महतो(उपसचिव),किशोर शर्मा(सचिव), रंजीत शर्मा (कोषाध्यक्ष) ,मनीष महतो (उपकोषाध्यक्ष), राजेंद्र मिश्रा ,मनोज शर्मा, हसमुद्दीन अंसारी , उच्च विद्यालय प्रधानाध्यापक प्रमेश्वर राम, सूरज पाठक, दुलारचन्द महतो समेत सैकड़ों की संख्या में खेल प्रेमी मौजूद थे।

प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4, ओपोजिट मॉरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

आईडीबीआई बैंक अपनी लोकप्रिय अमृत महोत्सव एफडी योजनाओं के लिए उत्सव ऑफर लेकर आया

रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता): आईडीबीआई बैंक अपनी लोकप्रिय अमृत महोत्सव एफडी योजनाओं पर उत्सव ऑफर लेकर आया है। इस सीमित अवधि के ऑफर में 444 दिन की एफडी पर 7.75त्न प्रति वर्ष की आकर्षक ब्याज दर दी जा रही हैं। इसके अलावा 375 दिन की एफडी के लिए 7.60त्न प्रति वर्ष की दर पेश की जा रही है। यह फेस्टिव ऑफर 31 अक्टूबर, 2023 तक सीमित अवधि के लिए उपलब्ध होगा। इसके अलावा, बैंक ने '271 दिन से 1 वर्ष से कम' समय में परिपक्व होने वाले एफडी के लिए ब्याज दर 50 बेसिस पॉइंट (बीपीएस) बढ़ाकर 6.75त्न प्रतिवर्ष की अधिकतम ब्याज दर पेश की है।

उपायुक्त की अध्यक्षता में हुई जिला अनुकंपा समिति की बैठक

रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता): बुधवार को उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार की अध्यक्षता में उनके कार्यालय कक्ष में जिला अनुकंपा समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान समिति के समक्ष 01 मामला को रखा गया। इस दौरान समिति द्वारा आवेदन के तहत प्राप्त दस्तावेजों की समीक्षा व जाँच कर महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। इस दौरान उप विकास आयुक्त, कार्यपालक दंडाधिकारी सह स्थापना उप समाहर्ता, राज्य कर पदाधिकारी, जिला कल्याण पदाधिकारी, कार्यपालक अभियंता भवन प्रमंडल सहित अन्य उपस्थित थे।

स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत उपायुक्त ने जागरूकता वाहन को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता): बुधवार को उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार ने 15 सितंबर से 02 अक्टूबर तक चलने वाले स्वच्छता ही सेवा अभियान के प्रति आम लोगो को जागरूक करने के उद्देश्य से समाहरणालय परिसर से स्वच्छता जागरूकता वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जागरूकता वाहन द्वारा जिले के सभी प्रखंडों, हाट-बाजारों एवं गाँवों में घुम-घुम कर आम लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने का कार्य किया जाएगा।मौके पर उप विकास आयुक्त रोबिन टोप्पो, कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल रामगढ़, अनिल कुमार गुप्ता, यूनिसेफ प्रतिनिधि निर्भय कुमार, रासायनज्ञ मो मोईन एवं मो रज़ि सहित अन्य उपस्थित थे।

नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को किया गया जागरूक

रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता): कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन अभिकरण (आत्मा),रामगढ़ द्वारा बुधवार को रामगढ़ प्रखण्ड के बुढ़ाखुखरा एवं बारलौंग में कृषि एवं संबद्ध विभागों के योजनाओं के प्रति आम जनों को जागरूक करने के उद्देश्य से नुक्कड-नाटक का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम जिले के सभी प्रखण्डों के दो-दो पंचायतों में आयोजित किया जा रहा है। इसका मुख्य उठेश्य कृषि एवं संबद्ध विभाग के योजनाओं की जानकारी के साथ-साथ लोगों में जागरूकता पैदा करना है। नुक्कड़-नाटक के माध्यम से जिले के किसानों को सरकार द्वारा चलाई जा रही किसानोपयोगी योजनाओं जैसे- बीज विनिमय एवं वितरण योजना, बीज उपचार, मिलेट मिशन, प्राकृतिक/ जैविक खेती , झारखण्ड कृषि ऋण माफी योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, किसान क्रेडिट कार्ड योजना, एग्रीकल्चर एक्सटेंशन योजना के तहत किसान पाठशाला, किसान गोष्ठी, समूह का क्षमता विकास, किसान मेला, परिभ्रमण, प्रशिक्षण, प्रत्यक्षण आदि, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन के अंतर्गत-अनुदान पर कृषि यंत्र एवं उपादान का वितरण, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना, समेकित बिरसा ग्राम विकास योजना-सह-कषक पाठशाला, मृदा स्वास्थ्य कार्ड, उद्यान विकास की योजना, बिरसा हरित ग्राम योजना, झारखण्ड राज्य फसल राहत योजना, ब्लॉकचेन में कृषकों का निबंधन तथा पशुपालन प्रभाग की योजनाएं- मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना, जोड़ा बैल वितरण योजना, पशुधन स्वास्थ्य और रोग नियंत्रण योजना, केन्द्रीय योजना राष्ट्रीय गोकुल मिशन, राष्ट्रीय कृत्रिम गर्भाधान योजना, विशेष पशुचिकित्सा शिविर योजना आदि के बारे में नाट्य प्रस्तुति के द्वारा सरल भाषा में जिले के किसानों एवं आम लोगों तक जानकारी पहुँचाई जा रही है। जिसे किसान शीघ्रता से आत्मसात कर सकेंगे।गौरतलब हो कि दिनांक 21.09.2023 को गोला प्रखंड के बरियातू एवं हुप्पू पंचायत में, दिनांक 22.09.2023 को चितरपुर प्रखंड के मारंगमरचा एवं चितरपुर पूर्वी पंचायत में, दिनांक 23.09.2023 को मांडू प्रखंड के मांडू चट्टी एवं दिगवार पंचायत में, दिनांक 26.09.2023 को पतरातू प्रखंड के लबगा एवं तलाटांड पंचायत में एवं दिनांक 27.09.2023 को दुलमी प्रखंड के दुलमी एवं पोटमदगा पंचायत में नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया जाएगा।

पुलिस के द्वारा पांच वर्ष से फरार चल रहे के घर पर इश्तिहार चिपकाया गया

रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता): कोर्रा थाना हज़ारीबाग़ कांड संख्या 146/18 दिनांक 11/11/18 धारा-406/420 भाश दश विश के प्राथमिकी अभियुक्त सबलू खान पिता ऐहसान खान साश पटेल नगर ,बीश डीश मज़ार के पास थाना पतरातु(भुरकुंडा ओश पी) जिला रामगढ़ कांड में पाँच वर्ष से फरार चल रहे के घर पर इश्तहार चिपकाया गया

रामगढ़ न्यायिक के द्वारा पतरातू थाना आर्म्स एक्ट के केस में डेढ़ साल की सजा सुनाई

रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता): आर्म्स एक्ट के एक मामले में खालिद रशिद अली अहमद न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी रामगढ़ के न्यायालय द्वारा पतरातू थाना कांड संख्या 135/2009 जी. आर . संख्या 1883/2009 के प्राथमिकी अभियुक्त श्याम सकल पासवान को दोषी पाते हुए डेढ़ वर्ष का साधारण कारावास एवं चार हजार का अर्थ दंड की सजा सुनाई गई । ज्ञात हो इस वाद में अभियोजन की ओर से कुल 9 साक्षियों को प्रस्तुत किया गया एवं जिसका परीक्षण एवं प्रतिपरीक्षण किया गया एवं जस प्रदर्श भी न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किए गए । उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर इस वाद में के प्राथमिक अभियुक्त श्याम सकल पासवान को दोषी पाते हुए सजा सुनाई गई।

दस कर्म के लिए माय माटी 1932 खतियान एवं जन जागृति मंच ने दी खाद्य सामग्री

रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता): केंदल निवासी स्वर्गीय दीपक महतो पिता स्वर्गीय ललित महतो का शव फुरहुराटोली स्थित कुआं से 12 सितंबर को प्राप्त हुआ था। परिजनों ने हत्या का आरोप लगाया था लेकिन आज तक अपराधी पुलिस गिरफ्त से दूर हैं।बुटी निवासी स्वर्गीय रूपेश महतो पिता तिलक महतो का रिम्स में इलाज के दौरान 26 वर्ष की आयु में आकस्मिक निधन हो गया था।कल दिन मंगलवार को स्वर्गीय दीपक महतो के परिजनों को दस कर्म एवं आज बुधवार को स्वर्गीय रूपेश महतो के परिजनों को दस कर्म हेतु माय माटी 1932 खतियान एवं जन जागृति मंच, बुटी मोड़ की ओर से प्रतिनिधि मण्डल आकस्मिक निधन पर गहरा दुख संवेदना प्रकट किए एवं खाद्य सामग्री उपलब्ध कराया ।संवेदना प्रकट करने वालों में जन जागृति मंच के अध्यक्ष जितेंद्र महतो, संयोजक रामेश्वर प्रसाद, माय माटी 1932 खतियान के अध्यक्ष संजय महतो, मोहन लाल महतो, महावीर मुण्डा, महेंद्र महतो, श्रवण महतो, महेश नायक, राहुल महतो, नारायण महतो, शैलेश महतो, नंदलाल महतो एवं अन्य सदस्यों के सहयोग से यह कार्य संपन्न हो सका।

अधिकारियों को यूनियन नेताओं के विरोध का सामना करना पड़ा

गिद्दी(प्रभात मंत्र संवाददाता): गिद्दी सी में बिजली काटो अभियान में आए अधिकारियों को मजदूर यूनियन के नेताओं का भारी विरोध का सामना करना पड़ा और जमकर प्रबंधन के निरंकुश एवम तानाशाह के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई। विरोध का स्वर मुखर होता देख अधिकारियों को बैरंग वापस होना पड़ा। वही यूनियन के सभी नेताओं ने निर्णय लिया है की 22 सितंबर को गिद्दी दुर्गामंडप में सभी यूनियन की बैठक होगी। जिसमें जोरदार आंदोलन का निर्णय अरगड्डा प्रबंधन के खिलाफ लिया जाएगा। इसमें प्रबंधक की और से कार्मिक प्रबधक मनीष अंबाष्ठ, गिद्दी सी के कार्मिक विभाग के कार्मिक प्रबंधक संतोष चंद्रावेश, सुरक्षा विभाग से भैया लाल , और सुरक्षा विभाग गिद्दी सी के लोग एवम यूनियन के तरफ बैजनाथ मिस्ट्री, पुरुषोत्तम पाण्डेय, गौतम बनर्जी, जन्मजय सिंह, अरुण यादव, रासो सिंह आदि उपस्थित थे।

उपायुक्त की अध्यक्षता में हुई जिला स्तरीय आधार निगरानी समिति की बैठक

प्रभात मंत्र संवाददाता

रामगढ़ : बुधवार को समाहरणालय सभाकक्ष में उपयुक्त रामगढ़ चंदन कुमार की अध्यक्षता में जिला स्तरीय आधार निगरानी समिति की बैठक का आयोजन किया गया।बैठक के दौरान सर्वप्रथम कार्यपालक दंडाधिकारी सह स्थापना उप समाहर्ता सीमा आईद के द्वारा सभी को जानकारी देते हुए बताया गया के जिले में कुल 85 आधार केंद्र संचालित है जिनमे पिछले 30 दिनों में आधार पंजीकरण व सुधार हेतु कुल 27000 आवेदन प्राप्त हुए हैं जिनमें 1613 नए आधार के निर्माण हेतु एवं शेष आधार कार्ड में सुधार हेतु आवेदकों द्वारा आवेदन दिया गया है जिस पर उपायुक्त ने आधार कार्ड में किसी प्रकार के सुधार व जानकारी अध्यतन करने से संबंधित आवेदनों को एक सप्ताह के अंदर अलग-अलग कारणों के हिसाब से सूचीबद्ध करते हुए उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। साथ ही सीएससी एवं ई-गवर्नेंस के प्रतिनिधि प्रशांत कुमार के द्वारा सभी प्रखंडों में आधार सेवा केंद्र (स्थ)की स्थापना हेतु प्रस्ताव उपायुक्त के समक्ष रखा गया जिसपर उपायुक्त ने जिले के सभी प्रखंडों में आधार सेवा केंद्र खोलने हेतु स्थल चिन्हित करने को लेकर आवश्यक निर्देश दिए।बैठके के दौरान सहायक प्रबंधक क्षेत्रीय कार्यालय आधार श्री कुमार निखिल के द्वारा आधार लिंक बर्थ रजिस्ट्रेशन के संबंध में जानकारी देने के क्रम में बताया गया कि वर्तमान में किसी बच्चे के जन्म के उपरांत बर्थ सर्टिफिकेट के निर्माण के दौरान ही उसका आधार कार्ड बनाने हेतु योजना प्रस्तावित है जिस पर उपायुक्त ने आधार बर्थ लिंक रजिस्ट्रेशन के तहत जिले के सरकारी अस्पतालों में टेस्टिंग शुरू करने हेतु प्रस्ताव उपलब्ध कराने का निर्देश सहायक प्रबंधन क्षेत्रीय कार्यालय आधार को दिया। साथ ही 0 से 5 वर्ष के बच्चों का आधार पंजीकरण हेतु महिला पर्यवेक्षिकाओं के प्रशिक्षण के उपरांत उनकी परीक्षा जल्द से जल्द आयोजित करने का निर्देश दिया।

ग्रामीणों ने उपायुक्त को दिया गैर मजरूआ जमीन के फर्जी कागजातों को रद्द करने का आवेदन

रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता): रामगढ़ उपयुक्त को ग्रामीणों के द्वारा एक हस्ताक्षर युक्त आवेदन दिया गया है जिसमें रामगढ़ आंचल मौजा मरार के खाता नंबर एक प्लाट नंबर 1423 नईसराय सीसीएल डॉक्टर कॉलोनी और इफिको रोड पानी टंकी के बीचों बीच अवस्थित जंगल से सटे गैर मजुरुआ भूमि एक बड़े भूखंड का जिसका कई भूमि माफियाओं द्वारा जाली फर्जी कागजात बनाकर उक्त बड़े भूखंड को कब्जा करने का कू प्रयास किया जा रहा है आवेदन में लिखा गया है कि एक ही जमीन की दर्जनों भूमि चोरों ने फर्जी कागजातों की आड़ में उक्त जमीन को अवैध तरीके से कब्जा करने के लिए भूमि माफियाओं के बीच प्रतिद्वंदिता चल रहा है जिससे टकराव की संभावना बनी हुई है कभी भी विस्फोटक स्थिति उत्पन्न हो सकती है ग्रामीणों ने कहा कि दशकों से जंगल के साथ जंगल की जमीन एवं गैरमजूरुआ जमीनों की निगरानी का सुरक्षा करते आ रहे हैं जिसके फलस्वरूप जंगल के ईद गिर्द गैरमजूरुआ जमीने अभी तक सुरक्षित रही है ग्रामीणों ने उपायुक्त से मांग की है कि भू माफिया के फर्जी दस्तावेजों को खारिज कर उक्त भूखंड को सार्वजनिक उपयोग हेतु स्कूल कॉलेज अस्पताल आदि अन्य सरकारी संस्थाओं के निर्माण के लिए सुरक्षित व संरक्षित करने का अविलंब कार्रवाई की जाए। राजधानी मुख्य रूप से सरयू बेदिया , प्रदीप बेदिया , महावीर बेदिया प्रभात बेदिया , इमरान अंसारी आदि उपस्थित थे।

बदलाव संकल्प सभा का भव्य आयोजन

नामकुम(प्रभात मंत्र संवाददाता): 17 सितंबर 2023 को ई ई एफ मैदान टाटीसिल्वे में जे बी के एस एस द्वारा विराट बदलाव संकल्प सभा का आयोजन किया गया।इस कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि के रूप मे भाषा संघर्ष समिति के क्रांतिकारी साथी टाइगर जय राम महतो, विशिष्ट अतिथि संजय मेहता,देवेंद्र नाथ महतो,राधा नाथ महतो,प्रेम मरांडी,सूरज टाइलों,पंचम एका,रेवती देवी,सोनू चंद्रवंशी। द्वीप प्रज्वालीत कर कार्यक्रम कि शुरुआत कि गई। टाइगर जयराम महतो ने कहा कि 60 - 40 एवम बाहरी भाषा नय चलतऊ , एवम स्थानिय नीति,नियोजन नीति बनाने के साथ स्थानिय एवम मुलवासी को नोकरी मे प्राथमिकता के सी एन टी,एस पी टी एक्ट को सख्ती से लागू करने के साथ साथ 2024 के चुनाव मे भी एकता का परिचय देते हुए लोकसभा एवम विधान सभा मे अपने साथी को भेजने कि बातें कही।

वरीय पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, राँची

सर्वसाधारण के लिए सूचना

उपरोक्त सुखदेवनगर थाना काण्ड सं0–99/23 ,दिनांक–18.08.23, धारा–366/376 भा0द0वि0 एवं 314 पोक्सो एक्ट के प्राथमिकी अभियुक्त अभिशेक कुमार पिता–प्रमोद कुमार पता–आनंद नगर थाना–रातु, जिला–राँची, (झारखण्ड) का द0प्र0स0 की धारा–82 के विरूद्ध माननीय न्यायालय श्री कुमार सौरभ त्रिपाठी J.M III, राँची के द्वारा इश्तेहार निर्गत किया गया है।

Court of Sri Kumar SaurabhTripathi,J.M III,Ranchi
Schedule XLIII-High court(M) 31C, [Old Criminal Process No. 4]
PROCLAMATION REQUIRIND THE APPEARANCE OF
A PERSON ACCUSED
[Form No. 4 Schedule II Act 2 1974]**SUKHDEVNAGAR, PS CASE NO-** 99/23
(Section 82 of the Code of Criminal Procedure.)
एकमतहम शखस कोहाजिरकरनेकाइश्तिहार
(दफा 82 मजमुअए जवाबितेफौजदारी)

1. नाम व शिाल पता — चूंकि मेरे पास नालिश की गई है(1)
Abhishek kumar s/o-Pramod kumar Prasad R/o-Anand nagar ps-Ratu Dist- ranchi
वे चूंके
2 किया है या करने का उस पर शुवहा है। — जो व मुजिब दफा के सजा के लायक है(2) — मजमूअए तावारात हिन्द
3 नाम
4 फरार हुआ है या रूपोश है तके वारन्ट मजकुर उसपर जारी न हो सके। जब — और व–तामील वारन्ट गिरफ्तारी जो बाद अर्जा जारी हुआ वा यह कैफियत दी गई है कि(3) **U/S-366/376 OF IPC & 314 POCSO ACT** पाये नही जाते है और चूंकि ब–तशफ्फी हमारे साबित किया गया है कि(3)
5 मोकाम — **Nextdate- 22-11-2023**
(4) मजकुर इसलिए बजारिये इस के इश्तिहार दिया जाता है कि मजकुर साकिन ब–मोकाम(5)
6 इस अदालत व रूबरू मेरे। — ब–तारीख माह सन् को जवाबदेही के लिए हाजिर हो
आज तारीख **11.09.2023** माह सन्

s/d-SriKumar SaurabhTripathi,
J.M III,Ranchi

अतः सभी जन संधारण से अनुरोध है कि उक्त काण्ड की प्राथनिकी अभियुक्त **Abhishek kumar** कहीं मिलतें/दिखतें है तो इसके संबंध मे वरीय पुलिस अधीक्षक/**hicourt of sri kumar suorabh tripathi** य के न्यायलय में इसकी सूचना रदें या निम्नांकित मोबाईल नम्बर पर संपर्क कर इसकी जानकारी दें।

पुलिस उपाधीक्षक कोतवाली, राँची। – 9431 706158
थाना प्राभारी पंण्ड़रा ओ0पी0 ,राँची। – 94317 06878

PR 307268 Police(23-24).D

वरीय पुलिस अधीक्षक
राँची

OFFICE OF THE DISTRICT BOARD CHATRA
(Email id-districtboardchatra@gmail.com)

INVITATION FOR E-QUATATION NO. 04/2023-24(3rd call)

District Board Chatra invites e-bids in two bids system (Technical & Financial) form reputed, and experienced firms/agencies for the following works related to office renovation. It will be made available on the official website mentioned hereinafter;

Sl No.	Name of work
1	Electronic item Supply and installation in the office of executive chamber, conference room office, Members office etc.

Important dates/details related to the tender:

Sl No	Activity	Start Date	Time	End Date	Time
1	Online availability of bid document	21.09.2023	10.00 AM	29.09.2023	05.00 PM
2	Online bid submission	21.09.2023	10.00 AM	29.09.2023	05.00 PM
3	Submission of original DD, EMD, Affidavit, Photograph, other documents	30.09.2023	10.00 AM	30.09.2023	03.00 PM
4	Opening of technical Bid	03.10.2023	11.00 AM	-	-
5	Opening of Financial Bid	To be announced after the technical evaluation			

Interested eligible bidders may view and download bid document for the website http://jhakhandtenders.gov.in. The cost of bid document is Rs. 10000/- (Ten Thousand only) which is to be submitted through bank draft in favour of DDC CUM CEO DISTRICT BOARD CHATRA. Which is non refundable. Manual/Offline bids shall not be accepted except for the original documents/instruments as mentioned in this e-bids document. Interested eligible bidders should regularly visit the website for addendum/corrigendum/amendment etc. if any, to keep themselves updates before uploading the bids. However the information on exact number and quantity. In the event of the date specified for opening of the bids happens to be a holiday, the appointed time on the next working day will automatically be fixed for the purpose. Any further communication, if required in the entire duration of contract awarding process would only be done through e-mail only on districtboardchatra@gmail.com. The DDC CUM CEO DISTRIT BOARD CHATRA Reserves the right to accept or reject (fully/partly) any tender without assigning any reason thereof.

DDC CUM CEO
DISTRICT BOARD CHATRA.

PR 307295 District(23-24).D

राशन डीलरों के मनमानी के खिलाफ ग्रामीणों ने उपायुक्त को हस्ताक्षर युक्त आवेदन दिया

रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता): उपायुक्त रामगढ़ को जन हस्ताक्षर युक्त आवेदन प्रेषित की गई है वार्ड नंबर 7 ग्राम पोचरा, जमीरा के सैकड़ो राशन कार्ड धारियों ने जन वितरण प्रणाली के राशन डीलरों द्वारा मनमानी तरीके से कार्ड धारी से पैसे वसूलना, राशन में कटौती करने, जनवरी माह 2023 से अब तक निशुल्क वितरण करने के अनाजों में भी पैसे की उगाही की गई है।ग्राम पोचरा के डॉलर राजू लाल एवं जगदीश राम दोनों राशन डीलर गरीबों को मिलने वाली राशन का हेरा फेरी करते आ रहे हैं। हस्ताक्षर युक्त आवेदन के जरिए वार्ड नंबर 7 ग्राम पोचरा जमीरा के राशन कार्ड धारियों ने दोनों डीलरों द्वारा राशन के घपले बाजी, राशन गबन के खिलाफ कठोर कार्रवाई करते हुए दोनों डीलरों का लाइसेंस रद्द करने की मांग की गई है। लालमोहन मुंडा, उमेश गोप, किशुन मुंडा एवं मेघलाल साव ने उपायुक्त रामगढ़ को आवेदन दिया है।

कुड़मी केवल वोट बैंक नहीं है, अनुसूचित जनजाति की श्रेणी में करे सूचीबद्ध केन्द्र सरकार : सुधीर मंगलेश

रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता): दुलमी प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश बुधवार को रेल रोको आंदोलन में भाग लेने मुरी जंक्शन पहुंचे। मौके पर सुधीर मंगलेश ने कहा की कुड़मी समाज के लोग, विभिन्न स्थानों में अपने-अपने क्षेत्रों में अनुसूचित जनजाति के श्रेणी में कुड़मी को पुनः सूचीबद्ध करने के लिए आंदोलन कर रहे हैं, कुड़मी कई दशक से आंदोलनरत हैं, कई वर्षों से लोकसभा एवं राज्यसभा, सहित विभिन्न राज्यों के विधानसभा में कुड़मी समुदाय का मुद्दा विभिन्न दलों के सांसदों, विधायकों के द्वारा कई बार उठाया गया। राज्य सरकारों एवं केंद्र सरकार के बीच कई बार पत्राचार भी हुई। केंद्र सरकार एवं विभागीय मंत्री के नकारात्मक रवैया के कारण आज समाज के लोग रेल रोको एवं सड़क जाम जैसा आंदोलन करने को मजबूर हैं। कुड़मी केवल वोट बैंक नहीं है, केंद्र सरकार एवं राज्य सरकारों से अनुरोध है की मिलकर इस समस्या का जल्द से जल्द निराकरण करे। मौके पर अमित महतो रविकांत महतो वशिष्ठ कुमार करमू महतो बबलू कुमार रोशन कुमार उर्मिला देवी संगीता देवी रिता देवी प्रतिमा देवी रेखा देवी सुलेखा देवी व कई लोगों उपस्थित थे।

उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, चतरा।
(सामाजिक सुरक्षा कोषांग)
samajiksurksha@gmail.com

-: आम सूचना :-

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि सरकार के सचिव, झारखण्ड राँची के संकल्प संख्या 2518 दिनांक 12.09.2023 द्वारा निर्देश प्राप्त हुआ है कि सामाजिक सहायता कार्यक्रम के तहत् राज्य योजनान्तर्गत ट्रांसजेंडर/तृतीय लिंग के व्यक्तियों को राज्य सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना अन्तर्गत प्रतिमाह 1000/–(एक हजार) रूपया पेंशन दिया जाएगा।

ग्रामीण क्षेत्रों में प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं शहरी क्षेत्रों में अंचल अधिकारी से योग्य लाभुक सम्पर्क करेगें।

उपायुक्त,
चतरा।

PR 307292 (Social Welfare,Women and Child Development) 23-24 (D)

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, खूँटी।

अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0–08, वर्ष 2023–24

1. विज्ञापन दाता का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, खूँटी, ।
2. निविदा विपत्र की बिकी की तिथि :– दिनांक–29.09.2023 को 11.00 बजे पूर्वाहन् से 3.00 बजे अपराहन् तक ।
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :– दिनांक–30.09.2023 के 11.00 बजे पूर्वाहन् से 3.00 बजे अपराहन् तक ।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– दिनांक–30.09.2023 के 3.30 बजे अपराहन्।
5. निविदा प्राप्ति एवं खोलने का स्थान :– ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, खूँटी
6. परिमाण विपत्र की बिकी का स्थान :– कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, खूँटी, पोस्ट ऑफिस के बगल में।
7. कार्य की विस्तृत विवरणी निम्नवत् है :– मद –ITDA

ग्रुप सं0	प्रखण्ड	कार्य का नाम	प्राक्कलित राशि	कुल राशि	अग्रधन की राशि	परिमाण विपत्र का मूल्य	कार्य पूर्ण करने की अवधि
1	2	3	4	5	6	7	8
1	मुरहू	मुरहू प्रखण्ड अन्तर्गत ग्राम बिन्दा में जवाकी मुण्डा के घर से NH75E तक 600 फीट पी0सी0सी0 पथ निर्माण।	8,70,000/-	23,25,000/-	46,500/-	5000/0	02 माह।
	मुरहू	मुरहू प्रखण्ड अन्तर्गत ग्राम रूमुतकेल HSC से AWCतक 300 फीट पी0सी0सी0 पथ निर्माण।	4,35,000/-				
	मुरहू	मुरहू प्रखण्ड अन्तर्गत ग्राम सिदु में कब्रिस्तान रोड से बगीचा टोली इलियास हॉसा पुर्ती के घर तक 350 फीट एवं सिदु चोकम्दा में चापाकल से सेमुएल हॉसा पुर्ती के घर तक 354 फीट पी0सी0सी0 पथ निर्माण।	10,20,000/-				
2	मुरहू	मुरहू प्रखण्ड अन्तर्गत ग्राम गुटीगड़ा मे स्कूल से किसरा मुण्डा के घर तक 668.96 फीट पी0सी0सी0 पथ निर्माण।	9,70,000/-	22,95,000/-	45,900/-	5000/-	02 माह।
	मुरहू	मुरहू प्रखण्ड अन्तर्गत ग्राम हेथेगोड़ा क मधुकमडीह मे पक्की रोड से गॉव के अन्त तक 500 फीट पी0सी0सी0 पथ निर्माण।	7,25,000/-				
3	मुरहू	मुरहू प्रखण्ड अन्तर्गत ग्राम हेथगोड़ा में बुधवानाथ के घर से लोहार सिह के घर तक 206.89 फीट पी0सी0सी0 पथ निर्माण।	3,00,000/-	19,20,000/-	38,400/-	5000/-	02 माह।
	मुरहू	मुरहू प्रखण्ड अन्तर्गत ग्राम हेथगोड़ा में अखाड़ा से सोमा के घर तक 206.89 फीट पी0सी0सी0 पथ निर्माण।	3,00,000/-				
	मुरहू	मुरहू प्रखण्ड अन्तर्गत ग्राम चीचीगड़ा में सिवा नायक के घर दुर्गा पूर्ती के घर तक 400 फीट पी0सी0सी0 पथ एवं जागृति केन्द्र भवन से गबरीयाल पुर्ती के घर तक 179.31 पी0सी0सी0 पथ निर्माण।	8,40,000/-				
	मुरहू	मुरहू प्रखण्ड अन्तर्गत ग्राम चीचीगड़ा में बिसु के घर से चेने मुण्डा के घर तक 745 पी0सी0सी0 पथ निर्माण।	10,80,000/-				
4	मुरहू	मुरहू प्रखण्ड अन्तर्गत ग्राम बान्दे में मेन रोड से सनिका दोदराय के घर तक 686.20 फीट पी0सी0सी0 पथ निर्माण।	9,95,000/-	24,85,000/-	49,700/-	5000/-	02 माह।
	मुरहू	मुरहू प्रखण्ड अन्तर्गत ग्राम दुर्री में तपकरा रोड से निकी हेरेज के घर तक 427.58 पी0सी0सी0 पथ निर्माण।	6,20,000/-				
	मुरहू	मुरहू प्रखण्ड अन्तर्गत ग्राम केवड़ा में अखाड़ा चबुतरा से तालाब तक गेत टोली केवड़ा में 400 फीट पी0सी0सी0 पथ निर्माण।	5,80,000/-				
	मुरहू	मुरहू प्रखण्ड अन्तर्गत ग्राम केवड़ा में पांडा के घर से चौकीदार सागर के घर तक 200 फीट पी0सी0सी0 पथ निर्माण।	2,90,000/-				
5	मुरहू	मुरहू प्रखण्ड अन्तर्गत ग्राम बुरूमा में जोहन ओड़ेया के घर से सिंघा ओड़ेया के घर तक 300 फीट पी0सी0सी0 पथ निर्माण।	4,35,000/-	14,10,000/-	28,200/-	2500/-	02 माह।
	मुरहू	मुरहू प्रखण्ड अन्तर्गत ग्राम गजगॉव में संजय मुण्डा के घर से जयप्रकाष के घर तक 350 फीट पी0सी0सी0 पथ निर्माण।	5,00,000/-				
	मुरहू	मुरहू प्रखण्ड अन्तर्गत ग्राम गजगॉव में मासी पराकर के घर से रोषन पुर्ती के घर तक 327.58 फीट पी0सी0सी0 पथ निर्माण।	4,75,000/-				
6	मुरहू	मुरहू प्रखण्ड अन्तर्गत ग्राम बुरजू में पक्की सड़क से स्कूल तक 648.27 फीट पी0सी0सी0 पथ निर्माण।	9,40,000/-	16,65,000/-	33,300/-	5000/-	02 माह।
	मुरहू	मुरहू प्रखण्ड अन्तर्गत ग्राम गोड़ाटोली में लक्ष्मण मुण्डा के घर से NH75E तक 300 फीट एवं NH75E से पंचायत भवन तक 200 फीट पी0सी0सी0 पथ निर्माण।	7,25,000/-				
7	मुरहू	मुरहू प्रखण्ड अन्तर्गत ग्राम बारी में हातीराम मुण्डा के घर से अखाड़ा तक 600 फीट पी0सी0सी0 पथ निर्माण।	8,70,000/-	21,75,000/-	43,500/-	5000/-	02 माह।
	मुरहू	मुरहू प्रखण्ड अन्तर्गत ग्राम गुटुहातु में फोस्ट बाड़ा के घर से पुवर के घर तक 400 फीट पी0सी0सी0 पथ निर्माण।	5,80,000/-				
	मुरहू	मुरहू प्रखण्ड अन्तर्गत ग्राम किताहातु में बुधु मुण्डा के घर से सुपल हजाम के घर तक 500 फीट पी0सी0सी0 पथ निर्माण।	7,25,000/-				
8	मुरहू	मुरहू प्रखण्ड अन्तर्गत ग्राम जिंलिगकेल में काला रोड से नायक बारूध घर तक 531.03 फीट पी0सी0सी0 पथ निर्माण।	7,70,000/-	16,40,000/-	32,800/-	5000/-	02 माह।
	मुरहू	मुरहू प्रखण्ड अन्तर्गत ग्राम सिरका में सिरका बुरवड़ा टोली में केव मुण्डा के घर से सरना स्थल तक 300 फीट एवं बगरई मुण्डा के घर से दीरीदारी चुवॉ तक 300 फीट पी0सी0सी0 पथ निर्माण।	8,70,000/-				

विस्तृत जानकारी के लिए निविदा की शर्त कार्यालय के सूचना पट पर देखी जा सकती है।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, खूँटी।

PR 307348 Rural Development(23-24)D

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
धनबाद/गिरिडीह
रांची, गुरुवार, 21 सितंबर 2023 | पेज 10

महुदा में हुआ राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस कार्यक्रम का आयोजन

महुदा(प्रभात मंत्र संवाददाता) : डी ए वी पब्लिक स्कूल, महुदा में पूरे उत्साह के साथ राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस मनाया गया. प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, बाघमारा के डॉ. शेखर कुमार चंद्रा के नेतृत्व और प्राचार्य ए. के. मंडल के सहयोग से विद्यार्थियों के बीच एल्बेंडाजोल टेबलेट बांटा गया। कृमि संक्रमण से बच्चों तथा किशोर-किशोरियों के स्वास्थ्य पर अनेक हानिकारक प्रभाव होते हैं जैसे कि एनीमिया, कुपोषण, भूख न लगना, बेचैनी, पेट दर्द, उल्टी और दस्त तथा वजन की कमी। प्राचार्य ए.के. मंडल ने कहा कि इस कार्यक्रम से बच्चों में खून की कमी में सुधार होगा तथा उनका पोषण स्तर भी बढ़ेगा। डॉ. शेखर कुमार चंद्रा ने कहा कि एल्बेंडाजोल बच्चों के लिए एक सुरक्षित दवाई है।

क्लब में मनाया गया विकास दिवस समारोह

गिरिडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता) : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर नेहरू युवा केन्द्र, गिरिडीह के सहयोग से बेंगाबाद प्रखण्ड के ज्वाला युवा क्लब केंदुआगढहा में विकास दिवस समारोह मनाया गया। जिसकी अध्यक्षता क्लब अध्यक्ष रणधीर प्रसाद ज्वाला ने किया। उन्होंने बताया कि विकास दिवस के अवसर पर सेमिनार, स्वच्छता अभियान साथ ही प्रधानमंत्री द्वारा लांच विश्वकर्मा योजना को प्रतिभागियों को दिखाया गया। कार्यक्रम का संचालन क्लब अध्यक्ष पप्पु कुमार वर्मा ने किया। मौके पर उपस्थित काजल कुमारी, निशा कुमारी, अंशु कुमारी, सुषमा कुमारी, सुनैना कुमारी, मंजली कुमारी, राजकुमार वर्मा समेत अन्य लोग उपस्थित थे ।

सेवानिवृत सरकारी अमीन नहीं रहे

सरिया(गिरिडीह)(प्रभात मंत्र संवाददाता) : सरिया प्रखंड के जनवितरण दुकानदार सुखदेव प्रसाद साहू के पिता सेवा निवृत अमीन रामेश्वर प्रसाद साहू 82 वर्ष का निधन मंगलवार की देर शाम गिरिडीह में हो गई वो लंबे समय से अस्वस्थ चल रहे थे आज बुधवार को 10ः00 बजे उनके निवास आवास चिरुवा एम्बुलेंस से लाया गया तत्पश्चा उनके शुभचिंतकों की हुजूम उमड़ पड़ी उनका अंतिम दर्शन के लिए सर्वप्रथम चिरुवा मुखिया प्रतिनिधि रफीक अंसारी जन वितरण प्रणाली दुकानदार सुलेमान अंसारी पंचायत समिति सदस्य लाल मोहम्मद पंचायत समिति प्रतिनिधि गोविंद महतो 29 बगोदर विधान सभा के विधायक विनोद कुमार सिंह वासुदेव पंडित डलेश्वर यादव केशव मिश्रा मुंशी यादव नागेश्वर यादव और पूर्वी जोन के जिला परिषद उम्मीदवार रहे नरेश रजक अंतिम शब यात्रा में शामिल हुए लवाबर नदी दाह संस्कार किया गया।

जूट बैग निर्माण से महिलाओं की बढ़ेगी आमदनी : आशुतोष

एलईडीपी का दो दिवसीय रिफ्रेशर ट्रेनिंग प्रारंभ

गिरिडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता) : जूट बैग बनाकर एसएचजी महिलाओं की आमदनी बढ़ाने को लेकर नाबार्ड और आइडिया संस्था के संयुक्त तत्वावधान में एलईडीपी अंतर्गत बुधवार को जमुआ प्रखंड के ग्राम पलरा में दो दिवसीय रिफ्रेशर ट्रेनिंग का उद्घाटन नाबार्ड गिरिडीह के डीडीएम आशुतोष प्रकाश, झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक गिरिडीह के क्षेत्रीय प्रबंधक विकास सिंह, जेएसएलपीएस जमुआ प्रखंड के बीपीएम शिव बहादुर, बीपीओ धर्मेंद्र कुमार और केन्दुआ पंचायत की मुखिया आशा देवी ने संयुक्त रूप से किया। नाबार्ड के डीडीएम आशुतोष प्रकाश ने महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि समूह की महिलाएं जूट बैग का निर्माण कर अपनी आमदनी बढ़ाने का काम करें। उन्होंने कहा कि किसी भी बिजनेस की शुरूआत करने के लिए ट्रेनिंग, पूंजी और बाजार की मुख्य रूप से जरूरत होती है। नाबार्ड ने ट्रेनिंग दे दिया, बैंक पूंजी देने के लिए तैयार है और बाजार की जिम्मेदारी केन्दुआ एफपीओ की है। आप सभी को शीघ्र काम शुरू करना है। झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक गिरिडीह के क्षेत्रीय प्रबंधक विकास सिंह ने कहा कि महिलाएं काम शुरू करे बैंक पूंजी देने के लिए तैयार है। जेएसएलपीएस जमुआ के बीपीएम शिव बहादुर ने कहा कि जूट बैग का निर्माण बहुत ही अच्छा काम है और बाजार में जेएसएलपीएस मदद करेगा।

रांची स्मार्ट सिटी : चौथे चरण के ई-ऑक्शन को लेकर इन्वेस्टर्स मीट आयोजित

बिजनेस प्लान को साकार करने का सुनहरा अवसर : उपायुक्त

रांची स्मार्ट सिटी के विकास में बने भागीदार : अमित कूमार

प्रभात मंत्र संवाददाता

धनबाद : रांची के धुर्वा क्षेत्र में 656 एकड़ जमीन पर विकसित हो रही रांची स्मार्ट सिटी में झारखंड के निवेशकों को ज्यादा से ज्यादा मौका मिले इसके लिए रांची स्मार्ट सिटी कॉरपोरेशन ने आज धनबाद क्लब में एक इन्वेस्टर्स मीट का आयोजन किया। इस अवसर पर रांची स्मार्ट सिटी कॉरपोरेशन के सीईओ अमित कुमार ने धनबाद के निवेशकों से रांची स्मार्ट सिटी के विकास में भागीदार बनने का आग्रह करते हुए कहा कि निजी इन्वेस्टमेंट से इस भूखंड का विकास करना राज्य सरकार का उद्देश्य है। इसलिए यहां आवासीय भूखंड से एक तिहाई मूल्य पर इंवेस्टर को जमीन उपलब्ध कराई जा रही है। यह लोगों की आकांक्षा और अपेक्षा को पूरा करेगा।

उन्होंने कहा कि रांची स्मार्ट सिटी ने चौथे चरण की ई - ऑक्शन की प्रक्रिया शुरू की है। इसके तहत इसमें भाग लेने के लिए 7 अक्टूबर तक बीड सबमिशन किया जा सकेगा। इस चरण में कुल 36 प्लॉट्स है। जिसमें इंस्टीट्यूशनल, कमर्शियल, मिक्स यूज, पब्लिक व सेमी पब्लिक प्रकृति के बड़े प्लॉट्स उपलब्ध हैं। इंस्टीट्यूशनल इन्वेस्टमेंट को प्राथमिकता देने के लिए 21 प्रतिशत भूखंड रखा गया है।

प्रोजेक्ट को ग्रीनफील्ड के रूप में विकसित करने के लिए 37त्न जमीन ग्रीन एरिया के लिए रखी गई है। पूरी 656 एकड़ जमीन आपस में जुड़ी हुई है। यहां पर कई तरह की संरचनाएं बनकर तैयार है। इसमें कनेक्टेड सड़क, साइकिल ट्रैक, स्मार्ट स्ट्रीट लाइट, सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट, 12 एमएलडी का वाटर रेजर्वर, गैस इंसुलेटेड पावर स्टेशन के साथ एक शहर की सभी बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध रहेगी। स्मार्ट सिटी में अंडरग्राउंड वायरिंग, ड्रेनेज सिस्टम, गैस पाइपलाइन, ओपटिकल फाइबर के अलावा भविष्य को देखते हुए एक्स्ट्रा डक्ट भी रखा गया है।

उन्होंने बताया कि इसके ई - ऑक्शन में भाग लेने की प्रक्रिया सरल एवं पारदर्शी है। भुगतान का तरीका भी लचीला है। इन्वेस्टर को 5 साल में वहां काम करके दिखाना है। इंवेस्टर के कार्य को सरल और सुचारू रूप से संपन्न करने के लिए सिंगल विंडो सिस्टम लागू की गई है। इन्वेस्टर्स को संबोधित करते हुए उपायुक्त वरुण रंजन ने कहा कि भविष्य के बिजनेस प्लान को साकार करने का स्मार्ट सिटी रांची में सुनहरा अवसर मिलेगा। बिजनेस हब के लिए यह एक डेडीकेटेड शहर बनेगा। एक स्थान पर सारा सहयोग उपलब्ध रहेगा। उपायुक्त ने कहा कि रांची स्मार्ट सिटी में ऑर्गेनाइज्ड ग्रोथ देखने को मिलेगा। यहां तीव्र गति से विकास होगा। स्मार्ट सिटी में आधुनिक स्टेट ऑफ द आर्ट इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार होंगे। इन्वेस्टर्स को पहले दिन से ही सभी प्रकार का सहयोग प्रदान किया जाएगा। वरीय पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार ने कहा कि रांची स्मार्ट सिटी वर्ल्ड क्लास सिटी बन रहा है। यहां आधुनिक तकनीक के इस्तेमाल से संपूर्ण क्षेत्र में सुरक्षा के इंतजाम रहेंगे।

चौथे चरण में 36 प्लॉट्स का होना है ई-ऑक्शन

ग्राम पंचायत चिरुवा में ड्रिप योजना कृषि विभाग ने चलाया अभियान

प्रभात मंत्र संवाददाता

सरिया/गिरिडीह : सरिया प्रखंड के अंतर्गत ग्राम पंचायत सचिवालय भवन चिरुवा में बुधवार को सरिया प्रखंड कृषि विभाग ने ड्रिप से जोड़ो अभियान के तहत शिविर का आयोजन किया उक्त कार्यक्रम में मुख्य रूप से सहायक तकनीकी प्रबंधक अविनाश कुमार प्रखंड कृषि पदाधिकारी हेमलाल मुर्मू वा मुखिया, पंचायत समिति, वार्ड सदस्य गण उपस्थित थे इस दौरान कृषि क्षेत्र में ग्राम पंचायत में कैसे बेहतर तकनीकी के आधार पर खेती हो इसी को लेकर चर्चा परिचर्चा की गई साथ ही केंद्र और राज्य सरकार ने किसानों को सब्सिडी के आधार पर महत्वपूर्ण रूप से खेतीबाड़ी के कार्यों में हर रूप से सहयोग कर रही है इसको पंचायत के किसानों तक कैसे लाभ मिले पंचायत के प्रतिनिधियों ने चर्चा परिचर्चा की गई बैठक में मुख्य रूप से किसान मित्र कलामुद्दीन अंसारी नागेश्वर यादव शौकत अंसारी दौलत यादव प्रयाग कुमार ठाकुर बैंक मित्र दुलारचंद महतो दिनेश साहू मुंशी गोप सुरेंद्र महतो समेत अन्य किसान लोग उपस्थित थे।

लोकसभा में नारी शक्ति वंदन अधिनियम पास होने से महिलाओं में खुशी का माहौल : बॉबी

प्रभात मंत्र संवाददाता

धनबाद : लोकसभा में नारी शक्ति वंदन अधिनियम बिल पास होने से कोयलांचल सहित झारखंड के सम्पूर्ण क्षेत्र की महिलाओं में हर्षोल्लाह का माहौल है। भाजपा नेत्री धनबाद महानगर महामंत्री, महिला मोर्चा एवं सैल्यूट तिरंगा संस्था की वरिष्ठ प्रवक्ता बॉबी पांडे ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि संसद के विशेष सत्र के दूसरे दिन लोकसभा में महिला आरक्षण विधेयक पास होने से लोकसभा, दिल्ली विधानसभा और सभी राज्यों के विधानसभाओं में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण से लाभ होगा। इसका मतलब महिलाओं के लिए एक तिहाई सीट आरक्षित होंगी। इस ऐतिहासिक बदलाव के बाद से सक्रिय राजनीति में महिलाओं की भागीदारी तीव्र गति से बढ़ेगी। बॉबी पांडे ने देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को धन्यवाद देते हुए कहा है कि नारी शक्ति वंदन विधेयक के पास होने से महिला सशक्तिकरण को मजबूती मिलने

के साथ साथ आधी आबादी के प्रतिनिधित्व को बढ़ावा मिलेगा। इस कानून के बाद लोकसभा में कम से कम 181 महिला सांसद चुनकर आयेंगी। फिलहाल सदन में महिला सदस्यों की संख्या मात्र 82 है।

असर्फी अस्पताल में चल रहा प्रोस्टेट कैंसर जागरूकता अभियान

कैंसर से डरे नहीं, कैंसर को जानें

प्रभात मंत्र संवाददाता

धनबाद : असर्फी अस्पताल के डॉ. बिप्लव मिश्रा ने बताया की कैंसर निःसंदेह ही एक गंभीर रोग है। इसी में एक नाम आता है प्रोस्टेट कैंसर का। ज्ञातव्य हो की देश दुनिया के हर हिस्सों में कैंसर तथा कैंसर से बचाव और चिकित्सा के बारे में लोगो को जागरूक करने के लिए तरह तरह के कदम उठाये जा रहे हैं, जिससे कैंसर को हराया जा सके। इसी क्रम में सितंबर माह प्रोस्टेट कैंसर के जागरूकता के लिये जाना जाता है। इसी के तहत असर्फी अस्पताल में जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। डॉक्टर्स का कहना है कि किसी भी प्रकार के कैंसर की शुरुआत के दिनों में जांच कर इलाज़ कराना बेहतर

माना जाता है, जिससे मरीज़ की जल्द स्वस्थ्य होन की संभावना होती है। असर्फी अस्पताल के डॉ बिप्लव मिश्रा बताते है कि यदि किसी को पेशाब होने में कठिनाई हो, रुक रुक कर पेशाब हो, बार बार पेशाब आता हो, पेशाब करने में दर्द या जलन हो आदि के लक्षण हो, तो तुरंत अपने डॉक्टर से अवश्य मिलकर परामर्श ले।

हालांकि, उनका ये भी कहना है कि ये लक्षण प्रोस्टेट कैंसर के अलावा किसी अन्य कारणों से भी हो सकते हैं। डॉ मिश्रा वरिष्ठ नागरिको को प्रोस्टेट कैंसर स्क्रीनिंग कराने की सलाह देते है। कैंसर स्क्रीनिंग एक तरीका है जिसमें डॉक्टर, शरीर में कैंसर के कुछ रूपों की जांच करते हैं, जब आपको कैंसर का कोई लक्षण नहीं होता है। कैंसर स्क्रीनिंग का लक्ष्य उन कैंसर को ढूंढना है जिन्हें जितनी जल्दी हो सके, पाया जा सके, इससे पहले कि उसके लक्षण किसी व्यक्ति में दिखाई दे। डॉक्टर एक प्रकार की ब्लड जांच के तहत इसका पता लगाते है। डॉ मिश्रा, का कहना है कि 50 या उससे अधीक उम्र के पुरुषो को साल में एक बार प्रोस्टेट कैंसर जांच करानी चाहिए। ग्लोबोकेन के एक रिपोर्ट के मुताबिक़ विश्व में प्रति 8 व्यक्ति में 1 व्यक्ति प्रोस्टेट कैंसर से ग्रषित हो रहे। असर्फी अस्पताल में प्रोस्टेट कैंसर के लिए समुचित जांच एवं इलाज़ की व्यवस्था उपलब्ध है।

सरयू राय ने बीसीसीएल के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक से भेंट की

धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) : सरयू राय, विधायक झारखंड सह संरक्षक भारतीय जनतांत्रिक मोर्चा एवं कोल वर्कर्स वेलफेयर यूनियन, धनबाद के साथ भारत कोकिंग कोल लिमिटेड के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक समिरन दत्ता से कोयला भवन स्थित उनके कार्यालय में मुलाक़ात किये। अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक ने सरयू राय को गुलदस्ता प्रदान करते हुए भारत कोकिंग कोल लिमिटेड धनबाद के तरफ़ से विधायक जी का स्वागत किया। तत्पश्चात उदय कुमार सिंह ज़िला अध्यक्ष भारतीय जनतंत्र मोर्चा धनबाद ने पार्टी की तरफ़ से अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक को गुलदस्ता प्रदान करते हुए पार्टी के तरफ़ से स्वागत किया। तत्पश्चात विषय वस्तु जिसमें हाल ही में भुधसान से कुसुंडा क्षेत्र अंतर्गत गोन्दुडिह कॉलरी में भुधसान में मृत व्यक्तियों के प्रति शोक व्यक्त करते हुए भारत कोकिंग कोल लिमिटेड के अंतर्गत ख़तरनाक क्षेत्रों में निवास कर रहे लोगों को जल्द से जल्द सुरक्षित जगहों पर पुनर्वास करने की माँग रखी गई तथा इस मुद्दे को झारखंड सरकार के समक्ष भी रखने का निर्णय लिया गया।

दी आर्ट ऑफ लिविंग की हर घर ध्यान अभियान

प्रभात मंत्र संवाददाता

धनबाद : बुधवार को संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार एवं दि आर्ट ऑफ लिविंग के संयुक्त तत्वाधान जी.इ.पी (गवर्नमेंट इग्जेक्युटिव प्रोग्राम) डेस्क के अंतर्गत आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में %हर घर ध्यान% कार्यक्रम का आयोजन बहु विषेयक क्षेत्रीय रेल प्रशिक्षण संस्थान, पूर्व रेलवे, भूली के परिसर में किया गया। कार्यक्रम का संचालन दि आर्ट ऑफ लिविंग के वरीय प्रशिक्षक मयंक सिंह ने किया। कार्यक्रम में प्राचार्य अशोक कुमार, फैकल्टी इंचार्ज संजय सहाय, फैकल्टी सुबोध कुमार, धनंजय कुमार सिंह आदि के साथ साथ लोको पायलट, ट्रेन मैनेजर, टिकट कलेक्टर और कमर्शियल क्लर्क के ट्रेनी करीब 400 कर्मचारियों ने भाग लिया। कार्यक्रम दो सत्रों में किया गया, जिसमें पहले सत्र मे वरीय अधिकारी जैसे लोको पायलट, ट्रेन मैनेजर, टिकट कलेक्टर, वहीं दूसरे सत्र मे 200 कमर्शियल क्लर्क के ट्रेनी ने भाग लिया। सभी प्रतिभागियों ने आसन-प्राणायाम और ध्यान का अनुभव किया। वहां उपस्थित सभी कमर्शियल ट्रेनी, लोको पायलट, ट्रेन मैनेजर, टिकट कलेक्टर को संबोधित करते हुए प्रशिक्षक मयंक सिंह ने कहा कि यदि आप अपने काम को केंद्रित होकर सटीकता से करना चाहते हैं तो मन को बांधना होगा और मन को नियंत्रित करने का सबसे सहज और सरल साधन ध्यान है। ध्यान करने से मानसिक स्वास्थ्य बेहतर और हमारा मन वर्तमान क्षण में स्थित रहता है। डिप्रेशन, चिन्ता, तनाव से बाहर आने में ध्यान बहुत कारगर है। जैसे हम प्रतिदिन नहाते हैं, दांत साफ करते हैं, भोजन करते हैं, उसी प्रकार प्रतिदिन ध्यान करने की आदत डालनी चाहिए। ध्यान के उपरांत सभी प्रतिभागियों ने मन में शांति का अनुभव किया।

प्रवासी मजदूर की मुंबई में हुई मौत, विधायक ने जताया दुख

प्रभात मंत्र संवाददाता

बगोदर : बगोदर प्रखंड के जरमुने पश्चिमी पंचायत के एक प्रवासी मजदूर की मौत मुंबई में हो गई। घटना को लेकर बताया जाता है कि जरमुने पश्चिमी पंचायत के महुरी गांव के प्रवासी मजदूर नारायण महतो जो मुंबई में मजदूरी का काम करता था उसे अचानक तबीयत खराब हो गई और आनन फानन में लोगों ने मंगलवार की रात एक अस्पताल में भर्ती किया गया । जहां बुधवार की अहले इलाज के दौरान मौत हो गई । जैसे ही घर वालो की मौत की खबर मिली परजनो का रो रो कर बुरा हाल है । घटना की सुचना मिलते ही बगोदर विधायक विनोद सिंह मृतक के घर पहुँचे और परिजनों को ढाढस बंधाया साथ श्रम विभाग अधिकारी से बात कर प्रवासी मजदुर की मौत पर शव लाने के खर्च को अभिलम्ब को देने को लेकर निर्देश दिए। इस मौके पर मुखिया सविता देवी पुर्व मुखिया सह मुखिया प्रतिनिधि संतोष रजक सहित कई लोगो ने घटना के प्रति गहरा शोक प्रकट किए ।

आर्ष परिषद कतरास ब्राह्मण समाज दिसंबर में आयोजित करेगी ब्राह्मण महा सम्मेलन

प्रभात मंत्र संवाददाता

धनबाद : अखिल भारतीय ब्राह्मण समाज के महासचिव सुरेश चंद्र तिवारी ने बताया कि बुधवार को शिव नारायण पाण्डेय की अध्यक्षता में गिरिडीह कृष्णानगर में पंचखुर ब्राह्मण समाज की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में यह विचार विमर्श किया गया कि 2023 के आखिरी महीने दिसंबर में धनबाद जिला के 36 ग्रामों में गठित आर्ष परिषद कतरास ब्राह्मण समाज के तत्वावधान में एक ब्राह्मण महा सम्मेलन करने का आयोजन करेगी। आर्ष परिषद कतरास के अध्यक्ष

अरुण चन्द्र तिवारी एवं समिति के पदाधिकारियों ने यह निर्णय लिया है जिसका झारखण्ड, पश्चिम बंगाल स्थित आठ ब्राह्मण समाज जिसमें पंचखूर, आठगांवा, पांडरा, शिखर, नवागढ़, शेरगढ़ एवं शत्ततोपा के अलावे अखिल भारतीय ब्राह्मण समाज, सम्पूर्ण विप्र समाज, राष्ट्रीय ब्राह्मण महा संघ विश्व ब्राह्मण संघ आदि ब्राह्मण समाज भी शामिल होने के इच्छुक तथा आमंत्रित किये जायेंगे।

24 को प्रधानमंत्री करेंगे पटना और हावड़ा के मध्य वंदे भारत ट्रेन के परिचालन का शुभारंभ

प्रभात मंत्र संवाददाता

हाजीपुर : यात्रियों की सुविधा के मद्देनजर पटना और हावड़ा के मध्य अत्याधुनिक एवं विश्वस्तरीय सुविधाओं से युक्त सेमी हाई स्पीड वंदे भारत ट्रेन का परिचालन प्रारंभ किया जा रहा है । माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी द्वारा दिनांक 24.09.2023 को वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से पटना-हावड़ा वंदे भारत ट्रेन के परिचालन का शुभारंभ किया जायेगा ।

विदित हो कि वंदे भारत ट्रेन देश में रेल यात्रा के उच्च स्तर को स्थापित

करने और ट्रेनों की गति को बढ़ाने की महत्वाकांक्षी योजना है । माननीय प्रधानमंत्री जी के 'मेक इन इंडिया' और 'आत्मनिर्भर भारत' की संकल्पना को साकार करने के लिए भारतीय रेलवे ने नवीनतम तकनीक का प्रयोग कर पूर्णतः स्वदेशी सेमी हाई स्पीड वंदे भारत ट्रेन का निर्माण किया है । आकर्षक एरोडाइनमिक डिजायन, बेहतरीन आंतरिक साज-सज्जा, अत्याधुनिक सुविधाएं, आरामदायक यात्रा, सुरक्षा प्रबंधन और संरक्षित सफर के मापदण्डों के साथ वंदे भारत एक लोकप्रिय ट्रेन साबित हुई है ।

वंदे भारत ट्रेन की प्रमुख विशेषताएं - 160 किलोमीटर प्रति घंटा की अधिकतम स्पीड

।। टक्करोधी कवच प्रणाली से सुसज्जित

।। उत्कृष्ट परिचालन क्षमता के तहत वंदे भारत ट्रेन दोनों दिशाओं में संचालित की जा सकती है, इसमें इंजन रिवर्सल की आवश्यकता नहीं होती है ।

महुदा : कॉल वाशरी के कर्मी चोरों के दहशत से है परेशान

महुदा(प्रभात मंत्र संवाददाता) : महुदा कॉल वॉशरी मे लोहा चोरों के दूवारा पत्थरबाजी से कार्यरत कर्मी मे दहशत व्याप्त है । वर्षो से बन्दी का दंश झेल रहे पश्चिमी झरिया क्षेत्र मुनीडीह (महुदा ग्रूप) के अन्तर्गत महुदा कॉल वॉशरी महुदा कई बर्षो से बन्द पड़ा हुआ है, जिस पर चोरों का निगाह गढ़ा हुआ है ढ बन्द वॉशरी का सुरक्षा के लिए सीआईएसएफ को लगाया गया है जो अक्सर नदारत रहते है या कहीं दुबके रहते है। जिससे चोरों का मनोबल शिखर पर चढ़ा हुआ है।

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
लोहरदगा/सिमडेगा
रांची, गुरूवार, 21 सितंबर 2023| पेज 11

भ्रष्टाचार को संरक्षण देने वाली है वर्तमान सरकार : बाबूलाल मरांडी

आने वाले लोकसभा चुनाव में झारखंड से भ्रष्टाचार को खत्म करने के लिए वोट करें : बाबूलाल मरांडी

➲गरीबों का राशन खा गयी वर्तमान सरकार : बाबूलाल मरांडी

प्रभात मंत्र संवाददाता

कोलेबिरा : स्वागत भाषण करते हुए जिलाध्यक्ष लक्ष्मन बड़ाईक ने कहा कि कोलेबिरा के पावन धरती पर माननीय प्रदेश अध्यक्ष सह झारखंड के प्रथम मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी का स्वागत है, माननीय प्रदेश अध्यक्ष को कोलेबिरा बिधानसभा के जनता की ओर से वादा करता हूँ कि लोकसभा के साथ साथ सिमडेगा एवं कोलेबिरा दोनो बिधानसभा जीत कर पार्टी की झोली में डालने का काम करेंगे। संगठन प्रभारी शैलेन्द्र सिंह ने कहा कि बाबूलाल मरांडी के नेतृत्व में झारखंड में पूर्ण बहुमत की सरकार बनेगी,आदिवासी समाज के सच्चे हितैषी हैं बाबूलाल मरांडी। सभा को संबोधित करते हुए कहा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि दुनिया मे कोई देश नही जहाँ महिलाओं को 33त्रआरक्षण मिला हो ये देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की सोच है जो माँ बहनों के बारे सोचते थे,जब लोक डाउन में सारा देश जब बंद था प्रधानमंत्री जी ने घर घर मुफ्त राशन भेजने का काम किया उसे भी झारखंड के मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन एक महीना का गरीबो का राशन खा गए,हर किसान को प्रधानमंत्री सम्मान निधि के तहत 6000 रुपये किसानों के खाते में डालने का काम किया, झारखंड अलग राज्य की लड़ाई भाजपा ने लड़ा कांग्रेस ने लंबी समय तक देश मे राज किया जिसका सहयोगी जेएमएम भी थी पर इन्होंने अलग राज्य से मतलब नही था। भाजपा की जब सरकार बनी अटल जी के प्रधानमंत्री नेतृत्व काल में झारखंड अलग राज्य बना,भाजपा के नेतृत्व में मेरे कार्यकाल में अर्जुन मुंडा जी एवं रघुवर दास के कार्यकाल में विकास कार्य हुवा,गठबंधन जब सता में आई तो इन्होंने झारखंड को लूटने का कार्य किया। वर्तमान सरकार भी ईडी सीबीआई से घिरी हुई है , कई लोग जेल गए हैं।ये लोग लूटने के लिए सत्ता में बैठे हैं, कानून व्यवस्था बदतर अवस्था मे है । पिछले दिनों बेसरा जरा में संजू प्रधान की जिंदा जलाकर हत्या कर दी गयी। पुलिस प्रसाशन को हेमन्त सरकार वसूली में लगा दिया है, बालू ढोने पर भी ये सरकार केस करवा रहा है ,वसूली करवा रहा है, पुलिस का काम है अपराधी को पकड़ना पर ये सरकार पुलिस को वसूली में लगा दिया है, पैसा लेकर राँची पुहचाने का काम किया जा रहा है। ब्लॉक से लेकर अंचल में बाजार खुला हुवा है, राशन कार्ड में नाम जोड़वाना हो या मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाना हो बिना पैसा कोई काम नही होता है। झारखंड के मुख्यमंत्री भ्रष्टाचार में लिफ्ट है , इसीलिए भ्रष्टाचारियों को संरक्षण देते हैं इसलिए जबतक भाजपा सत्ता में नही आती है झारखंड में भरस्टाचार खत्म नही होगा। इस प्रदेश से भ्र्ष्टाचार को खत्म करवाने के लिए भाजपा को लाना जरूरी है। झारखंड सरकार के संरक्षण में बालू जमीन कोयला सब पर लूट मचा हुआ है। मुख्यमंत्री कहते हैं कि ईडी मेरे पीछे पड़ी हुई है, जब मुख्यमंत्री सही हैं तो ईडी के पास क्यो नही जाते, उन्हें पता है कि ईडी के सवालों का वे जवाब नही दे सकते। इसलिए आज हम सब संकल्प लेते हैं कि आने वाले लोकसभा चुनाव में झारखंड से भ्रष्टाचार खत्म करने के लिए नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश मे भाजपा सरकार बनाएं। सभा से पूर्व वीर तेलंगा खड़िया, भगवान बिरसा मुंडा, रन बहादुर सिंह, नीलाम्बर-पीताम्बर जैसे महापुरुषों के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

साहू धर्मशाला में भारतवर्षीय चंद्रवंशी क्षत्रिय महासभा का आयोजन एक अक्टूबर को : निश्चय वर्मा

लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता): अखिल भारतवर्षीय चंद्रवंशी क्षत्रिय महासभा झारखंड प्रदेश के युवा प्रदेश अध्यक्ष निश्चय वर्मा ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए जानकारी दी है की आगामी 1 अक्टूबर 2023 दिन रविवार को लोहरदगा अवस्थित स्थानीय थाना टोली स्थित बलदेव साहू,शिव प्रसाद साहू धर्मशाला में अखिल भारतवर्षीय चंद्रवंशी क्षत्रिय महासभा की एक दिवसीय राष्ट्रीय कार्य समिति की बैठक होना निश्चित है। जिसके निमित्त राष्ट्रीय उपाध्यक्ष प्रेम वर्मा, सचिव श्री किशोर वर्मा एवं महासभा झारखंड के प्रदेश अध्यक्ष श्री नितेश चंद्रवंशी के निर्देशानुसार तैयारी जोर-शोर से प्रारंभ कर दी गई है। राष्ट्रीय समिति की बैठक में भारत के विभिन्न प्रांतो यथा उत्तर प्रदेश, बिहार, बंगाल, दिल्ली,आदि राज्यों के चंद्रवंशी क्षत्रिय महासभा के पदाधिकारी गण लोहरदगा आएंगे युवा प्रदेश अध्यक्ष ने व्यवस्था को लेकर जानकारी दी है कि इसके लिए एक स्वागत समिति बनाई जाएगी एवं कार्यक्रम प्रभारी नियुक्त किया जाएगा। बैठक में चंद्रवंशी समाज से जुड़े हुए कई मुद्दों पर अहम चर्चा होगी,जिसमे प्रमुख रूप से सी एन टी,झारखण्ड चंद्रवंशी महासभा, महासभा की मजबूती एवं समाज की अन्य विषयों पर गहन चर्चा होनी है, बैठक में ज्यादा से ज्यादा चंद्रवंशी परिवार के लोग शामिल हो इसलिए जनसंपर्क अभियान भी प्रारंभ कर दिया गया है। इस अवसर पर राजकुमार वर्मा, सूरज वर्मा, अंकित वर्मा, शुभम कुमार वर्मा, अभिषेक वर्मा, प्रशांत वर्मा, राजन वर्मा,विवेक वर्मा, शुभम वर्मा, रोहित वर्मा, नितेश वर्मा, कुणाल वर्मा, अमित वर्मा, विकास वर्मा आदि उपस्थित थे।

कला संस्कृति खेलकूद विभाग द्वारा मांदर वितरण समारोह का हुआ आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

भंडरा-लोहरदगा : जिले के भंडरा प्रखंड कार्यालय परिसर में बुधवार को कला संस्कृति खेलकूद विभाग द्वारा मांदर वितरण समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें झारखंड सरकार के योजना सह वित्त विभाग वाणिज्य कर विभाग, खाद आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले की मंत्री डॉ. रामेश्वर उरांव द्वारा भंडरा प्रखंड के अखाड़ा समिति के सदस्यों के बीच 17 मंदिर व दस नगाड़ा का वितरण किया। मांदर वितरण से पूर्व मुख्य अतिथि वित्त मंत्री डाक्टर रामेश्वर उरांव का स्वागत स्वयं सहायता आजीविका समूह की महिलाओं द्वारा स्वागत गान गाकर किया गया। इसके पश्चात कार्यक्रम का उद्घाटन वित्त मंत्री डा. रामेश्वर उरांव, विधायक प्रतिनिधि निशीथ जायसवाल, रामकिशोर साहू, प्रखंड विकास पदाधिकारी रंजीत कुमार सिन्हा व सीओ दिनेश प्रसाद गुप्ता ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर किया। मौके पर मुख्य अतिथि डा. रामेश्वर उरांव ने कहा कि प्रकृति पर्व करमा के अवसर पर आदिवासी समाज के बीच वाद्य यंत्र का वितरण किया जा रहा है। झारखंड में करमा पर्व का एक अलग ही महत्व है। हमें अपनी संस्कृति और सभ्यता को बरकरार रखने के लिए अपने संस्कृति-सभ्यता से जुड़ा रहना होगा। आदिकाल से चले आ रहे परंपरा को बरकरार रखने के लिए अपने वाद्य यंत्र के प्रति सजग होने की आवश्यकता है। इस दौरान उन्होंने कहा कि हमारी संस्कृति-सभ्यता की पहचान हमारे वाद्ययंत्र से होती है। आदिवासी संस्कृति को सुरक्षित करना हम सभी का दायित्व है। हर त्योहार में अखाड़ा की शोभा मांदर व ढोल से ही होती है। साथ ही उन्होंने कहा कि बहुत जल्द ही झारखंड के सभी गांव के अखाड़ा को सुंदरीकरण करने की दिशा में सरकार कार्य करेगी।

क्रीमी उन्मूलन दिवस पर बच्चों को खिलाई गई दवा

बच्चों का स्वास्थ्य सुदृढ़ करना ही हमारा लक्ष्य : महेंद्र कुमार मिश्रा

प्रभात मंत्र संवाददाता

लोहरदगा : सुंदरी देवी सरस्वती शिशु मंदिर लोहरदगा में आज क्रीमी निरोधक दिवस का आयोजन किया गया। तथा इस अवसर पर लगभग 150 शिशुओं को अल्बेंडाजोल की दवा खिलाई गई। सरस्वती वंदना के पश्चात इस कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य सुरेश चंद्र पांडे ने कहा स्वस्थ जीवन की कल्पना स्वस्थ शरीर से होता है माता-पिता शिक्षक सदैव बच्चों के स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहे स्वस्थ शरीर एवं स्वस्थ मस्तिष्क के विकास ही हमारे जीवन का लक्ष्य है। विद्या विकास समिति के तत्वावधान में आज विद्यालय में प्रारंभिक प्रतिभा चयन एवं प्रतिभा खोज परीक्षा का आयोजन किया गया। इस आप परीक्षा में कक्षा तृतीय चतुर्थ एवं पंचम के सभी भैया बहन ने भाग लिया। यह परीक्षा भैया बहनों के सर्वांगीण विकास एवं प्रतियोगितात्मक परीक्षा तथा अपनी संस्कृति के प्रति जागरूकता उत्पन्न करने के लिए प्रतिवर्ष आयोजित किया जाता है। प्रारंभिक परीक्षा में सफल होने वाले प्रतिभागियों की मुख्य परीक्षा विद्या विकास समिति झारखंड द्वारा बाद में आयोजित की जाएगी। सफल प्रतिभागियों को प्रांतीय स्तर से बच्चों को पुरस्कार प्रदान किया जाता है इस अवसर पर विद्यालय के सभी आचार्य जी दीदी जी उपस्थित थे।

धूम धाम से मनाया गया गणेशोत्सव का त्योहार

सेन्हा-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता): प्रखंड मुख्यालय स्थित ठाकुरबाड़ी और सती मंदिर के समीप कुशवाहा नवयुवक संघ और ठाकुर बाड़ी पूजा समिति के द्वारा धूम धाम से गणेशोत्सव मनाया गया। गणेश चतुर्थी के अवसर पर भक्तों ने हर्षोल्लास के साथ श्रद्धा पूर्व भक्ति भाव से गणेश जी महाराज का पूजन किया वही कुशवाहा नवयुवक संघ महतो मुहल्ला मे पूजन से पूर्व रामनवमी मेला के समय बिजली का कार्य करते समय दुर्घटना मे मृत्यु हुए मनोज महतो को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। उसके पश्चात मुहल्ले की सबसे बुजुर्ग माता 85 वर्षीय सुलोचनी देवी से पंडाल का उद्घाटन कराया गया। नवयुवक संघ सती मंदिर में अवनीश पाठक के द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विधि विधान के साथ भगवान गणेश का पूजन कराया गया। उन्होंने बताया की गणेश भगवान के जन्मोत्सव पर गणेश चतुर्थी का त्योहार मनाया जाता है। साथ ही बताया कि वैदिक पुराण के अनुसार भाद्रपद महिने के शुक्लपक्ष की चतुर्थी तिथि को भगवान श्री गणेश जी का अवतरण हुआ था। जिसके उपलक्ष्य मे यह त्योहार मनाया जाता है। वही पूजा मे समिति के द्वारा 101 किलो लड्डू का भोग लगाया गया। ठाकुरबाड़ी पूजा समिति में पुरोहित विनय पाठक द्वारा श्रद्धा भक्ति भाव से पूजा अर्चना कराया गया। साथ ही आज भक्ति जागरण का आयोजन किया गया। तथा तीसरे दिन बृहद भंडारा का आयोजन किया जाना है। मौके पर संजय महतो, आदर्श महतो, विक्की महतो, अजय महतो, विशाल महतो, अशोक महतो, दिलीप महतो, उज्जवल पाठक, सिद्धार्थ पाठक, दीपक महतो, पंकज महतो सहित सैकड़ो की संख्या मे भक्तगण उपस्थित थे।

संचालित वर्दी मेरा जुनून संगठन युवाओं के लिए हो रहा है वरदान साबित

प्रभात मंत्र संवाददाता

भंडरा-लोहरदगा : भंडरा प्रखंड में संचालित वर्दी मेरा जुनून संगठन युवाओं का लिए वरदान साबित हो रहा है।पिछले कई वर्षों से वर्दी मेरा जुनून संगठन से जुड़ कर युवा अपने मंजिल को हासिल कर चुके है।इस वर्ष भी भंडरा प्रखंड से छह युवा का इंडियन आर्मी में चयन हुआ है इस संदर्भ में वर्दी मेरा जुनून संगठन के संस्थापक अमित कुमार का कहना है की आज कल के युवा को अगर सही मार्गदर्शन न मिले तो वह गलत राह में चल सकते है इन्ही बातो को ध्यान में रखते हुए वर्दी मेरा जुनून संगठन को बनाया गया है की बच्चे अपने प्रतिभा को प्रदर्शित कर सके।आज झारखंड के विभिन्न जिला गुमला, लोहरदगा, लातेहार, खूंटी में संगठन कार्य कर रही है साथ ही हरेक जिला से युवक युवतियों बेहतर प्रदर्शन कर अपने मुकाम को हासिल कर रहे हैं। भंडरा के ट्रेनर राजा घोषाल ने बताया कि इस वर्ष पिंटू उरांव, अजय उरांव, चंद्रमा लोहरा, अरविंद यादव का चयन हुआ है संगठन का लक्ष्य है गरीब असहाय युवाओं को सही मार्ग पर लाना व उनके योग्यता के अनुरूप सही दिशा प्रदान करना है।

महाआरती की गूंज अब हर घरों में दे रही है दस्तक : दीपक साहू

प्रभात मंत्र संवाददाता

लोहरदगा : महाआरती की गूंज अब हर घरों में दे रही है दस्तक, आस्था में हो रहे लोग विभोर जय श्रीराम और जय हनुमान के लग रहे हैं नारे मंगलवारी को लेकर नगर अध्यक्ष दीपक साहू के नेतृत्व में जय श्रीराम समिति का हर मोहल्ले के मंदिरों में हो रहा भव्य महाआरती सैकड़ो की संख्या में जुट रहे हैं लोग युवाओं का जोश देख बड़े बुजुर्ग भी नहीं रोक पा रहे हैं खुद को, महिला भी नहीं है पीछे आज इसी कड़ी में न्यू रोड स्थित हनुमान मंदिर में भक्तों ने दिखाई अपनी आस्था। नगर महामंत्री सुशील पटनायक ने कहा पूरे लोहरदगा जिले में महा आरती को लेकर लोगों में एक नई उत्साह एवं उमंग दिखाई पड़ी है युवा, बड़े, बच्चे, महिलाए अधिक से अधिक संख्या में मंदिरों में जुट रहे हैं जो सनातन समाज की एकजुट को प्रदर्शित करता है साथ ही महामंत्री ने कहा सभी सनातनियों से निवेदन है कि मंगलवार को अपने-अपने मोहल्ला में अधिक से अधिक संख्या में आरती में शामिल हो। मौके पर जिला पदाधिकारी नगर पदाधिकारी, समिति सदस्य समेत सैकड़ो की संख्या में भक्तजन मौजूद थे।

केरसई में चलाया गया स्वच्छता अभियान, साफ सफाई हेतु लोगों को किया गया जागरूक

प्रभात मंत्र संवाददाता

केरसई : प्रखंड अंतर्गत बुधवार को अहले सुबह केरसई मुखिया फबियोला खेस्स की अगुवाई में एवं पंचायत सचिव जलेश्वर राम के संयुक्त नेतृत्व में केरसई पंचायत परिसर, केरसई बाजारटाँड़ एवं मंदिर परिसर, रुसू बाजारटाँड़ एवं मंदिर परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया गया। सभी पंचायत प्रतिनिधियों एवं पंचायतवासियों को सफाई के बारे में मुखिया एवं पंचायत सचिव ने अपील करते हुए कहा कि अपने आसपास साफ सफाई का विशेष ध्यान रखें, देश में स्वच्छता अभियान लगातार चलते आया है और हम लोगों को भी प्रयास करना चाहिए कि अपने आसपास के क्षेत्र में साफ सफाई रखें जिससे कि गंदगी ना हो, अभी बरसात के मौसम में साफ-सफाई रखना बेहद जरूरी है, स्वच्छता के नियमों का पालन करने से डेंगू, चिकुनगुनिया एवं मलेरिया जैसी घातक बीमारियां नहीं होगी और वातावरण भी साफ रहेगा। आज के स्वच्छता अभियान में विधायक प्रतिनिधि मुंस खेस्स, सुरेंद्र कुमार, पीएलबी विष्णु प्रसाद, उपेंद्र कुमार, पूर्व मुखिया बालासीयूस खेस्स, उपमुखिया ज्वलित मिंज, जलसहिया बसंती मिंज, वार्ड सदस्य रविन्द्र प्रधान, पंचायत सचिव कोनजोबा, शम्भू प्रसाद, प्रभुदयाल प्रसाद, दीपक प्रसाद, रवि कुमार, संजय प्रसाद, मनु यादव,मनीष कुमार, नरेश प्रसाद, मुकेश प्रसाद, बरदान मिंज, रूपेश प्रसाद सहित ढेरों ग्रामीणों ने अभियान में भाग लिया।

भाजपा जिला मंत्री सरोज प्रजापति की मां के निधन पर भाजपाइयों में शोक की लहर

लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता): भारतीय जनता पार्टी के जिला मंत्री सह चिल्ड्रेन पैराडाइज विधालय के संस्थापक सरोज प्रजापति की माताजी लक्ष्मी देवी उम्र 95 वर्ष का स्वर्गवास हो गया। इनका आज कोयल नदी में अंतिम संस्कार किया गया। ईश्वर उनकी आत्मा को शांति प्रदान करें। इस दुःख के घड़ी में भाजपा राष्ट्रीय जनजाति मोर्चा अध्यक्ष व राज्यसभा सांसद समीर उराँव, लोहरदगा लोकसभा सांसद सुदर्शन भगत, जिला अध्यक्ष मनीर उरांव, पूर्व विधानपार्षद प्रवीण सिंह,पूर्व विधायक श्री रमेश उराँव, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य ओमप्रकाश सिंह, पूर्व माटीकला बोर्ड अध्यक्ष श्रीचंद प्रजापति,पूर्व जिला अध्यक्ष ब्रजबिहारी प्रसाद, मदन मोहन पाठक, राकेश प्रसाद, राजकिशोर महतो, राजमोहन राम,एसटी मोर्चा प्रदेश महामंत्री बिंदेश्वर उराँव, प्रदेश मंत्री भाजयुमो अजातशत्रु, बजरंग उरांव, लक्ष्मीनारायण भगत, हर्ष नाथ महतो, समेला भगत, ओम प्रकाश गुप्ता, मनी रतन भगत, राम किशोर शुक्ला, परमेश्वर उराँव,भूषण प्रसाद अमरेश भारती, सूरज कुमार दसोंधि, विवेक सोनी, सुदामा प्रसाद, मुकेश साहू, लखन उरांव,मोहन साहू,विशेश्वर दीन, राजकिशोर साहू, राजू शर्मा, कैलाश साहू, विश्वजीत भारती, कपिन्द्र महतो, मनिष शिखर,सजल कुमार,जितेंद्र महतो, प्रकाश नायक, नासिर हुसैन, कलावती देवी, बाल्मीकि कुमार, पवन कुमार, राजेश प्रसाद, राजेश महतो, अनूप कुमार वर्मा, अनंत महतो सहित अन्य ने गहरा शोक व्यक्त किया।

जिला स्तरीय मीडिया कार्यशाला का हुआ आयोजन

सिमडेगा (प्रभात मंत्र संवाददाता): लीड्स कार्यालय सिमडेगा में लीड्स संस्था द्वारा रेस परियोजना के तहत् जिला स्तरीय मीडिया एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया ⁼ कार्यक्रम का शुभआरंभ लीड्स के जिला परियोजना प्रबंधक नरेंद्र मिश्रा के द्वारा किया गया और मीडिया के बंधुओं का स्वागत किया गया । साथ ही लीड्स के कार्यक्षेत्र की जानकारी दी गई ।इस कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए रेस परियोजना क्लीन एनर्जी को-आर्डिनटर मनीष कुमार सिंह के द्वारा रेस परियोजना की जानकारी और रेस परियोजना के सफलताओं को बताया गया और साथ ही लीड्स संस्था के कार्यों की पूरी जानकारी दी । माईग्रेंट लेबर प्रोजेक्ट के प्रोजेक्ट कोर्डिनेटर अनुराग जी के द्वारा माईग्रेंट लेबर प्रोजेक्ट के बारे में जानकारी दी गई।इस कार्यक्रम में जिला सिमडेगा के सभी विख्यात मीडिया के पत्रकार बंधु शामिल हुए जिनमे प्रभात खबर, प्रभात मंत्र, हिंदुस्तान, दैनिक जागरण, दैनिक भास्कर, सन्मार्ग आदि के मीडिया कार्यकर्ता मौजूद थे। अमित रंजन दैनिक जागरण पत्रकार के द्वारा झारखंड में बढ़ रहे कार्बन उत्सर्जन पर जानकारी दी गई। अंत में अभिषेक राहुल के द्वारा सभी उपस्थित मिडिया पत्रकार बंधुओ को धन्यवाद किया गया। इस कार्यशाला को सफल बनाने में आशित, संजय ग्वाला, विनीता लकड़ा, दिलराज नायक का अहम् भूमिका रही।

बिहारियों से घिरे हैं हेमंत, आदिवासियों का कहां से करेंगे भला : लोबिन हेम्ब्रम

➲शहीदों व पुरखों के सपनों को चकनाचूर कर रहे हेमंत सोरेन : राजू महतो

➲आदिवासी मूलवासियों को उनके ही जमीन से बेदखल करने की रची जा रही साजिश : सधनु भगत

प्रभात मंत्र संवाददाता

लोहरदगा : 17 सूत्री मांगों को लेकर झारखंड आंदोलनकारी महासभा लोहरदगा जिला समिति के तत्वावधान में बुधवार को उपायुक्त कार्यालय के समक्ष कार्यकारी अध्यक्ष अमर किन्डो की अध्यक्षता एक दिवसीय धरना प्रदर्शन की गई। जिसमें मुख्य रूप से विधायक सह झारखंड बचाओ मोर्चा के संयोजक लोबिन हेम्ब्रम, पूर्व मंत्री सधनु भगत,केन्द्रीय अध्यक्ष राजू महतो, प्रधान महासचिव कयूम खान, वरीय उपाध्यक्ष अश्विनी कुजूर, उपाध्यक्ष किशोर किस्कू, महासचिव प्रो. लाल अजय नाथ शाहदेव, केन्द्रीय सचिव अरुण कुमार दुबे, आजम अहमद, इसरार अहमद, संयोजक प्रो0 विनोद भगत, भुनेश्वर सेनापति, राजकिशोर महतो आदि उपस्थित हुए। मौके पर झारखंड मुक्ति मोर्चा के बोरियो विधायक लोबिन हेम्ब्रम अपनी ही सरकार और पार्टी नेतृत्व पर जमकर बरसे। उन्होंने कहा कि जनता से जिस वादे और संकल्प के साथ हेमंत सोरेन सत्ता में आये थे,आज उन वादों और संकल्प को भूल गए हैं। उन्होंने कहा कि अगर यहां के आदिवासि और मूलवासियों के पास जमीन ही नहीं बचेगी तो आदिवासी मूलवासियों कहां जाएंगे। कहा कि जब 2019 में चुनाव प्रचार हो रहा था, उस वक्त हेमंत सोरेन ने कहा था कि हमारी सरकार बनेगी तो सीएनटी और एसपीटी एक्ट और पेशा एक्ट को लागू करेंगे, लेकिन सत्ता में आने के बाद हेमंत सोरेन उस वादे को भूल गए हैं। आज आदिवासी मूलवासी समाज अपने ही राज्य में उपेक्षित होता जा रहा है। जल, जंगल और जमीन की लूट जारी है। सीएनटी, एसपीटी एक्ट में संशोधन कर सरकार इसे कमजोर करने में लगी है। आंदोलनकारी एवं झारखंड बचाओ मोर्चा इसे बर्दाश्त नहीं करेगा। लोबिन ने कहा कि आदिवासी मुख्यमंत्री होते हुए भी अब तक न स्थानीय नीति बनी, न नियोजन नीति बनी। साथ ही विस्थापन आयोग का भी गठन नहीं हुआ। सरकार रोजगार देने की बात कह रही है, लेकिन सरकार यह तो बताए कि किस प्रखंड में किस कंपनी में अब तक कितने लोगों को 75 फीसदी नौकरी दी गई है।

क्षेत्रीय समस्याओं को दूर करना झारखंड पार्टी की पहली प्राथमिकता : एनोस एक्का

प्रभात मंत्र संवाददाता

सिमडेगा : क्षेत्र की समस्याओं को दूर करना झारखंड पार्टी की पहली प्राथमिकता है और इसी मंत्र के का अनुसरण कर जमीन से जुड़कर झारखंड पार्टी लोगों की समस्याओं को दूर करने का कार्य कर रही है ।आने वाले दिनों में सभी समस्याओं को पूरी तरह से दूर करने का प्रयास करेगी ,उक्त बातें पूर्व ग्रामीण विकास मंत्री एनोस एक्का के द्वारा कोलेबिरा विधानसभा क्षेत्र के कुंदुरडेगा गांव में आयोजित ग्रामीणों की समस्याओं को सुनने के पश्चात कहीं ।उन्होंने आगे कहा कि झारखंड पार्टी को लोग विकल्प के रूप में देख रहे हैं और इस क्षेत्र में जो भी समस्याएं हैं उन्हें दूर करने का प्रयास भी किया जा रहा है। क्षेत्र की जनप्रतिनिधि चुनाव के समय नजर आते हैं और चुनाव बीतने के बाद लोगों की समस्याओं को नहीं सुनते हैं जिसका खामियाजा आगामी 2024 के चुनाव में उन्हें भुगतना पड़ेगा। मौके पर ग्रामीणों ने बड़ी-बड़ी से बिजली पानी सड़क ,आवास सहित कई प्रकार की मूलभूत समस्याओं को राखी जिन्हें दूर करने का आश्वासन दिया गया। इससे पूर्व ग्रामीणों ने पूर्व मंत्री का धूमधाम के साथ स्वागत किया मौके पर युवा जिला अध्यक्ष संदेश एक्का, प्रखंड अध्यक्ष सुगड़ जरिया, अनमोल टोपनो, गुलशन कुमार, गणेश केरकेट्टा, जिला सह सचिव अमन खेस, बलिराम सिंह के अलावा अनसेलेन जोजो, मार्टिन सुरीन, विजय जोजो, राजेश टेटे, समीर कंडुलना, अजय पहान सहित गांव के लोग उपस्थित थे।

विद्यालय में छात्र छात्रओं को कृमि नाशक दवा खिलाया गया

सेन्हा-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता): प्रखंड मुख्यालय स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर सेन्हा में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत स्कूल स्वास्थ्य एवं कल्याण कार्यक्रम के तहत 135 छात्र छात्रओं को बहनों को कृमि नाशक दवा एल्वेन्डाजोल टेबलेट खिलाया गया। वही विद्यलाय के प्रधानाचार्य बिमलेश कुमार तिवारी ने बच्चो को बताया कि विज्ञान के अनुसार बताया की कृमि पेट मे होने वाला नुकसान देह कीड़ा है। किसी का भी पेट मे कृमि होने से शरीर मे खून की होती है, जिसे भूख नही लगता है। और शरीर कमजोर हो जाता है। इस लिये स्वास्थ्य विभाग का निर्देश पर गाइडलाइन के अनुसार प्रत्येक वर्ष कृमि नाशक एडवेंडाजोल का दवा खाने चाहिये जिसे पेट मे कृमि न हो।

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com

चलते चलते एक नजर

उप्र की निलंबित एडीएम ज्योति मौर्य की याचिका पर दिल्ली हाई कोर्ट में सुनवाई आज

नई दिल्ली(प्रभात मंत्र संवाददाता): हाल के दिनों में चर्चा में रहीं

उत्तर प्रदेश की निलंबित एसडीएम ज्योति मौर्य ने अपने मामले की जल्द सुनवाई के लिए दिल्ली हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। दिल्ली हाई कोर्ट ज्योति मौर्य की याचिका पर 21 सितंबर को सुनवाई करेगा।ज्योति मौर्य ने याचिका में मुख्यधारा के मीडिया और सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर खुद को लेकर हो रही रिपोर्टिंग पर रोक लगाने की मांग की है। साथ ही मुख्यधारा के मीडिया के अलावा यू-ट्यूब, फेसबुक और इंस्टाग्राम जैसे सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर इस संबंध में मौजूद हर तरह सामग्री को हटाने का दिशा-निर्देश जारी करने की भी मांग की गई है। याचिका में समाचार चैनलों को याचिकाकर्ता के खिलाफ कोई भी सामग्री साझा न करने का निर्देश देने की मांग की गई है। याचिका में मांग की गई है कि मीडिया संस्थान अपना आंतरिक शिकायत निवारण तंत्र स्थापित करें। साथ ही ज्योति मौर्य से जुड़ी किसी भी प्रकार की कोई सामग्री, समाचार, गीत, वीडियो, फोटो या व्यक्तिगत जीवन से संबंधित विचारों को सार्वजनिक डोमेन में जारी करने से पूर्व सहमति सुनिश्चित करने का निर्देश जारी करने की मांग की गई है। उल्लेखनीय है कि ज्योति मौर्य के खिलाफ उनके पति आलोक मौर्य ने धोखा देने और भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगाए हैं। आलोक और ज्योति मौर्य की 2010 में शादी हुई थी। 2015 में यूपीपीएससी में एसडीएम के पद पर ज्योति मौर्य का चयन हो गया। उन्होंने एसडीएम के पद पर 16वीं रैंक हासिल की थी। आलोक मौर्य प्रतापगढ़ जिले के ग्राम पंचायत विभाग में चपरासी के पद पर कार्यरत हैं।

महाराष्ट्र के मंत्री को नक्सलियों ने दी जान से मारने की धमकी

मुंबई : महाराष्ट्र के मंत्री धर्मराव बाबा अत्राम को नक्सलियों ने जान

से मारने की धमकी दी है। गढ़चिरौली जिले के पुलिस अधीक्षक नीलोत्पल ने बताया कि धर्मराव अत्राम को धमकी मिलने के बाद उनके और उनके परिवार को जेड श्रेणी की सुरक्षा मुहैया करवा दी गई है। अत्राम राज्य के खाद्य एवं औषधि प्रशासन मंत्री हैं।गढ़चिरौली जिले के सूरजगढ़ में चल रहे लौह परियोजना को लेकर नक्सलियों में नाराजगी है। इसी वजह सोमवार को नक्सलियों ने गट्टा इलाके में पर्चा गिराकर धर्मराव अत्राम, उनके भाई और दामाद को जान से मारने की धमकी दी। पत्र में लिखा है कि पिछले दो साल से सूरजगढ़ स्थित लौह खदान में खनिजों का खनन चल रहा है। इसका नक्सली विरोध करते हैं। इसके लिए धर्मराव अत्राम जिम्मेदार हैं और उन्हें इसकी कीमत चुकानी होगी। यह पत्र वेस्ट सब जोनल ब्यूरो के श्रीनिवास के नाम पर है और इसमें अत्राम के दामाद, उनके भाई और कंपनी में काम करने वाले कुछ लोगों के नाम भी हैं। एक साल में तीसरी बार नक्सलियों ने अत्राम को धमकी दी है।पुलिस अधीक्षक नीलोत्पल ने बताया कि हम मंत्री धर्मराव अत्राम की सुरक्षा का पूरा ख्याल रख रहे हैं। फिलहाल उन्हें जेड श्रेणी की सुरक्षा मुहैया कराई गई है। हमने नक्सलियों के धमकी भरे पत्र के संबंध में जांच शुरू कर दी है। मंत्री अत्राम ने कहा कि कई वर्षों के इंतजार के बाद अब जिले में औद्योगिक विकास को बढ़ावा मिला है। सूरजगढ़ परियोजना ने हजारों हाथों को रोजगार दिया है। जिले का विकास ही मेरा लक्ष्य है, इसलिए वे ऐसी धमकियों पर ध्यान नहीं देते हैं।

मुठभेड़ में मारी गई महिला नक्सलियों की शिनाख्त पांच व दो लाख की इनामी के रूप में हुई

दंतेवाड़ा : जिले के अरनपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत दंतेवाड़ा-सुकमा सीमा के जंगल में बुधवार को हुई मुठभेड़ में जवानों ने दो महिला नक्सलियों को ढेर कर दिया है। बरामद एक महिला नक्सली के शव की शिनाख्त पांच लाख की इनामी मलांगिर एरिया कमेटी सदस्या/एरिया मिलिशिया कमाण्ड इन चीफ कुमारी लक्खे उर्फ जिलो माड़वी के रूप में हुई है। दूसरी महिला नक्सली की शिनाख्त दो लाख की इनामी प्लाटून 24 सदस्य नक्सली मंगली पदामी के रूप में की गई है। दोनों नक्सलियों के शव के साथ एक इंसास और 12 बोर के रायफल एवं विस्फोटक व अन्य सामग्री बरामद किया गया है। दंतेवाड़ा एसपी गौरव राय ने बताया गया कि मलांगिर एरिया कमेटी सदस्या लक्खे विगत कई वर्षों से एरिया मिलिशिया कमाण्ड इन चीफ के रूप में क्षेत्र में सक्रिय रहकर अनेक वारदातों में शामिल रहीं तथा उनके ऊपर थाना किरंदुल एवं अरनपुर में 06 से अधिक प्रकरण दर्ज हैं। एरिया कमेटी सदस्या लक्खे के ऊपर पूर्व से ही 05 लाख का इनाम घोषित है। मुठभेड़ में मारी गई दूसरी महिला नक्सली की शिनाख्त प्लाटून 24 सदस्य 02 लाख की इनामी नक्सली मंगली पदामी के रूप में की गई है।बस्तर आईजी सुन्दरराज पी. ने बताया कि जिला दंतेवाड़ा एवं सुकमा के सीमावर्ती क्षेत्र में विगत महिनों में दोनों जिलों के डीआरजी/ सीआरपीएफ/ कोबरा/ बस्तर फाईटर बल के टीमों द्वारा प्रभावी रूप से नक्सल विरोधी अभियान संचालित किया जाकर कई कैम्पों को ध्वस्त किया गया है। आज के अभियान के परिणाम से मलांगिर एरिया कमेटी सदस्या के मारे जाने से नक्सलियों को भारी क्षति हुई है। आने वाले दिनों में भी क्षेत्र में नियमित रूप से अभियान जारी रहेगा, ताकि जिला दंतेवाड़ा एवं सुकमा के सीमावर्ती क्षेत्र में नक्सली गतिविधि के ऊपर अंकुश लगाया जा सके।

महिला आरक्षण बिल पर लोकसभा में हुई चर्चा

एजेंसी

नई दिल्ली : महिला आरक्षण बिल पर सियासत तेज हो गई है.विपक्ष ने केंद्र पर निशाना साधा है. कांग्रेस ने बिल को मोदी का एक और स्टंट करार दिया,तो एआईएमआईएम चीफ असदुद्दीन ओवैसी ने कहा कि मुस्लिम महिलाओं के लिए कोटा न होना इसकी बड़ी खामी है. नई संसद में कार्यवाही के तीसरे दिन लोकसभा में बुधवार को महिला आरक्षण बिल पर चर्चा हुआ. सबसे पहले कानून मंत्री अर्जुन मेघवाल ने लोकसभा में बिल के प्रावधानों के बारे में सदन में जानकारी दी. इसके बाद कांग्रेस सांसद सोनिया गांधी ने ऐलान किया कि कांग्रेस महिला आरक्षण बिल का समर्थन करती है. हालांकि उन्होंने कहा कि जातिगत जनगणना कराकर एससी, एसटी और ओबीसी आरक्षण का प्रावधान इस बिल में किया जाए. इस पर जवाब देते हुए बीजेपी सांसद निशिकांत दुबे ने पूछा कि कांग्रेस ने निकाय चुनाव में ओबीसी को आरक्षण क्यों नहीं दिया था ?

चुनाव के चलते महिला आरक्षण विधेयक का श्रेय ले रही भाजपा : खड़गे

राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने बुधवार को कहा कि पहले ही राज्यसभा में 2010 में हमने (महिला आरक्षण बिल) पास किया है, लोकसभा में किसी कारण बिल पास नहीं हुआ। यह कोई नया विधेयक नहीं है... मेरा अंदाज़ा है कि ये लोग चुनाव की दृष्टि से ऐसा बोल रहे हैं, लेकिन इन्होंने कहा है जनगणना, परिसीमन होने के बाद सभी चीज़ों को ध्यान में रखते हुए इसे लागू किया जाएगा इसमें समय लगेगा, जो विधेयक राज्यसभा में पास हुआ था ये उसे आगे बढ़ा सकते थे लेकिन इनकी मंशा कुछ और है। हम महिला आरक्षण बिल के पक्ष में हैं लेकिन जो कमियां हैं उन्हें दुरुस्त करना चाहिए।

महिला आरक्षण विधेयक को लेकर बंद हो श्रेय लेने की होड़ : संजय राउत

शिवसेना (उद्धव ठाकरे गुट) के सांसद संजय राउत ने महिला आरक्षण विधेयक को लेकर कहा, ÷बिल पर श्रेय लेने की लड़ाई बंद होनी चाहिए। कल प्रधानमंत्री पुराने संसद भवन से पैदल चलकर नए संसद भवन में आए। इस देश की शुरूआत पैदल चलकर हो गई थी, गांधी जी पैदल चले, स्वतंत्रता संग्राम के कई नेता पैदल चले। राजीव गांधी पैदल चले, राहुल गांधी ने भारत जोड़ो यात्रा पैदल चल कर की। मैंने कल पहली बार प्रधानमंत्री को पैदल चलते देखा लेकिन इस प्रवास और प्रयास में कई चीज़े पुराने लोगों ने कर ली है। जिसमें महिला विधेयक, इसरो और बहुत कुछ है। ये देश का कार्य है, सरकार आपकी है आने वाले दिनों में किसी और की होगी। अगर आप महिलाओं की बात करते हैं तो श्रेय वाद की बात क्यों करते हैं?

टीएमसी ने किया समर्थन

टीएमसी सांसद काकोली घोष ने कहा कि हम इस बिल का समर्थन करते हैं. पश्चिम बंगाल देश का एकमात्र राज्य है, जहां महिला सीएम है. जबकि बीजेपी की 16 राज्यों में सरकार है, इसके बावजूद एक भी महिला मुख्यमंत्री नहीं है. लोकसभा में टीएमसी की 40त्न महिला सांसद हैं. ममता बनर्जी राज्य में महिलाओं को स्वास्थ्य, शिक्षा, प्रशासनिक सेवाओं के प्रति लगातार जागरूक कर रही हैं.

कांग्रेस के पास कोई मुद्दा ही नहीं : जावड़ेकर

भाजपा सांसद प्रकाश जावड़ेकर ने महिला आरक्षण विधेयक को लेकर कहा कि इस पर कोई सवाल ही नहीं है कि एक रिवॉल्यूशन बना है। 2010 में कांग्रेस पार्टी महिला आरक्षण बिल लेकर आई थी, भाजपा ने समर्थन भी किया था लेकिन लोकसभा में इस बिल को पास करने की उनकी हिम्मत नहीं थी। अभी जो मुद्दें उठ रहे हैं यह दर्शा रहा है कि कोई अन्य मुद्दा नहीं है।

महिला आरक्षण विधेयक भाजपा का चुनावी वादा है : कनिमोझी

डीएमके सांसद कनिमोझी ने कहा, मुझे महिला आरक्षण विधेयक के बारे में बोलते हुए खुशी हो रही है. हमने सोचा था कि यह विधेयक हम सभी के एक-दूसरे का समर्थन करने और एक साथ खड़े होने से पारित हो जाएगा. लेकिन दुर्भाग्य से, भाजपा ने इसे भी राजनीति के अवसर के रूप में लिया है. महिला आरक्षण विधेयक भाजपा का चुनावी वादा है. फिर भी, कई नेताओं को इस विधेयक को लाने और इसे पारित करने का आग्रह करना पड़ा.

कांग्रेस जब बिल लाई, तब ओबीसी के आरक्षण का जिक्र क्यों नहीं था : अनुप्रिया पेटल

केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पेटल ने कहा, विशेष सत्र में हम नए संसद भवन में प्रवेश कर चुके हैं. भारत सबसे बड़ी आबादी वाला देश है. इसमें से आधी आबादी महिलाओं की है. लेकिन लोकसभा और विधानसभा में महिलाओं की आबादी चिंताजनक है. सरकार के तमाम सर्वेक्षण बताते हैं कि महिलाओं की आबादी लोकसभा और विधानसभा में काफी है. इसलिए महिला आरक्षण समय की जरूरत है. यह दुख की बात है कि यूएई और न्यूजीलैंड जैसे देशों ने अपने लोकतंत्र में महिलाओं की आबादी 50त्न तक सुनिश्चित कर ली है. ऐसे में ये कदम उस दिशा में काफी अहम है. पंचायती राज में महिलाओं को भागीदारी मिली, तो महिलाओं ने ग्रामीण और शहरी क्षेत्र में महत्वपूर्ण काम करके दिखाया है. लोकतंत्र में महिलाओं को आगे लाना बहुत जरूरी है. ये बिल नया नहीं है, ये पुराना है. इसका इतिहास काफी पुराना है. सबसे पहले एचडी देवेगौड़ा की सरकार इसे लेकर आई थी. इसके बाद कई सरकारों ने प्रयास किया. 2003 में अटल जी की सरकार ने इसे लाने का प्रयास किया.

महुआ मोइत्रा ने ममता को मदर ऑफ बिल बताया: टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा ने ममता बनर्जी को मदर ऑफ बिल बताया. महुआ मोइत्रा ने कहा, ममता बनर्जी ने पहले से ही लोकसभा में महिलाओं को पर्याप्त जगह दी है, वे असल मायने में मदर ऑफ बिल हैं. मोइत्रा ने जल्द से जल्द कानून बनाने की मांग की. उन्होंने कहा, महिलाओं को बराबर का अधिकार मिलना चाहिए.

मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक ने विश्वनाथ मंदिर में की पूजा अर्चना

एजेंसी

वाराणसी : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 23 सितंबर को प्रस्तावित वाराणसी दौरे की तैयारियों का जायजा लेने बुधवार को शहर में आए उत्तर प्रदेश के मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र और डीजीपी विजय कुमार ने श्री काशी विश्वनाथ मंदिर में दर्शन पूजन किया। मंदिर के गर्भगृह में दोनों अधिकारियों ने बाबा का षोडशोपचार पूजन किया।पूजन अर्चन के बाद मुख्य सचिव ने मंदिर की व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी ली। मंदिर के मुख्य कार्यपालक अधिकारी सुनील वर्मा ने बताया कि दरबार में आने वाले दर्शनार्थियों की सुविधा के लिए दो दिन पूर्व ही एक आरोग्य केंद्र स्थापित किया गया है, जिसका उद्घाटन प्रदेश के मुख्यमंत्री ने किया। इसमें अब तक दो दिनों के अंदर लगभग 100 लोग चिकित्सकीय परामर्श ले चुके हैं। इसके अलावा भी इस आरोग्य केंद्र में प्राथमिक चिकित्सा की व्यवस्था कराई गई है। मंदिर की व्यवस्थाओं को जानने के बाद मुख्य सचिव और डीजीपी अपने गंतव्य को रवाना हो गए। इस दौरान जिलाधिकारी एस. राज लिंगम. पुलिस आयुक्त मुथा अशोक जैन. एसडीएम शंभू शरण, विशेष कार्य अधिकारी उमेश कुमार सिंह आदि भी मौजूद रहे।

सांसदों को दी गई संविधान की प्रति से धर्मनिरपेक्ष और समाजवादी शब्द गायब : अधीर रंजन चौधरी

एजेंसी

नई दिल्ली : लोकसभा में कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी ने बुधवार को दावा किया कि नए संसद भवन में जाने से पहले सांसदों को संविधान की जो नई प्रतियां सौंपी गई, उनकी प्रस्तावना में समाजवादी और धर्मनिरपेक्ष शब्द नहीं था। अधीर रंजन चौधरी ने कहा,संविधान की जो नई प्रतियां 19 सितंबर को हमें दी गई, उसकी प्रस्तावना में 'समाजवादी और धर्मनिरपेक्ष' शब्द नहीं है। यह प्रतियां हम अपने हाथों में लेकर नए संसद भवन में दाखिल हुए। हम जानते हैं कि यह शब्द साल 1976 में एक संशोधन के बाद जोड़े गए थे, लेकिन अगर आज कोई हमें संविधान देता है और उसमें ये शब्द नहीं हैं, तो यह चिंता का विषय है। उन्होंने कहा, सरकार की मंशा संदिग्ध है। यह बड़ी चतुराई से किया गया है। यह मेरे लिए चिंता का विषय है। मैंने इस मुद्दे को उठाने की कोशिश की लेकिन मुझे इस मुद्दे को उठाने का मौका नहीं मिला। बता दें कि तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी द्वारा लगाए गए आपातकाल के दौरान 1976 में संविधान के 42वें संशोधन के हिस्से के रूप में समाजवादी और धर्मनिरपेक्ष शब्द प्रस्तावना में जोड़े गए थे। अधीर चौधरी ने भारत के राष्ट्रपति के नाम पर भेजे गए जी20 रात्रिभोज के निमंत्रण पर उपजे विवाद का जिक्र करते हुए कहा था कि इंडिया और भारत में कोई अंतर नहीं है।चौधरी ने कहा,यह संविधान हमारे लिए गीता, कुरान और बाइबिल से कम नहीं है। अनुच्छेद 1 कहता है, इंडिया, जो भारत है, राज्यों का एक संघ होगा.इसका मतलब है कि भारत और इंडिया के बीच कोई अंतर नहीं है। बेहतर होगा कि कोई अनावश्यक रूप से दोनों के बीच दरार पैदा करने की कोशिश न करें।

संसदीय कार्य राज्य मंत्री ने दिया जवाब: संसदीय कार्य राज्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने अधीर रंजन चौधरी के बयान पर कहा,जब संविधान का मसौदा तैयार किया गया था, तो यह ऐसा था। बाद में एक संशोधन किया गया था। यह (जो सांसदों को दी गई है) मूल प्रति है। हमारे प्रवक्ता ने इसका जवाब दिया है।

सनातन धर्म पर डीएमके नेताओं के विवादित बयान पर सुप्रीम कोर्ट में एक और याचिका दायर

एजेंसी

नई दिल्ली : सनातन धर्म पर डीएमके के दो नेताओं उदयनिधि स्टालिन और ए. राजा के विवादित बयान पर उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग करते हुए सुप्रीम कोर्ट में एक और याचिका दायर की गई है। नई याचिका उत्तर प्रदेश के बदायूं निवासी हिमांशु कुमार ने दाखिल की है। इसके पहले चेन्नई के वकील बी. जगन्नाथ और दिल्ली के वकील नवीन जिंदल ने भी याचिका दायर की है। बी. जगन्नाथ की याचिका में मांग की गई है कि सनातन के खिलाफ कार्यक्रमों को असंवैधानिक करार दिया जाए। इन नेताओं की सीमा पार से फंडिंग की जांच हो। नवीन जिंदल की याचिका में दिल्ली पुलिस और तमिलनाडु पुलिस के खिलाफ हेट स्पीच पर सुप्रीम कोर्ट के दिशा-निर्देश का पालन नहीं करने पर अवमानना की कार्यवाही चलाने की मांग की गई है।

मुकेश अंबानी के घर बप्पा के दर्शन के लिए बॉलीवुड सितारों का लगा जमावड़ा

एजेंसी

मुंबई : गणेश चतुर्थी हर साल बड़े धूमधाम से मनाया जाता है। इस मौके पर फिल्म इंडस्ट्री के कई कलाकारों के साथ-साथ कई उद्योगपति भी अपने घरों में गणपति की स्थापना करते हैं। हर साल की तरह इस साल भी उद्योगपति मुकेश अंबानी ने अपने घर गणपति बप्पा का आगमन हुआ।पहले दिन अंबानी के घर गणराया के दर्शन के लिए बॉलीवुड हस्तियां शामिल हुईं। किंग खान अंबानी परिवार के घर बप्पा के दर्शन करने पहुंचे। इस मौके पर शाहरुख के बेटे अबराम, बेटी सुहाना खान, पत्नी गौरी खान और गौरी की मां सविता छिब्बर भी मौजूद रहीं। काफी दिनों बाद शाहरुख अपने परिवार के साथ किसी समारोह में शामिल हुए और मीडिया के सामने तस्वीरें भी खिंचवाईं। शाहरुख के साथ सलमान भी अंबानी के घर दर्शन के लिए पहुंचे। सलमान का लुक काफी चर्चा में रहा। हालांकि आमिर खान खुद तो मौजूद नहीं थे लेकिन उनके बेटे जुनैद और बेटी आयरा ने गणपति के दर्शन किए। इसके साथ ही देखा गया कि सारा अली खान और इब्राहिम खान भी बप्पा के दर्शन के लिए पहुंचे। इसके साथ ही 'जवान' फेम नयनतारा अपने पति विग्नेश के साथ नजर आई, तो वहीं दीपिका पादुकोण और रणवीर सिंह की जोड़ी ने अलग ही धमाल मचाया। इसके साथ ही अजय देवगन, रोहित शेट्टी, रेखा, आलिया भट्ट, करण जौहर, सिद्धार्थ मल्होत्रा और कियारा आडवाणी, विक्की कौशल, अयान मुखर्जी, ऐश्वर्या राय, रवीना टंडन, शाहिद कपूर, अर्जुन कपूर, रीतेश देशमुख, राजकुमार राव, माधुरी दीक्षित, श्रृद्धा कपूर, जान्हवी कपूर, अनन्या पांडे, चंकी पांडेय, दिशा पटनी, क्रिकेटर हार्दिक पंड्या और उनके भाई और पूरा बॉलीवुड मुकेश अंबानी के घर गणपति बप्पा के दर्शन के लिए मौजूद थे।

महिलाओं के सम्मान का प्रतीक है महिला आरक्षण बिल : प्रथम महापौर

प्रभात मंत्र संवाददाता

मेदिनीनगर : प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने गणेश चतुर्थी के दिन महिला आरक्षण बिल लाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बधाई और नमन करते हुए चैनपुर में हिंदू एकता दल द्वारा स्थापित श्री गणेश जी की आरती में सम्मिलित होकर महिलाओं के हित में इस ऐतिहासिक फैसले के लिए सबों को बधाई दी। श्रीमती शंकर ने कहा कि इस बिल का चर्चा तो हमेशा होता रहा। लेकिन हिम्मत हमारे प्रधानमंत्री ने दिखाई और एक ऐतिहासिक फैसला कर डाला। इस बिल के आने से महिलाओं को जहां समाज में सम्मान एव भागीदारी सुनिश्चित होगी वही ससद एवं विधानसभा में महिला हित एवं सुरक्षा की बात बुलंद होगी। प्रथम महापौर ने कहा कि प्रधानमंत्री ने गणेश चतुर्दशी के दिन नई संसद भवन में आधी आबादी के लिए प्रथम बिल लाकर महिलाओं के उज्जवल भविष्य का श्री गणेश कर एक इतिहास रच दिया। जिसे युग युग तक याद किया जाएगा। संध्या आरती के इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष चंदू गुप्ता, विजय प्रमुख, आकाश, विकास, सागर, विवेक ,रितेश फंटूश एवं कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

संसद की तर्ज पर बनेगा यूपी का नया विधान भवन

एजेंसी

लखनऊ : उत्तर प्रदेश के लखनऊ में नई संसद भवन की तर्ज पर नए विधानभवन निर्माण की योजना पर सरगर्मी तेज हो गई है। नए विधानभवन के निर्माण के लिए अब तक जमीन को लेकर सहमति नहीं बन पाई थी। पहले से कहा था कि यूपी के पुराने विधानभवन के कैंपस में ही नए भवन का निर्माण कराया जा सकता है। लेकिन, अब जो जानकारी सामने आ रही है, उसके अनुसार नए विधानभवन का निर्माण पुराने भवन से करीब एक किलोमीटर दूर दारुलशफा इलाके में कराया जा सकता है।दारुलशफा को यूपी के विधायकों के आवास के लिए जाना जाता है। ऐसे में यहां पर नए विधानभवन का निर्माण होने से इलाके की रौनक और बढ़ेगी। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती 25 दिसंबर को यूपी के नए विधानभवन की आधारशिला रखी जा सकती है। इसका निर्माण कार्य वर्ष 2027 तक पूराने का लक्ष्य रखा गया है। योगी सरकार वर्तमान विधानसभा का कम से कम एक सत्र नए विधानभवन में आयोजित कराने की योजना पर काम कर रही है। इस योजना पर कुल 3000 करोड़ रुपये खर्च आने का अनुमान जताया गया है।

तीन मार्च को हुई थी घोषणा: यूपी विधानसभा में अध्यक्ष सतीश महाना की ओर से इस साल 3 मार्च को नए विधानभवन के निर्माण की योजना की घोषणा की गई थी। उन्होंने कहा था कि 18वीं विधानसभा के सदस्यों को नई विधानसभा में बैठने का मौका मिलेगा। हजरतगंज इलाके में निर्मित पुराने विधानभवन में जगह की कमी का मामला लगातार उठता रहा है। यह भवन काफी पुराना हो चुका है। बढ़ती जरूरतों को यहां पर पूरा किया जाना संभव नहीं हो रहा है। जिस प्रकार से राष्ट्रीय स्तर पर 2026-27 में नया परिसीमन की चर्चा चल रही है। इसके बाद लोकसभा और राज्यसभा की सदस्यों की संख्या में इजाफा होगा।

आधुनिक सुविधाओं से होगा लैस: यूपी का नया विधानभवन आधुनिक सुविधाओं से लैस होगा। नए विधानभवन को ईको फ्रेंडली, भूकंपरोधी, फायर सेफ्टी से लैस बनाया जाएगा। विधानसभा और विधान परिषद को नए आकार में रखा जाएगा। इसके अलावा ज्वाइंट सेशन के लिए सेंट्रल हॉल जैसी व्यवस्था तैयार की जाएगी। इसके अलावा विधानसभा की समितियों के कार्यालयों का भी यहीं निर्माण होगा। विधायक और विधान परिषद के सदस्यों को बैठने के लिए विशेष इंतजाम होंगे। वर्तमान विधानभवन अंग्रेजी आर्ट को प्रदर्शित करता है। नए विधानभवन में अवधी स्थापत्य कला के नमूने को जीवंत करने की तैयारी की जा रही है।

बाबूलाल मरांडी के संकल्प यात्रा का पांचवां चरण शुरू

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची : भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने संकल्प यात्रा के पांचवें चरण की शुरुआत बुधवार को सिसई विधानसभा क्षेत्र की जनसभा से की। मरांडी ने जनसभा को संबोधित करते हुए राज्य सरकार को कटघरे में खड़ा किया। उन्होंने हेमंत सरकार को अपराध, लूट, भ्रष्टाचार का संरक्षक बताया। साथ ही कहा कि हेमंत सरकार से विकास की उम्मीद बेमानी है। इसे उखाड़ कर फेंके बिना राज्य को भ्रष्टाचार मुक्त और विकास युक्त नहीं बनाया जा सकता। उन्होंने कहा कि केंद्र की नरेन्द्र मोदी सरकार गांव, गरीब, किसान, मजदूर, महिला, युवा के विकास के लिए संकल्पित है। नए

संसद भवन को मोदी ने नारी शक्ति के वंदन एवं उनके सशक्तिकरण को समर्पित किया। बिल के माध्यम से लोकसभा एवं विधानसभाओं में महिलाओं के 33 प्रतिशत सीट आरक्षित होने से नारी शक्ति की अपार ऊर्जा संसदीय प्रणाली से जुड़कर देश की प्रगति में अग्रणी भूमिका निभायेगी। उन्होंने कहा इसके पूर्व भी शौचालय निर्माण, स्वच्छता अभियान, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान, तीन तलाक की समाप्ति जैसे अनेक महत्वपूर्ण कदमों से मोदी सरकार ने नारी सशक्तिकरण की दिशा में कीर्तिमान स्थापित किए हैं। मरांडी ने कहा कि दूसरी तरफ राज्य की हेमंत सरकार ने राज्य को लूट, अपराध और भ्रष्टाचार का केंद्र बना दिया है। राज्य में रोज हत्या, अपहरण, डकैती की घटनाएं हो रही हैं। व्यवसायी वर्ग दहशत में हैं। बहन-बेटियों की इज्जत घरों में भी सुरक्षित नहीं। ऐसे में पुलिस अपराधियों को दंडित करने में नहीं, बल्कि अपराधियों को बचाने में लगी है। पुलिस का काम अब केवल वसूली करना रह गया है। उन्होंने कहा कि राज्य में खान खनिज ,पत्थर बालू ,जमीन और गरीबों के अनाज लूटे जा रहे। मुख्यमंत्री लुटेरों के सरगना बन गए हैं। महाजन प्रथा का विरोध करते करते मुख्यमंत्री का परिवार आज सबसे बड़ा महाजन बन गया। उन्होंने कहा कि गैर मजरूआ जमीन को दलाल बिचौलिए बेच रहे और आदिवासी विधवा का प्रधानमंत्री आवास को पदाधिकारी बुलडोजर से तुड़वा रहे और मुख्यमंत्री मौन साधे बैठे रहे। उन्होंने कहा कि भाजपा की सभी सरकारों ने राज्य के विकास के लिए काम किए। सड़क, बिजली, पानी, शिक्षा, चिकित्सा संबंधी कार्य हुए। आज यह सरकार सड़क की मरम्मत नहीं करा पा रही।